**बातचीत आगे बढ़ाएं ।** ईरान ने आशंका जताई है कि अमेरिका और इस्राइल युद्ध शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, डॉनल्ड ट्रंप अपने सुरक्षा सलाहकारों के साथ एक अहम बैठक करने वाले हैं। ऊपर से उनकी धमकियां भी जारी हैं। इस तरह से तो समाधान नहीं निकल सकता। जिन बिंदुओं पर गतिरोध है, उन्हें फिलहाल एक तरफ करके आगे बढ़ा जा सकता है। 40 दिनों की जंग के बाद दोनों पक्षों में इतनी समझ तो आ ही गई थी कि लड़ाई किसी समस्या का समाधान नहीं है।

**होर्मुज से हटे नाकाबंदी ।** इस समय की सबसे बड़ी जरूरत है कि एक-दूसरे के यहां बार-बार समझौता प्रस्ताव भेजने और रिजेक्ट करने से ज्यादा दोनों पक्ष बातचीत शुरू करने पर ध्यान दें। साथ ही होर्मुज स्ट्रेट से नाकेबंदी हटे और जहाजों की आवाजाही शुरू हो। ईरान की सुप्रीम नैशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने होर्मुज को मैनेज करने के लिए एक नई बॉडी बनाने की घोषणा की है। हालांकि इस संकरे समुद्री रास्ते पर नियंत्रण की किसी भी तरह की कोशिश से टकराव और बढ़ेगा। यह अंतरराष्ट्रीय मैरीटाइम नियमों के भी खिलाफ होगा। और इसकी सबसे ज्यादा कीमत गरीब और विकासशील देशों को चुकानी पड़ेगी, जहां पहले से ही तेल-गैस के दामों में तेजी ने महंगाई बढ़ा रखी है।

सीमा पर भारी तैनाती आर्थिक-सामरिक रूप से बोझ, सुलह भारत के हित में

# चीन के साथ सीमा विवाद सुलझाना होगा



रंजीत कुमार

**छह साल** पहले, मई 2020 में चीन ने पूर्वी लद्दाख की सीमाओं पर घुसपैठ की थी। भारत के सैनिक दबाव की वजह से उसे वास्तविक नियंत्रण रेखा तक वापस लौटना पड़ा। हालांकि आज भी वहां 50 हजार से अधिक भारतीय सैनिक तैनात हैं, क्योंकि चीन ने अपने सैनिकों को वापस नहीं बुलाया है। इसकी वजह से भारत को हर साल एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक खर्च करने पड़ रहे हैं।

**भारत पर दबाव ।** चीन भी समझता है कि सीमाओं पर फौज का स्थायी ठिकाना नहीं हो सकता। लेकिन, उसने सैनिकों की वापसी से इनकार कर भारत पर दबाव बढ़ा दिया है। आर्थिक रूप से भी चीन पर भारत की निर्भरता काफी बढ़ गई है। इस स्थिति से हम तभी निपट सकते हैं, जब सीमा मसले का हल निकल जाए।

**कठोर रुख ।** अब वक्त आ गया है, जब पेइचिंग के साथ राजनीतिक स्तर पर दो टूक बातचीत की जाए। हालांकि चुनौती यह है कि 1962 के युद्ध से पहले चीन ने जो प्रस्ताव भारत को दिए थे, आज वह उनसे कहीं अधिक कठोर रुख अपना चुका है। ऐसे में सीमा विवाद का समाधान पहले की तुलना में अधिक जटिल हो गया है। इसके बावजूद यदि भारत गंभीरता दिखाए, तो संभव है कि बातचीत को 1959 के पुराने प्रस्तावों के आधार तक वापस लाया जा सके।

AI Image




**व्यापक चर्चा ।** पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे के इस सुझाव पर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा होनी चाहिए कि क्या भारत को सीमा विवाद के समाधान के लिए 1959 में चीन द्वारा दिए गए प्रस्तावों के आधार पर बातचीत करनी चाहिए। सरकार को इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों से भी विचार-विमर्श करना चाहिए, ताकि जब चीन के साथ कोई समझौता हो, तो पूरा देश एक दिखाई पड़े।

**चीनी प्रस्ताव ।** 1959 में चीन के तत्कालीन प्रधानमंत्री Zhou Enlai ने प्रस्ताव दिया था कि अरुणाचल प्रदेश (तब नेफा) पर अपना अधिकार बनाए रखने के बदले भारत को चीन के कब्जे वाले अक्साई चिन से दावा छोड़ना पड़ेगा। पूर्व सेनाध्यक्ष का इस प्रस्ताव पर विचार की बात कहना कई लोगों को चौंका सकता है।

**नेहरू का सुझाव ।** अक्साई चिन पर चीन के कब्जे और वहां से तिब्बत तक सड़क निर्माण का मुद्दा जब सामने आया था, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को भी विपक्ष के तीखे आरोपों का सामना करना पड़ा था। नेहरू ने तब कहा था कि अक्साई चिन एक निर्जन और बर्फीला इलाका है, जहां घास का एक तिनका भी नहीं उगता। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया था कि यदि चीन को अक्साई चिन सौंप दिया गया, तो वह प्रधानमंत्री पद पर बने नहीं रह सकते। इसी वजह से नेहरू ने बीच का रास्ता सुझाया था कि अक्साई चिन तो भारत का रहेगा, पर चीन अपने बनाए रास्ते का इस्तेमाल कर सकता है।

**रिश्ते सुधारने की जरूरत**



- 1959 के प्रस्तावों को चीन के समक्ष रख सकता है भारत
- अक्साई चिन पर दोनों देशों की तरफ से आए थे सुझाव
- बदलती विश्व व्यवस्था में पेइचिंग के साथ रिश्ते सामान्य हों

**कम्युनिस्ट कब्जा ।** करीब 38 हजार वर्ग किमी में फैला अक्साई चिन सालभर बर्फ से ढका रहता है। यहां मानवीय बसावट की कोई संभावना नहीं थी, इसलिए प्रशासनिक व्यवस्था की जरूरत महसूस नहीं हुई। तत्कालीन जम्मू-कश्मीर रियासत ने भी इस इलाके को अशासित ही छोड़ दिया था और आजाद भारत की नई सरकार ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। इस स्थिति का फायदा उठाकर 1949 में नए चीन की स्थापना के बाद कम्युनिस्ट नेतृत्व ने सबसे पहले तिब्बत, अक्साई चिन और ईस्ट तुर्किस्तान जैसे क्षेत्रों पर नियंत्रण मजबूत करने के लिए सेना भेजी। चीन का दावा है कि इस क्षेत्र पर 17वीं सदी से उसके छिंग साम्राज्य का प्रभुत्व रहा है।

**विवादित दावा ।** ऐतिहासिक घटनाक्रमों पर नजर डालें तो साफ होता है कि 20वीं सदी के मध्य तक अक्साई चिन के इलाके पर ब्रिटिश भारत या चीन, किसी का भौतिक कब्जा नहीं रहा। 1949 के पहले यह इलाका दो तत्कालीन स्वतंत्र देशों, तिब्बत और ईस्ट तुर्किस्तान से लगा था। कम्युनिस्ट शासन आने के बाद उइगर मुस्लिम बहुल इस इलाके पर कब्जा जमाकर चीनी नाम Xinjiang रखा गया।

**समय की मांग ।** चीन से लगती सीमाओं की रक्षा की मजबूरियों और इससे देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे असर को जनरल नरवणे बेहतर समझते हैं, इसलिए उनके प्रस्ताव को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था और सामरिक समीकरणों में हो रहे बदलावों को देखते हुए भारत को अपने दीर्घकालिक हितों के आधार पर इस मुद्दे पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है। पश्चिम एशिया संकट ने जरूरत बढ़ा दी है कि चीन के साथ रिश्तों को सामान्य करने के लिए भारत गंभीर वार्ता करे।

*(लेखक सामरिक और विदेश मामलों के जानकार हैं)*

## कांटे की बात

पुलिस कर्मी घायल होंगे और गृह मंत्री एसी रूम में बैठकर देखते रहेंगे, ऐसे दिन भूल जाइए। उपद्रवियों को ये संदेश जाना चाहिए कि यह सरकार कार्रवाई करेगी। पत्थरबाजी करना और धार्मिक नारों के साथ गुंडागर्दी बंगाल में नहीं चलेगी।



-शुभेंदु अधिकारी, *पश्चिम बंगाल के सीएम*

## AI की दुनिया

# महंगाई मार रही! ChatGPT देगा बचत का फंडा

*OpenAI ने ChatGPT में नया फीचर 'पर्सनल फाइनैंस एक्सपीरियंस' शुरू किया है। इसकी मदद से यूजर अपने बैंक अकाउंट, क्रेडिट कार्ड, निवेश और खर्चों की जानकारी सीधे ChatGPT से जोड़ सकेंगे। नया फीचर यह समझने में मदद करेगा कि यूजर का पैसा कहां खर्च हो रहा और कैसे बचत की योजना बनानी चाहिए।*

Ai Image



**अब पाई-पाई का हिसाब रखेगा सिस्टम**

**यूजर अपने** फाइनैंशल अकाउंट्स को Plaid नाम की सुरक्षित सेवा के जरिए जोड़ सकेंगे। OpenAI के मुताबिक, 12 हजार से ज्यादा वित्तीय संस्थानों को सपोर्ट दिया जा रहा है। अकाउंट कनेक्ट होने पर ChatGPT एक डैशबोर्ड दिखाएगा, जिसमें खर्च, निवेश, सब्सक्रिप्शन की जानकारी नजर आएगी।

**प्राइवेसी और सेफ्टी का इंतजाम**

**यूजर ChatGPT** से सवाल भी पूछ सकेंगे। जैसे, कोई पूछ सकता है कि कार खरीदने के लिए कितनी बचत करनी होगी। कंपनी का प्राइवेसी पर जोर है। ChatGPT सिर्फ जरूरी जानकारी देखेगा। उसे पूरा बैंक अकाउंट नंबर पता नहीं चलेगा और न ही किसी तरह का लेनदेन कर सकेगा। यूजर कभी भी अकाउंट डिस्कनेक्ट कर सकते हैं।

*-प्रदीप तिवारी*

**जनता जंक्शन** इरफ़ान




## ऐवें कुछ भी


# हाल-ए-दिल्ली



आलोक सिंह भदौरिया

**घर के** दरवाजे पर ऑटो रुका, मैं सामान लेकर उतरा। इससे पहले कि डोर बेल दबाता, पीछे से आवाज आई, लौट आए? पलटकर देखा, मुगलेआजम के पोज में इंजीनियर साहब खड़े थे। मन हुआ हम भी शहजादे सलीम के अंदाज में जवाब दें। फिर सोचा 45 डिग्री की धूप में पारसी थिएटर करने का यह सही समय नहीं है। कहीं इंजीनियर साहब भावुक हो गए तो लू लग जाएगी। इसलिए संक्षेप में कह दिया, जी।

10 दिन बाद दिल्ली से लौटा हूं। गेट खोलकर बैग अंदर रखने लगा, पीछे मुड़कर देखा, इंजीनियर साहब मेरा सूटकेस लेकर अंदर दाखिल हो गए। मैं रोकता उससे पहले ही कुर्सी खींचकर बैठ गए। बोले, पता चला दिल्ली गए थे। इतने में पत्नी जी ठंडा पानी ले आईं, मैं हाथ बढ़ाता उससे पहले ही इंजीनियर साहब एक सांस में पी गए। आशीर्वाद देने के अंदाज में बोले, इसमें रुह अफजा होता तो आनंद ही आ जाता।



अब इंजीनियर साहब हमसे हमारा हाल पूछने लगे, बोले- कैसी है हमारी दिल्ली? गोया कि इंजीनियर साहब की जगह बहादुर शाह जफर अपने वतन की याद कर रहे हों। असल में इंजीनियर साहब दिल्ली में दूरसंचार विभाग में काम करते थे। वहीं से रिटायर होकर लखनऊ में अपने इकलौते बेटे-बहू के साथ रहने आए हैं।

फिर आंखों में दर्द भरकर बोले, 'आप तो थे नहीं, बगल वालों के डॉगी टायसन ने हमें दौड़ा लिया एक दिन। एक दिन बहुत बारिश हुई तो वहां नीम के पेड़ के नीचे गड्ढे में पैर मुड़ गया।' कुल मिलाकर मेरे यहां न रहने के दौरान क्या-क्या हुआ सब तफसील से बताया गया। मेरा मन पिघल गया। शहरों में अपने बहू-बेटों के पास रहने आए बुजुर्गों के अकेलेपन की घुटन और संवादहीनता की त्रासदी इंजीनियर साहब के रूप में साकार थी। इतने में पत्नी उनके लिए रुह अफजा ले आईं, उन्होंने गिलास जबरन मेरे मुंह से लगा दिया, बोले, गर्मी से आए हो तुम्हें ज्यादा जरूरत है और गेट खोलकर चले गए।

## बोल वचन

दिलीप लाल

# लकड़ी का गुटका

**'गुटका ' शब्द** संस्कृत के गुटिका से आया है। इसका अर्थ है छोटी गोली, गोल-गोल कंकड़ या पत्थर, सूत या कपड़े से बना गोला। आज के समय में ज्यादातर लोग इस शब्द को 'गुटखा' यानी तंबाकू से बने पान मसाले से जोड़ते हैं। भाषा के संसार में 'गुटका' एक ऐसा शब्द है जिसने समय, समाज के हिसाब से अपनी पहचान बनाई। इसका अर्थ छोटी, पॉकेट साइज पुस्तक से भी है। सिख धर्म में प्रसिद्ध 'गुटका साहिब' ऐसी ही प्रार्थना-पुस्तिका है, जिसमें गुरुबाणी संकलित रहती है। इसी प्रकार 'गुटका रामायण' या 'गुटका गीता' छोटे आकार में छपी धार्मिक पुस्तकों के रूप में लोकप्रिय हैं, जिन्हें लोग यात्रा में भी सहज साथ रख सकते हैं। पुराने शब्दकोशों में 'गुटका' का अर्थ छोटा गोला, लकड़ी का छोटा टुकड़ा, यहां तक कि रेशम के कोये और मोती तक बताए गए हैं। ग्रामीण बोलियों में यह किसी छोटी गोल वस्तु या टिकिया के लिए भी प्रयुक्त होता है। कुछ इलाकों में छोटे-छोटे आलू की मसालेदार सब्जी को 'आलू के गुटके' कहते हैं। ढोलक बजाने में छोटी मात्राओं के बोल को कुछ लोग गुटका लगाना कहते हैं। ग्रामीण जीवन में छोटी चीजों के लिए गुटका शब्द का इस्तेमाल होता है।

AI Image



# क्वांटम AI बदलेगा आपकी ज़िंदगी



प्रदीप

**कल्पना कीजिए,** आप अपने मोबाइल पर मौसम का हाल जानने के लिए एक ऐप खोलते हैं जो न सिर्फ यह बताता है कि आज बारिश होगी या नहीं, बल्कि यह भी जानकारी देता है कि किस गली में ज्यादा बारिश होगी, किसमें कम, ट्रैफिक कब बिगड़ेगा? सुनने में यह साइंस फिक्शन लगता है क्योंकि मौसम जैसी जटिल प्रणालियों की एकदम सही भविष्यवाणी कर पाना तमाम तकनीक के बावजूद आज भी टेढ़ी खीर है। मगर, क्वांटम कंप्यूटिंग के साथ AI के समन्वय से कई ऐसे काम संभव हो सकेंगे जो आज कठिन लगते हैं।

**गुत्थियों के हल ।** हाल ही में यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (UCL) के वैज्ञानिकों ने स्टडी में बताया कि क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) का मेल ऐसी जटिल प्रणालियों की भविष्यवाणियों को ज्यादा सटीक, स्थिर और कुशल बना सकता है, जिन्हें 'केओटिक' कहा जाता है। केओटिक यानी वे सिस्टम जिनमें बहुत छोटे-से भी बदलाव आगे चलकर बड़े और अनिश्चित परिणाम पैदा करते हैं, जैसे मौसम। सार्वजनिक स्वास्थ्य, कृषि, आपदा प्रबंधन, परिवहन, शेयर मार्केट और ऊर्जा उत्पादन जैसे क्षेत्रों में भी सटीक और समय पर की गई भविष्यवाणियां निर्णयों और नतीजों पर सीधा असर डालती हैं।

## कॉमन रूम

AI Image



**कृषि से लेकर इलाज तक ।** सोचिए, अगर किसानों को पहले से यह पता चल जाए कि अगले हफ्ते बारिश कब होगी, गर्मी कितनी बढ़ेगी या ओलावृष्टि का खतरा है, तो वे अपनी फसल बचाने के लिए पहले ही तैयारी कर सकते हैं। इससे पानी, खाद और बिजली की भी बचत होगी। आज नई दवाएं बनाने में कई साल लग जाते हैं। वैज्ञानिकों को शरीर के भीतर होने वाली लाखों जटिल प्रक्रियाओं को समझना पड़ता है।

**आपदा प्रबंधन ।** क्वांटम कंप्यूटिंग-AI के मेल से इन प्रक्रियाओं में तेजी आएगी और इलाज खोजने की रफ्तार तेज होगी। साथ ही, डॉक्टर मरीज की बीमारी का अंदाजा पहले ही लगा पाएंगे। यह टेक्नॉलजी आपदा प्रबंधन में भी अहम भूमिका निभा सकती है। बाढ़, चक्रवात या जंगल की आग जैसी घटनाओं का पहले से सटीक अनुमान मिलने पर जान-माल का नुकसान होने से बचेगा। इसी तरह, यह शहरी ट्रैफिक के प्रबंधन, बिजली की खपत को नियंत्रित करने और ऊर्जा बचाने में भी बेहद मददगार साबित हो सकती है।

**क्रांतिकारी बदलाव ।** दरअसल, क्वांटम कंप्यूटिंग की खासियत यह है कि वह बहुत सारी जानकारी को एक साथ प्रोसेस करने की क्षमता रखता है। जबकि, AI उस जानकारी से पैटर्न पहचानने और नतीजे निकालने में माहिर है। इन दोनों का मेल ऐसा है जैसे किसी तेज दिमाग को एक बेहद शक्तिशाली इंजन मिल जाए। यही वजह है कि दुनिया की बड़ी टेक कंपनियां और सरकारें इस क्षेत्र में अरबों डॉलर निवेश कर रही हैं। हालांकि अभी यह शुरुआती दौर में है। क्वांटम कंप्यूटर बेहद महंगे हैं, लिहाजा आम लोगों तक इसका फायदा पहुंचने में वक्त लगेगा।

# पाकिस्तान पर बदल रही संघ की सोच!

पूनम पाण्डे

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने कुछ दिन पहले एक इंटरव्यू में पाकिस्तान को लेकर कहा कि बातचीत के लिए हमेशा एक रास्ता खुला रहना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की आम जनता और गैर-सरकारी लोग शांति व संवाद के लिए पहल करें। नागरिक समाज के रिश्ते बहुत अहम होते हैं। हमारे सांस्कृतिक संबंध भी हैं। हम कभी एक ही देश का हिस्सा रहे हैं। इसलिए कम से कम कुछ लोगों को इन बातों पर जोर देते रहना चाहिए। होसबोले के बयान पर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रिया आई।

विशुद्ध राजनीति कसौटी

## अखंड भारत का सपना

क्या संघ के विचार बदल रहे हैं? RSS के एक सीनियर प्रचारक से जब यही पूछा तो उन्होंने कहा कि होसबोले ने नागरिक समाज की बात की है और उसे उसी रूप में देखना चाहिए। वैसे, संघ कई बार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास कर चुका है। संघ की तरफ से कई मौकों पर अखंड भारत की बात भी होती रही है। पिछले साल ही RSS प्रमुख मोहन भागवत ने पाकिस्तान को भारत के घर के एक कमरे की तरह बताया और कहा कि इस पर फिर से डेरा डालना है। साथ ही कहा कि वह पाकिस्तान नहीं, अविभाजित भारत है। संघ प्रमुख ने कुछ साल पहले एक कार्यक्रम में कहा था कि परिस्थितियां अब ऐसी करवट ले रही हैं, जो भारत से अलग हुए हैं, उनको लगने लगा है कि गलती हो गई, हमको फिर से भारत में होना चाहिए। तब उन्होंने कहा था कि 20-25 साल में तो अखंड भारत बन जाएगा, लेकिन हम कोशिश करेंगे तो 15 साल में भी ऐसा हो सकता है।



## सोशल मीडिया पूछ रहा सवाल

वैसे, होसबोले के बयान पर जिस तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, उससे साफ है कि हमारे राजनेताओं को 'सिर्फ विरोध करना है' के सिंड्रोम से बाहर निकलना चाहिए। कांग्रेस ने अटैक करते हुए कहा कि RSS का पाकिस्तान प्रेम फिर सामने है। सवाल यह है कि शांति कौन नहीं चाहता, युद्ध किसे पसंद है? हां...हथियार बेचकर मुनाफा कमाने वाले जरूर जंग का आसरा लगाए रहते हैं।

सोशल मीडिया पर लोग यह भी लिख रहे हैं कि अगर यही बात संघ महासचिव के अलावा किसी और ने कही होती तो उसे कुछ लोग देशविरोधी घोषित कर देते। लोगों की इस बात में दम तो है, लेकिन अगर अमन की बात की जा रही है, तो उससे सुनने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए।

## युद्ध सबसे आखिरी विकल्प

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी कई लोग युद्धोन्माद फैला रहे थे जबकि खुद कई युद्ध देख चुके तमाम रिटायर्ड मिलिट्री ऑफिसरों का कहना था कि जंग को ग्लैमराइज नहीं करना चाहिए और युद्ध हमेशा आखिरी विकल्प होता है। लड़ाई किसी के हित में नहीं होती। करगिल विजय दिवस में महाराष्ट्र के बीड जिले की प्राजक्ता मिली थीं। वह जब केवल 14 महीने की थीं, तब उनके पिता ने देश के लिए प्राणों की आहुति दे दी। प्राजक्ता ने कहा था, 'एक शहीद के परिवार को तो लगता है कि युद्ध होना ही नहीं चाहिए। करगिल की लड़ाई खत्म हो गई, पर हमारे लिए वह आज भी चल रही है।'

# क्षमा दूसरों पर उपकार नहीं स्वयं को दिया गया उपहार है

स्वामी मुकुंदानंद

**हम सभी** जीवन में कभी न कभी ऐसी भावनात्मक चोटों से गुजरते हैं जिन्हें भुला पाना आसान नहीं होता। किसी अपने का छल, उसके कटु वचन, या उससे विश्वास टूटने को झेला होगा। ऐसी घटनाएं मन में कड़वाहट और पीड़ा भर देती हैं। शुरुआत में इस तरह की पीड़ा से समझौता कर लेते हैं और यह कम लगती है, पर लंबे समय तक उसे पकड़े रखना धीरे-धीरे विष बन जाता है। क्षमा ही उस विष से मुक्ति का मार्ग है।

यहूदी नरसंहार से बचे दो लोगों की एक बातचीत इस सत्य को उजागर करती है। एक ने पूछा, 'क्या तुमने उन्हें क्षमा कर दिया?' दूसरे ने कहा, 'हां, मैं उस पीड़ा से आगे बढ़ चुका हूं।' पहला बोला, 'मैं अब भी प्रतिशोध में जल रहा हूं।' तब दूसरे ने उत्तर दिया, 'तो तुम अब भी उनकी जेल में कैद हो।' यही क्षमा न करने का विरोधाभास है। हम सोचते हैं कि हम दोषी को दंड दे रहे हैं, जबकि वास्तव में स्वयं को ही पीड़ा की बेड़ियों में बांधे रखते हैं। इसलिए कहा गया है, 'बैर पालना ऐसा है जैसे विष पीकर दूसरे की मृत्यु की कामना करना।' क्षमा दूसरों पर उपकार नहीं, स्वयं को दिया गया उपहार है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें

www.speakingtree.nbt.in

भगवद्गीता में श्रीकृष्ण क्षमा को दैवी गुण बताते हैं। महाभारत में द्रौपदी इसका अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। अपने पुत्रों की हत्या के बाद भी उन्होंने अश्वत्थामा की माता के दुख की कल्पना कर उसे क्षमा कर दिया। यह केवल करुणा नहीं, बल्कि पीड़ा से ऊपर उठने की शक्ति थी। संत कबीर ने कहा है, 'निंदक नियरे राखिए', यानी जो हमारी कमियां दिखाए, वह हमारे आत्म-विकास में सहायक बन सकता है। संत एकनाथ ने भी अपमान का उत्तर क्रोध से नहीं, शांति और विनम्रता से दिया। क्षमाशीलता केवल बड़े प्रसंगों में नहीं, रोजमर्रा के जीवन में परखी जाती है। जब हम दूसरों की भूलों को रेत पर और उनके उपकारों को पत्थर पर लिखना सीख जाते हैं, तभी मन हल्का होता है। क्षमा आत्ममुक्ति का मार्ग है। कड़वाहट छोड़कर करुणा अपनाने से मन शुद्ध होता है, संबंध सुधरते हैं और भीतर शांति, संतोष व वास्तविक आध्यात्मिक शक्ति का उदय होता है।

## रीडर्स मेल

### डेमोग्राफी पर बुरा असर

**आंध्र प्रदेश** के मुख्यमंत्री चंद्र बाबू नायडू द्वारा तीसरे और चौथे बच्चे के पैदा होने पर आर्थिक प्रोत्साहन देने की घोषणा का समर्थन नहीं किया जा सकता। जनसंख्या बढ़ने के साथ ही इस घोषणा से राज्य की डेमोग्राफी में बदलाव होने की संभावना है। राज्य में परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रभावित होने की भी आशंका है। इतना ही नहीं मातृ स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ सकता है। बढ़ती जनसंख्या के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर दबाव बढ़ेगा। इस योजना से सरकार की तिजारी पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

– **धर्मेंद्र नाथ रस्तोगी**, ईमेल से

**readersmail.nbt@gmail.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

**आर.एन.आई. पंजीयन नंबर 1613/1957** इस समाचार-पत्र का प्रकाशन आर. कृष्णमूर्ति द्वारा टाइम्स ऑफ इंडिया बिल्डिंग, डॉ. डी. एन. रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 से बेनेट, कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड के लिए किया गया है। **स्थानीय संपादक (मुंबई) : सुंदर चंद ठाकुर** (पी. आर. बी. अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी) मुद्रण उपेंद्र नायक द्वारा द टाइम्स ऑफ इंडिया सबर्बन प्रेस, आकुर्ली रोड, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, कांदिवली (पूर्व), मुंबई-400101 में (टेलीफोन नंबरः 66353535, 22733535) और इंद्रजीत सेन द्वारा द टाइम्स ऑफ इंडिया प्रिंट सिटी, प्लॉट नं. 4, टी.टी.सी. इंडस्ट्रियल एरिया, ठाणे बेलापुर रोड, ऐरोली, नवी मुंबई-400 708 में (टेलीफोन नंबरः (022) 2760 9999.) किया गया है।

सर्वाधिकार सुरक्षित। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना संपूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित। सड़क व रेल परिवहन सेवा शुल्कः मुंबई, ठाणे व रायगड जिलोंके बाहर 1.00 रुपया। विमान सेवा शुल्कः रायपुर, नागपुर, गोवा एवं वाया 2.00 रुपये, इंदौर, चेन्नै एवं वाया 3.00 रुपये, अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोचीन, कोयम्बतूर, एरनाकुलम, हैदराबाद, कोझीकोड, मंगलूर, त्रिवेंद्रम, उदयपुर, वाइजग एवं वाया 6.00 रुपये, दिल्ली, कोलकाता, एवं वाया 7.00 रुपये।

## संपादकीय

# या कॅन्सरला 'नीट' रोखा

**देशातील** सर्वात महत्त्वाच्या परीक्षांमध्ये अग्रस्थानी असलेल्या वैद्यकीय प्रवेश प्रक्रियेचे गेल्या तीन दशकांत अक्षरशः खोबरे झाले आहे. ही परीक्षा 'नीट' या नावाने ओळखली जात असली, तरी नेटक्या व्यवस्थेऐवजी नियमितपणे संघटित स्वरूपाचा गोंधळ मात्र अगदी नीट घातला जातो. एकीकडे १४० कोटी लोकांचे आरोग्य ज्यांच्या हाती सोपवायचे असते, अशी डॉक्टर घडविण्याची प्रक्रिया आणि दुसरीकडे त्याभोवती विणले गेलेले पेपरफुटी, कोर्टबाजी, दलाली, कोचिंग लॉबी, राजकीय हस्तक्षेप आणि भ्रष्टाचाराचे जाळे, असे चित्र अपवाद वगळता दरवर्षीच निर्माण होते. यंदाच्या पेपरफुटीने तर त्याचे अत्यंत ओंगळवाणे वास्तव वेशीवर टांगले आहे. या प्रकरणाने यंदा जे उघडे पाडले आहे, ते केवळ परीक्षेतील गैरव्यवहार नाहीत, तर संपूर्ण शिक्षण व्यवस्थेच्या नैतिक दिवाळखोरीचा तो विद्रुप चेहरा आहे. त्यात केवळ काही स्थानिक एजंट किंवा विद्यार्थी नव्हे, तर पेपर सेटर, बडे कोचिंग क्लासचालक, मध्यस्थ, तांत्रिक साखळीतील लोक, अगदी आजी-माजी प्राध्यापकांची नावेही समोर येत आहेत, हे धक्कादायकच. घटनाक्रम पाहिल्यावर प्रश्नपत्रिका ही त्या विषयाची 'ज्ञान मोजण्याची चाचणी' राहिली नसून, बाजारात विकली जाणारी चीज बनल्याचे खेदाने म्हणावे लागते. सर्वात उद्वेगजनक बाब म्हणजे या सगळ्याचा फटका बसतो तो लाखो प्रामाणिक विद्यार्थ्यांना. बहुसंख्य विद्यार्थी दोन-दोन, तीन-तीन वर्षे जीवापाड अभ्यास करतात. पालक कसेही आणि काहीही करून, अनेक खस्ता खाऊन मुलांच्या कोचिंग क्लासेस, होस्टेल, पुस्तके, टेस्ट सिरीज यावर लाखो रुपये खर्च करतात. अनेक मध्यमवर्गीय कुटुंबे त्यासाठी कर्जबाजारी होतात. मुलांच्या भवितव्यासाठी पालक स्वतःच्या इच्छा मारतात. पण, एवढे करून काय घडते? कुणीतरी पैशांच्या जोरावर पेपर विकत घेतो, कुणीतरी 'सेटिंग' लावतो, कुणीतरी व्यवस्थेलाच छिद्र पाडतो आणि प्रामाणिक विद्यार्थ्यांचे स्वप्न करपून जाते. एवढेच नाही, तर अशा घोळांमुळे संपूर्ण वैद्यकीय शिक्षणाचे वेळापत्रक कोलमडते. परीक्षा उशिरा, निकालांवर वाद, फेरपरीक्षा, न्यायालयीन लढाया, प्रवेश प्रक्रिया रखडणे, कॉलेज सुरू होण्यास विलंब हा प्रकार आता अपवाद राहिलेला नाही; ती जणू परंपरा बनली आहे. गेल्या तीन दशकांचा मागोवा घेतल्यास तब्बल २२ वेळा वैद्यकीय प्रवेश प्रक्रियेवर न्यायालयीन वाद निर्माण झाले. म्हणजे, जवळपास दरवर्षी कुठला ना कुठला घोळ. अशा स्थितीत वैद्यकीय शिक्षणाचा बट्ट्याबोळ कसा रोखायचा? विरोधाभास असा की, देशात डॉक्टरांची प्रचंड कमतरता आहे. ग्रामीण भागात डॉक्टर नाहीत, सरकारी रुग्णालयांवर ताण आहे, आरोग्य यंत्रणा मनुष्यबळाच्या अभावाने त्रस्त आहे. पण, दुसरीकडे डॉक्टर तयार करणारी प्रवेश प्रक्रियाच सतत भ्रष्टाचार, संशय आणि अकार्यक्षमतेच्या भोवऱ्यात सापडली आहे. खोलात विचार केल्यास ही केवळ शैक्षणिक समस्या नसून त्यातून राष्ट्रीय आरोग्य सुरक्षेचाही प्रश्न निर्माण होऊ पाहतो आहे. व्यवस्थेतील प्रत्येक टप्प्यावर याला पायबंद बसायला हवा. कारण, सध्या कोचिंग क्लास 'उद्योगा'ने शिक्षण व्यवस्थेलाच ओलीस ठेवल्यासारखी स्थिती आहे. 'रँक' आणि 'पॅकेज'च्या नावाखाली विद्यार्थ्यांवर असह्य दबाव टाकला जातो. लाखो रुपयांचे कोर्स, सिक्रेट टेस्ट सिरीज, क्लोज ग्रुप, मॉक टेस्ट या चक्रव्यूहात आता पेपरफुटीपर्यंत पोहोचलेल्या साखळीची भर पडली आहे. ही एकप्रकारची संघटित गुन्हेगारीच आहे. काही शहरांमध्ये कोचिंग उद्योग इतका प्रभावशाली झाला आहे की, स्थानिक अर्थव्यवस्थाच त्याभोवती फिरते. त्यामुळे त्यांच्यावर कारवाई करतानाही यंत्रणा बिचकत असावी. अशा स्थितीत सरकार आणि राष्ट्रीय परीक्षा संस्था (NTA) यांची जबाबदारी अधिक वाढते. प्रत्येक वेळी 'कठोर कारवाई करू', 'चौकशी सुरू आहे', 'दोषींना सोडणार नाही' अशा छापिल प्रतिक्रिया दिल्या जातात. पण, त्याचे पुढे काय होते? काही जणांना अटक, त्याच्या बातम्या आणि मग पुन्हा पुढच्या वर्षी नवा घोळ, असा परिपाठ सुरू राहतो. इतक्या गंभीर राष्ट्रीय परीक्षेची सुरक्षा सुनिश्चित करता येत नसेल, तर ती प्रशासनिक अपयशाची कबुली आहे. वैद्यकीय शिक्षण हा देशातील भविष्यातले डॉक्टर घडविण्याची व्यवस्था आहे. त्यामुळे आता केवळ दिखाऊ सुधारणा नव्हे, तर कुठेही 'लिकेज' राहणार नाही, अशा पद्धतीने संपूर्ण प्रवेश प्रक्रियेची कठोर पुनर्रचनाच आवश्यक आहे. पेपर सेटिंगपासून परीक्षा केंद्रांपर्यंत, डिजिटल सुरक्षेपासून कोचिंग लॉबीपर्यंत सर्व स्तरांवर शस्त्रक्रिया करून पसरत चाललेल्या या कॅन्सरला त्वरित आळा घालण्याशिवाय आता तरणोपाय नाही. अन्यथा 'नीट'सारखी परीक्षा विद्यार्थ्यांच्या गुणवत्तेची नव्हे, तर व्यवस्थेतील गलिच्छ व्यवहारांची ओळख बनत जाईल.

# भारत-पाकमधून वाहणाऱ्या नद्यांचे पाणी कुणाचे?

**सिंधू नदीवरील भारतीय जलविद्युत प्रकल्पांच्या जलसाठ्याबाबत हेग लवाद न्यायालयाचा निर्णय भारताने फेटाळला आहे. त्यानिमित्त..**



नितीन रोंघे
आंतरराष्ट्रीय विषयांचे अभ्यासक

**२२ एप्रिल** २०२५ रोजी पहलगाम, काश्मीर येथे झालेल्या अमानुष दहशतवादी हल्ल्यानंतर भारताने प्रत्युत्तर म्हणून पाकिस्तानला जाणारे पाणी बंद करण्याची घोषणा केली. या हल्ल्यानंतर भारताने सिंधू जल करार 'स्थगित' (Abeyance) ठेवण्याचा निर्णय घेतला. त्यानंतर गेल्या वर्षभरात भारताने केलेल्या हालचालींमुळे पाणी मिळणे कमी होईल, या भीतीने पाकिस्तानमध्ये चिंतेचे वातावरण निर्माण झाले आहे.

१९४७ साली देशाची फाळणी होत असताना जमिनीचे विभाजन झाले; मात्र पाण्याचे वाटप कसे करावे, यावर सखोल चर्चा झाली नव्हती. पाकिस्तानचे संस्थापक मोहम्मद अली जिना यांच्या लक्षात ही बाब आणून दिल्यावर त्यांनी, 'प्रसंगी वाळवंटात राहू; पण हिंदुस्थानचे पाणी घेणार नाही,' अशी भूमिका व्यक्त केली. इंग्रजांच्या सल्ल्याने ३१ मार्च १९४८ पर्यंत विद्यमान व्यवस्था कायम ठेवण्याचे ठरवण्यात आले. मात्र, त्यानंतरच्या घडामोडी पाहता पंडित जवाहरलाल नेहरू यांच्या आदेशाने १ एप्रिल १९४८ रोजी फिरोजपूर येथे सतलज नदीचे पाणी तात्पुरते बंद करण्यात आले, जे नंतर पूर्ववत करण्यात आले. या घटनेमुळे पाकिस्तानला पाण्याच्या वाटपासाठी औपचारिक व्यवस्थेची गरज असल्याची जाणीव झाली.

सन १९५०चे दशक शीतयुद्धाचा काळ होता. त्यावेळी पाकिस्तानने पाश्चिमात्य देशांशी आपले संबंध वाढवले, तर भारताने अलिप्ततावादी भूमिका घेतली. त्या काळात अमेरिका आणि इतर पाश्चिमात्य देशांना भीती होती की पाणी हे भारत - पाकिस्तान संघर्षाचे कारण ठरू शकते. जागतिक बँकेच्या मध्यस्थीने १९ सप्टेंबर १९६० रोजी कराची येथे 'सिंधू जल करार' करण्यात आला. या करारावर भारताचे पंतप्रधान पंडित नेहरू आणि पाकिस्तानचे राष्ट्रप्रमुख जनरल अयुब खान यांनी स्वाक्षऱ्या केल्या. पाकिस्तानमध्ये हा करार 'सिंतास मुवायदा' म्हणून ओळखला जातो. या करारानुसार सिंधू, झेलम आणि चिनाब या पश्चिमेकडील नद्या पाकिस्तानला देण्यात आल्या, तर सतलज, रावी आणि बियास या पूर्वेकडील नद्या भारताला मिळाल्या. वरवर पाहता हे विभाजन समसमान वाटत असले, तरी भारताकडे सुमारे ४२% पाणलोट क्षेत्र आणि ४६% लोकसंख्या असूनही त्याला केवळ २०% पाणी मिळाले, तर पाकिस्तानला सुमारे ८०% पाणी मिळाले.

भारताला पश्चिमेकडील नद्यांवर मर्यादित सिंचन, जलविद्युत निर्मिती आणि इतर गैर-उपभोगी वापराचे अधिकार देण्यात आले. या मर्यादांमुळे भारतात या करारावर टीका झाली. मात्र, शेजारील देशांशी चांगले संबंध राखण्यासाठी हा करार करण्यात आल्याचे नेहरूंनी स्पष्ट केले. अशीच टीका पाकिस्तानमध्ये जनरल अयुब खान यांच्यावरही झाली.



१९६५, १९७१ आणि १९९९ ही तीन युद्धे तसेच २६/११, संसद हल्ला आणि उरीसारख्या दहशतवादी घटनांनंतरही भारताने हा करार प्रामाणिकपणे पाळला. त्यामुळे हा करार जगातील सर्वांत यशस्वी जल-वाटप करारांपैकी एक मानला जातो. मात्र, वाढती पाण्याची गरज आणि हवामान बदल लक्षात घेता भारताने जानेवारी २०२३ ते ऑगस्ट २०२४ दरम्यान कराराच्या पुनर्विचारासाठी पाकिस्तानला अनेक निवेदने पाठवली. एप्रिल २०२५मध्ये पहलगाम येथे २६ भारतीय पर्यटकांच्या निर्घृण हत्येनंतर, पाकिस्तानमधून चालणाऱ्या अतिरेकी कारवाया थांबत नसल्याचे पाहून भारताने हा करार एकतर्फी स्थगित केला.

यानंतर भारताने पूर्वेकडील नद्यांचे पाणी पाकिस्तानात जाणे मोठ्या प्रमाणात थांबवले. रावी आणि सतलज नद्यांचे पाणी, जे पाकिस्तानला प्रत्यक्षात अधिकार नसतानाही मिळत होते, ते बंद होण्याच्या मार्गावर आहे. तसेच पश्चिमेकडील नद्यांवरील धरणे आणि जलविद्युत प्रकल्पांना गती देण्यात आली असून, येत्या काही वर्षांत या पाण्यावर भारताचे नियंत्रण अधिक मजबूत होण्याची शक्यता आहे. याशिवाय पाकिस्तानात सिंधू नदी खोऱ्यात मिळणाऱ्या काबुल नदीवरील पाण्याचे नियंत्रण वाढवण्याचा निर्णय अफगाणिस्तानने घेतल्यामुळे पाकिस्तानवरील दबाव वाढू शकतो.

गेल्या वर्षभरात पाकिस्तानने संयुक्त राष्ट्रसंघ, ब्रिक्स आणि आंतरराष्ट्रीय मध्यस्थी मंचांवर हा मुद्दा उपस्थित करण्याचा प्रयत्न केला. मात्र भारताने कोणत्याही व्यासपीठावर त्यास प्रतिसाद दिला नाही. भारताने स्पष्ट संदेश दिला आहे की, दहशतवादाला राजनैतिक आणि करारात्मक परिणाम भोगावे लागतात. जगातील कोणताही करार देशाच्या सुरक्षेच्या वास्तवांपासून वेगळा असू शकत नाही.


सध्या पाकिस्तान या मुद्द्यावर भारताशी संघर्षाची भाषा करत असून, आंतरराष्ट्रीय स्तरावर भारताविरोधात वातावरण निर्माण करण्याचा प्रयत्न करत आहे. 'भारत पाणी रोखत आहे' असे चित्र रंगवले जात आहे; मात्र या कथनात पाकिस्तानने प्रोत्साहन दिलेल्या दहशतवादाचा उल्लेख क्वचितच दिसतो. चॅटम हाऊससारख्या संस्थांच्या माध्यमातूनही भारताविरुद्ध वातावरण तयार करण्याचा प्रयत्न होत असल्याचे दिसते. तथापि, भारताने अद्याप कराराच्या चौकटीत राहूनच आपले हक्क बजावले आहेत.

काही उदारमतवाद्यांच्या मते, पाणी रोखणे नैतिकदृष्ट्या वादग्रस्त असले, तरी पाकिस्तानसारख्या देशांसाठी 'शठं प्रति शाठ्यम्' ही भूमिका अधिक वास्तववादी ठरते.

nitin.ronghe96@gmail.com

# राजनैतिक थकव्याने एकाकी इराणला भारताचा(च) आधार!

**अमेरिका-इस्रायल-इराण संघर्षात प्रत्येक टप्प्यावर भारताने हस्तक्षेपाची तयारी दर्शवली. मात्र, त्याचा स्वीकार न करता तेहराननने इस्लामाबादकडे धाव घेतली...**



प्रभू चावला
ज्येष्ठ पत्रकार

**आंतरराष्ट्रीय** संबंधांच्या मोठ्या रंगमंचावर, एखाद्या देशाचे कौतुक करणे ही राजनैतिक व्यवहारातील सर्वात स्वस्त गोष्ट असते. पण, त्यानंतर त्या देशाला पूर्णपणे बाजूला सारले जाते. गेल्या आठवड्यात नवी दिल्ली येथे झालेल्या ब्रिक्स परराष्ट्र मंत्र्यांच्या बैठकीत याचे उत्तम उदाहरण पाहायला मिळाले. भारताच्या अध्यक्षतेखाली झालेल्या या बैठकीचा उद्देश जागतिक ऊर्जा बाजाराला हादरे देणाऱ्या इराण-अमेरिका संघर्षाबाबत एकत्रित भूमिका तयार करणे हा होता. पण, या बैठकीचा शेवट संयुक्त निवेदनाने झाला नाही.

भारताचे सर्वात विश्वासू धोरणात्मक भागीदार असल्याचा दावा करणाऱ्या इराण आणि रशिया या दोन देशांनी दुटप्पी राजकारणाचे उघड प्रदर्शन केले. शांतता निर्माण करणारा, देशांना जोडणारा आणि अत्यंत महत्त्वाचा मध्यस्थ म्हणून त्यांच्या परराष्ट्रमंत्र्यांनी भारताचे कौतुक केले, पण त्यांच्या कृतींनी प्रत्यक्षात वेगळेच चित्र रंगवले होते. भारताला जाणीवपूर्वक दूर ठेवण्याचाच हा प्रकार होता.

इराणचे परराष्ट्रमंत्री अब्बास अराघची यांनी ब्रिक्स सदस्य राष्ट्रांनी 'आंतरराष्ट्रीय कायद्याच्या उल्लंघनाविरुद्ध आणि पाश्चिमात्य वर्चस्वाविरुद्ध' एकत्र यावे, असे आवाहन केले. अमेरिकन-इस्रायली आक्रमणाचा स्पष्ट निषेध करण्याच्या इराणच्या आग्रहामुळे ही परिषद फुटली आणि निष्फळ ठरली. मात्र, या मतभेदांच्या वातावरणातही अराघची यांनी भारताचे भरभरून कौतुक केले. त्यांनी जाहीरपणे म्हटले की, पश्चिम आशियात शांतता प्रस्थापित करण्यात भारत अधिक मोठी भूमिका बजावू शकतो. शब्द अतिशय उबदार, नम्र आणि उत्स्फूर्त वाटत होते, पण ते पूर्णपणे पोकळही होते.

रशियाचे सर्गेई लावरोव्ह यांनी हाच खेळ अधिक नेमकेपणाने खेळला. अमेरिका-इराण चर्चांमध्ये सध्या पाकिस्तान निभावत असलेल्या भूमिकेची तुलना त्यांनी भारताच्या अधिक व्यापक आणि दीर्घकालीन मध्यस्थी क्षमतेशी केली. इराण आणि त्याच्या अरब मित्रांना दीर्घकालीन मध्यस्थ हवा असेल, तर भारतच ही भूमिका निभावू शकतो, असे ते म्हणाले. हे केवळ औपचारिक सौजन्य नव्हते, ती अतिशय विचारपूर्वक, मोजून-मापून केलेली स्तुती होती, नेमकी, पण निष्प्रभ!



कारण या दोन्ही देशांनी आधीच आपली निवड करून ठेवली होती आणि त्या निवडीत भारत ठळकपणे अनुपस्थित होता. अमेरिका-इस्रायल-इराण संघर्षाच्या प्रत्येक टप्प्यावर भारताने हस्तक्षेपाची तयारी दर्शवली होती. सर्व पक्षांशी संवाद साधू शकणारी शक्ती म्हणून भारताने मध्यस्थीची ऑफर स्पष्टपणे, वारंवार आणि कोणतीही अट न घालता दिली. मात्र, त्याचा स्वीकार न करता तेहराननने इस्लामाबादकडे धाव घेतली.

पाकिस्तानच्या मध्यस्थीतून एप्रिल २०२६ चा युद्धविराम आराखडा तयार झाला. अमेरिका-इराण चर्चा इस्लामाबादमध्ये पार पडल्या. भारतामध्ये यावर तीव्र आणि कठोर प्रतिक्रिया उमटली. विश्लेषक आणि विरोधी पक्षातील नेत्यांचा प्रश्न होता - भारताला या महत्त्वाच्या चर्चेतून दूर का ठेवण्यात आले?, चर्चेसाठी इस्लामाबादची निवड झाल्याने हा अपमान अधिक गडद झाला. संदेश स्पष्ट होता : तात्कालिक सोयीनं सामरिक भागीदारीवर मात केली होती आणि भारताला प्रेक्षकगृहात बसून पाहत राहण्याची वेळ आली होती. याशिवाय, होर्मूझ सामुद्रधुनीत इराणने घातलेल्या व्यापक निर्बंधांमुळे भारताच्या ऊर्जा सुरक्षेच्या गणितांवर गंभीर परिणाम झाला; इतर अनेक देशांना मात्र अशा अडचणींना फारसे सामोरे जावे लागले नाही.

इराणचा सर्वांत ठाम राजकीय आणि लष्करी पाठीराखा असलेल्या रशियाचाही यात तितकाच दोष आहे. जर लावरोव्ह यांना खरोखरच भारत हा आदर्श दीर्घकालीन मध्यस्थ वाटत असता, तर त्यांनी इराणवर दबाव आणण्यासाठी सर्व साधने वापरली असती. पण, तसे झाले नाही. भारताच्या सहभागासाठी त्यांनी आग्रह धरला नाही. ही अनवधानाने झालेली चूक नव्हती. ते मुद्दाम उचललेले पाऊल होते.

मात्र आता हिशेब चुकता होण्याची वेळ जवळ आली आहे. त्याची पहिली झळ इस्लामाबादलाच बसणार आहे. पाकिस्तानची मध्यस्थी मोहीम स्वमर्यादांच्या ओझ्याखाली कोसळली आहे. अंतर्गत दबाव, आर्थिक एकाकीपणा आणि राजनैतिक थकवा यामध्ये इराणला आता एक साधे पण अस्वस्थ करणारे सत्य स्वीकारावे लागेल : भारताची मदत ! भारताची राजनैतिक ताकद उसनी घेतलेली नाही. अनेक दशकांपासून तत्त्वनिष्ठ आणि संयमाने संबंध ठेवून ती कमावलेली आहे. दिल्लीत इराणने भारताचे केलेले कौतुक कृतीतही दिसायला हवे.

## जगभर

# चुंबनाचा जागतिक विक्रम करणारं जोडपं विभक्त !

**रोमिओ-ज्युलिएट,** लैला-मजनू, हीर-रांझा, सोहनी-महिवाल, सलीम-अनारकली, शाहजहान-मुमताज... जगातील ही काही प्रसिद्ध प्रेमीयुगुलं. त्यांनी प्रेम अजरामर केलं.. याच जोड्यांमध्ये काही वर्षांपूर्वी आणखी एका प्रेमीयुगुलाचं नाव लोकांनी जोडलं, ते म्हणजे थायलंडचं प्रसिद्ध जोडपं एक्काचाई आणि लकसाना तिरानरात यांचं. का? कारण त्यांचंही प्रेम, त्यांचाही पराक्रम कोणत्याही जागतिक कीर्तीच्या प्रेमीयुगुलांपेक्षा कमी नव्हता, किंबहुना त्यांनी थेट जागतिक विक्रमच केला होता आणि वैश्विक प्रेमाचं प्रतीक म्हणून त्यांचं नाव गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रेकॉर्ड्समध्ये नोंदवलं गेलं होतं ! तेही एकदा नव्हे, तब्बल दोनदा! त्याच जोडप्याची ही एकाचवेळी थक्क आणि विव्हळ करणारी कहाणी !

प्रेमासाठी लोक काय-काय करतात. कुणी आपल्या जोडीदारासाठी जगाशी भांडतं, तर कुणी इतिहास घडवतं. एक्काचाई आणि लकसाना तिरानरात यांनी असाच एक अनोखा इतिहास घडवला होता. काय करावं यांनी? जे आजवर कुणालाही शक्य झालं नव्हतं ते त्यांनी करून दाखवलं. गोष्ट आहे २०१३ची. यावर्षी दोघांनी असा विक्रम केला, जो नुसता ऐकूनही लोक हैराण झाले होते.

२०१३ मध्ये या जोडप्यानं सलग ५८ तास, ३५ मिनिटं आणि ५८ सेकंद एकमेकांचं चुंबन घेऊन जागतिक विक्रम केला होता. त्यामुळे त्याचं नाव गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड्समध्ये नोंदवलं गेलं होतं. या विक्रमामुळं संपूर्ण जग चकित झालं होतं. विशेष म्हणजे त्यांनी स्वतःचाच जुना विक्रम मोडला होता. याआधी २०११ मध्येही त्यांनी सुमारे ४६ तास एकमेकांचं चुंबन घेऊन जागतिक विक्रम केला होता.



त्यावेळी समाजमाध्यमं आणि बातम्यांमध्ये या जोडप्याची खूप चर्चा झाली होती.

लोक त्यांना खऱ्या प्रेमाचं उदाहरण मानू लागले होते. नंतर गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड्सनं ही श्रेणी बंद केली, तरीही या जोडप्याचं नाव लोकांच्या आठवणीत कायम राहिलं. मात्र, प्रेमाचा आदर्श म्हणून ज्यांच्याकडे पाहिलं जात होतं, त्या जोडप्यानं अनेक वर्षे एकत्र राहिल्यानंतर आता वेगळं होण्याचा निर्णय घेतला आहे. या बातमीमुळे त्यांच्या चाहत्यांना धक्का बसला असून, ते भावूकही झाले आहेत.

२०२५ च्या सुरुवातीला दोघांनी परस्पर संमतीनं वेगळं होण्याचा निर्णय घेतला. मात्र, सर्वांत खास गोष्ट म्हणजे आपल्या नात्यात त्यांनी कोणतीही कटुता येऊ दिलेली नाही. दोघं आजही एकमेकांचा आदर करतात आणि दोघे मिळून मुलांचं संगोपन करणार आहेत. समाजमाध्यमांवर ही बातमी व्हायरल होते आहे. काही लोकांनी लिहिलं की इतकं प्रसिद्ध आणि मजबूत नातंही तुटू शकत असेल, तर प्रेमावर विश्वास ठेवणं कठीण होतं. तर अनेकांनी म्हटलं की नाती फक्त विक्रम बनवून टिकत नाहीत, त्यासाठी समजूतदारपणा आणि विश्वासाचीही गरज असते.

एक काळ असा होता, या जोडप्याकडे पाहून लोक प्रेरित व्हायचे. त्यांची कहाणी म्हणजे एखाद्या चित्रपटाची पटकथाच होती, पण आता हेच नातं तुटल्यामुळे चाहतेही शोकसागरात आहेत. 'आदर्श प्रेमाचं' रूप म्हटलं जाणारं हे जोडपं आता आपल्या आयुष्याची नव्यानं सुरुवात करत आहे.

## जनमन

# रस्ते खोदले ना, मग सर्व कामे सोबत करा



**सिंहस्थ** कुंभमेळ्यानिमित्त नाशिक शहर तसेच ग्रामीण भागात सध्या मोठ्या प्रमाणावर रस्त्यांची कामे, स्मार्ट सिटी प्रकल्प आणि विविध विकासकामे सुरू आहेत. विकास आवश्यकच; मात्र पर्यावरणाकडे दुर्लक्ष करता येणार नाही. अलीकडे एका ठिकाणी रस्त्याच्या कडेला महावितरणकडून झाडांची छाटणी सुरू होती. मात्र ती साधी छाटणी नसून अनेक झाडांचे अक्षरशः शेंडेच कापले जात होते.

सुरक्षिततेसाठी दरवर्षी झाडांचे विद्रूपीकरण किंवा वृक्षतोड हाच एकमेव पर्याय आहे का? आज मुंबईसारख्या अनेक शहरांत मोठ्या प्रमाणावर भूमिगत केबल व्यवस्था उभारण्यात आली आहे. सध्या संपूर्ण शहरात रस्ते खोदकाम सुरू असताना महावितरणनेही त्याचवेळी भूमिगत केबल का टाकू नये? रस्ता खोदताय ना, मग त्याच वेळी सर्व विभागांनी कामे करा की. आज रस्ते खोदले आहेत, उद्या ते तयार होतील आणि काही महिन्यांनंतर भूमिगत वीजवाहिन्यांसाठी पुन्हा तेच रस्ते खोदले जाणार असतील, तर निधी आणि वेळेचा हा अपव्यय आहे. महावितरण कर्मचाऱ्यांचे म्हणणे असे की, भूमिगत केबलसाठी आवश्यक निधी उपलब्ध नसतो. परंतु खरोखरच निधीचा प्रश्न असेल, तर झाडे वाचविण्यासाठी पर्यायी उपाययोजना केल्या पाहिजेत. उदाहरणार्थ, विजेच्या तारांवर इन्सुलेटेड केसिंग करणे किंवा संरक्षक कव्हर बसवणे. त्यामुळे शॉर्टसर्किटचा धोका कमी होईल आणि झाडांची मोठ्या प्रमाणावर छाटणी करण्याची वेळ येणार नाही. भूमिगत केबल, संरक्षित वीजवाहिन्या, नियोजनबद्ध वृक्षछाटणी आणि विभागांमधील समन्वय यांसारखे पर्याय स्वीकारले, तर विकासही होईल आणि पर्यावरणही वाचेल.

**- रतन अंकोलेकर,** नाशिक

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

## गावशिवारातली टिपणं

# यावर्षीचा हा उन्हाळा फार अस्सल सुन्नाट आहे... शप्पथ!

**..हाताबाहेरच्या गोष्टी आहेत. आपल्यासारख्या किरकोळ माणसांनी कितीही दुरुस्त करू म्हटलं तरी अशक्य, इतकं अतोनात वाट्टोळं झालेलं आहे सगळं.**



बालाजी सुतार
कवी-कथाकार

**'ऊन** फार भयंकर आहे यावर्षी' हे वाक्य दरवर्षी उच्चारता येईल, अशी सोय करून ठेवलेली आहे सूर्यासकट सर्व संबंधितांनी. यात सूर्याखेरीज अन्य संबंधित म्हणजे सरकारातले धंदेवाईक लोक, शेकडो किंवा हजारो एकरांची जंगलं ताब्यात घेऊन तिथे मैलच्या मैल खोलीच्या खाणी खोदून पृथ्वीचा आस कलंडवून तिला सूर्याच्या जवळ घेऊन जाणारे ताकदवंत उद्योगी शेठलोक किंवा अखंड फटफट्या, कारी, ट्रका वगैरे चालवून हवेत कार्बन डायऑक्साइड वाढवणारे 'सामान्य जनता' नावाचे आपण स्वत: लोक. पण जाऊ देत! सगळ्याच आपल्या हाताबाहेरच्या, शक्तीबाहेरच्या गोष्टी आहेत. आपल्यासारख्या किरकोळ माणसांनी कितीही दुरुस्त करू म्हटलं तरी अशक्यच, इतकं अतोनात वाट्टोळं झालेलं आहे सगळं.

असो. ऊन खरोखरच हिंसक झालेलं आहे यावर्षी. आणि पाणी भसाभसा खलास होऊन गेलेलं धरणीतलं. या असल्या कडकडीत उन्हाळ्यात आपली अनवरत अपयशं पुन:पुन्हा डोकं वर काढत राहतात तेव्हा वाढणारी तल्खली जास्तच दाहक जाचते. आपली म्हणजे आपली एकट्याची अपयशं नव्हे, वर उल्लेख केलेल्या सगळ्यांचीच. कुठवर वाट बघणार गारव्याच्या पावसाची? आणि आपले उच्चासनावरचे लोक यशाच्या भ्रामक मायाजालांचे उत्सव सजवताना दिसतात सतत, तेव्हा तर मृगजळ तहान जास्त वाढवून ठेवतं आणि दमछाकही. पाऊल ठेवू तिथे जिंकूच, असा आत्मविश्वास उरीशिरी बाळगणारे लोक ग्रेट असतातच, पण अपयशातलं सातत्य राखणंही अजिबात कमअस्सल नाहीय त्यांच्यालेखी. इथेही तितकंच; किंबहुना त्याहून अधिक रक्त आटवून घ्यावं लागतं.

लबाडी, चतुराई, मुत्सद्दीपण आणि हाडीमासी खिळलेलं व्यवहारी भोंदूपण एवढा ऐवज कुणाच्याही पायवाटांचे राजरस्ते करण्याची क्षमता राखून असतो.



तेव्हा हे ऊन इतकं धारदार होणारच असल्या काळात. कष्ट आणि सचोटी वगैरे पावसाळी सुकाळाच्या भाकड गोष्टी कालबाह्य झाल्या त्यावरही आता युगं उलटून गेली आहेत. आपण सटरफटर माणसांनी तरून जायचं बघायचं फक्त. फक्त नुसतं तरून जायचं.

हा उन्हाळा फार अस्सल सुन्नाट आहे. शप्पथ. आणि या अशा क्रूर उन्हाचा तंबू आसमंतावर ताणून बसवलेल्या दुपारी देहभर गदमदून येत असताना रस्त्याकडेच्या एका उदास दर्ग्याबाहेरच्या भिंतीला टेकून बसलेली एक सुन्नबधीर वाळलेली गरोदर बाई उलट्या मनगटावर अणकुचीदार काट्याने कसलं रक्तगोंदण रेखाटत बसलेली दिसते, कुणास ठाऊक. लोहाराच्या भट्टीत तापलेल्या लोखंडासारख्या चरचरीत आसमंतावर टचटचीत उठून दिसत राहणाऱ्या तिच्या उघड्या पोटऱ्यांवर लेपलेल्या पांढरमातीच्या गर्ददाट लेपणावर उठलेले धारदार फराटे सांगत राहतात तिच्या भाजीव होरपळी वेदनांच्या गाथा, तेव्हा रस्त्याने जाणारी-येणारी माणसे शहारत असतील किंवा नसतीलही, पण तिला ते तसं पाहताना चौकड्याची लुंगी पांघरून हिरवा चोळणा पेहेरलेला वृद्ध फकीर मनातल्या मनात 'रहम... रहम...' पुकारतो तेव्हा उन्हेरी भोवतालाच्या अंगभर निवडुंगाइतका मोहोरदार काटा फुलून येत असणार.

ऊन भोवतालातलं असू दे की जगण्यातलं; या बाईसारखं असं इतकं अश्राप, अबोल आणि असहाय्य करून टाकतं माणसाला. दिवसेंदिवस, वर्षानुवर्षं, पिढ्यानपिढ्या. आणि उन्हाळ्यात पानगळही घडते अतोनात. लख्ख नागडी झाडं. माणसा-जनावरांचं सोडा; पाखरांपुरतीही सावली दिसत नाही पायातळी. थंड पाण्याची बाटली विकत घेऊन घटाघटा रिचवताना मला दरवेळी वाटतं की- आणि खिडकीपार सतत दिसणाऱ्या, कायम इथेतिथे तडतडत नाचणाऱ्या त्या नखाएवढ्या रंगीत चिमण्यापाखराच्या पाण्याचं काय? त्यांच्या तहानेचं काय? सर्वस्तरीय ऊन फार भयंकर आहे यावर्षी... शप्पथ!

majhegaane@gmail.com

## तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे




हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# गर्म हवाओं का समय

भारत का एक बड़ा हिस्सा धूप और लू से तप रहा है। न दिन को चैन है और न रात को आराम। ज्यादातर इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर है और अनेक जगह 48 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच जा रहा है। भारतीय मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि लू जैसी स्थिति पूरे एक सप्ताह जारी रह सकती है या उससे आगे भी बढ़ सकती है। रात के समय भी न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास महसूस हो रहा है। उत्तर भारत के ज्यादातर शहरों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान 30 डिग्री से 45 डिग्री के बीच दर्ज किया जाएगा। मौसम विभाग ने तेज सतही हवाओं का भी अनुमान लगाया है, जिनकी गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा सकती है। मतलब, तेज गति से गर्म हवाओं का दौर बना रहेगा। देश भर में तापमान में 20 मई तक 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि का अनुमान है। पूर्वी हवाएं अब मध्य पाकिस्तान और राजस्थान से आने वाली उत्तर-पश्चिमी शुष्क व गर्म हवाओं में बदल गई हैं, जिससे गर्मी बढ़ेगी।

ऐसे में, खराब मौसम से जूझने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। मौसम वैज्ञानिक इस साल सुपर अल नीनो की आशंका जता रहे हैं। इसके प्रभाव से इस साल का दक्षिण-पश्चिमी मानसून सामान्य से कम रहने की आशंका है। फिलहाल जो स्थिति बन रही है, उसमें जून से सितंबर तक मानसूनी वर्षा सामान्य से आठ प्रतिशत कम या 92 प्रतिशत ही रह सकती है। जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रशांत महासागर तेजी से गर्म हो रहा है, जिससे जून या जुलाई तक एक सुपर अल नीनो के विकसित होने का खतरा है। सुपर अल नीनो बड़े पैमाने पर मौसम प्रणालियों को बाधित करता है, जिससे भारत में मानसून कमजोर हो जाता है। जलवायु वैज्ञानिक डॉक्टर माधवन नायर ने पहले ही चेतावनी दे रखी है कि इस वर्ष का अल नीनो 1997 और 2015 में दर्ज हालात जितना गंभीर हो सकता है। वर्षा कम होगी, असर फसल पर पड़ेगा, उपज कम होगी, तो महंगाई को बल मिलेगा। महंगाई बढ़ेगी, तो देश में सामान्य जनजीवन प्रभावित होगा। अभी जैसे आर्थिक तनाव से देश गुजर रहा है, उसमें सजग रहने की जरूरत और बढ़ गई है। शासन-प्रशासन को अपने स्तर पर पूरी तैयारी रखनी चाहिए। आगामी प्रतिकूल स्थितियों का अधिकतम अनुमान लगाते हुए तैयारी रखने में सबकी भलाई है।

**अत्यधिक तापमान और खराब मौसम से जूझने के लिए हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। मौसम वैज्ञानिक इस साल सुपर अल नीनो की भी आशंका जता रहे हैं।**

आम तौर पर प्रतिकूल मौसम का सर्वाधिक असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है और फिलहाल अस्पतालों में मरीजों की संख्या स्वाभाविक ही बढ़ गई है। बेमौसम बारिश-आंधी ने भी कम नुकसान नहीं पहुंचाया है। किसी भी जरूरत या आपदा के समय स्थानीय स्तर पर इलाज और देखभाल की सुविधा सुनिश्चित होना जरूरी है। क्या हमारे राज्यों में स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल हर तरह की चिकित्सा सुविधा के साथ तैयार हैं? क्या अस्पतालों में जरूरी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित है? अक्सर देखा गया है कि स्थिति बिगड़ते ही सरकारी अस्पताल हाथ खड़े करने लगते हैं और निजी अस्पतालों को व्यापार का पूरा मौका मिल जाता है। अपने देश में अगर इंतजाम पूरे हों, तो मौसम की प्रतिकूलता से जूझना कोई कठिन काम नहीं है। चिकित्सकों को केवल दवा भरोसे रहने के बजाय लोगों को जीवनशैली सुधारने के लिए प्रेरित करना चाहिए। ध्यान रहे, अच्छी चिकित्सा सुविधा वाले यूरोप में भी लोग लू से मरते हैं। भारत में अगर लोग अपनी दिनचर्या को गर्मी के अनुकूल बनाएं, तो आधी समस्या का समाधान अपने स्तर पर कर सकते हैं।

हिन्दुस्तान Hindustan | **75 साल पहले** 19 मई, 1951

## अमरीकी अन्न

भारत सरकार ने अमरीकी शासन से आज से लगभग छः महीने पहले भारत को 20 लाख टन अन्न देने का अनुरोध किया था, ताकि वह देश में उपस्थित गम्भीर अन्न संकट का मुकाबला कर सके और किसी व्यक्ति को अन्न के अभाव में काल का ग्रास न बनने दे। अमरीका के अन्न-भण्डार में इतना अन्न भरा पड़ा है कि वह भारत की मांग को आसानी से पूरा कर सकता है। भारत ने यह अन्न सहायता के तौर पर नहीं मांगा था कि अमरीका को उसे सुलभ करने में अधिक सोच-विचार करना पड़ता। उसने केवल इतनी रियायत चाही थी कि अमरीका इस अन्न की कीमत नकद वसूल करने के बजाय किस्तों में वसूल कर ले। अमरीका अरबों डालर युद्ध की तैयारियों के निमित्त व्यय कर रहा है। वह संसार का सबसे धनी देश है। उसे भारत को उधार अन्न देने में विशेष कठिनाई नहीं हो सकती। इन सब बातों के बावजूद अमरीका अन्न देने के बारे में अभी तक कोई अन्तिम निर्णय नहीं कर पाया है।

हम यह स्वीकार करते हैं कि अमरीकी शासन का रुख भारत के प्रति सहानुभूतिपूर्ण है। किन्तु उसके हाथ अमरीकी कांग्रेस द्वारा बंधे हुए हैं। उसकी स्वीकृति के बिना भारत को वह अन्न भेजने की व्यवस्था नहीं कर सकता। अमरीकी राष्ट्रपति कांग्रेस से अमुक मार्ग ग्रहण करने की सिफारिश कर सकते हैं। कांग्रेस उनकी सिफारिश को मानने अथवा न मानने के लिए स्वतंत्र है। अमरीकी कांग्रेस में रिपब्लिकन पक्ष मौजूदा डिमोक्रेटिक शासन का विरोधी पक्ष है। अमरीकी कांग्रेस के दोनों सदनों में उसका संख्या बल नगण्य नहीं है। अमरीकी शासन को अमरीकी कांग्रेस से कोई भी सिफारिश करने के पहले यह सोचना पड़ता है कि रिपब्लिकन पक्ष का उसके बारे में क्या रवैया होगा। प्रेसिडेण्ट को यदि यह विश्वास होता कि भारत को सारा का सारा अन्न सहायता के तौर पर देने की उनकी सिफारिश अमरीकी कांग्रेस स्वीकार कर लेगी, तो वह बहुत सम्भवतः ऐसी ही सिफारिश करते। किन्तु इस बारे में उनके दिल में संशय था। इसलिए उन्होंने यह सिफारिश की कि अमरीका को आधा अन्न सहायता के तौर पर और आधा उधार देना चाहिए। इस सिफारिश के स्वीकार होने में जब उन्होंने देर होती देखी, तो उन्होंने अमरीकी कांग्रेस से एक बार फिर अनुरोध किया कि वह इस बारे में जल्दी निर्णय करे।

# साहित्यकारों की स्मृतियां सहेजे समाज



राय की राय — यहां स्कैन करें

**विभूति नारायण राय** | पूर्व कुलपति व साहित्यकार

**हम एक स्मृति-विरोधी समाज बनते जा रहे हैं। जिन पुरखों के गीत गाते हम थकते नहीं, उनकी यादों को सुरक्षित रखने में हमारी दिलचस्पी कतई उत्साहजनक नहीं है।**

साल 2004 की जुलाई में एक छोटे से ब्रितानी कस्बे 'स्ट्रैटफोर्ड अपॉन एवन' का सफर कई अर्थों में मेरे अनुभव संसार में बहुत कुछ जोड़ने वाला साबित हुआ। मेरी यात्रा का मकसद उस मकान को देखना था, जहां 23 अप्रैल, 1564 को दुनिया के महानतम नाटककारों में एक विलियम शेक्सपियर ने अपनी आंखें खोली थीं और एक विचित्र संयोग के तहत सन् 1616 की उसी तिथि को संसार भी यहीं छोड़ा था।

अपने जीवन की रचनात्मक सक्रियता का ज्यादातर समय लंदन में बिताने के बाद शेक्सपियर अंतिम वर्षों में वापस अपने जन्म स्थल पर लौट आए थे। ज्यादातर लकड़ी से बना यह मकान एक से अधिक बार पूरी तरह नष्ट होने के बाद भी चार शताब्दियों से लगभग अपने मूल स्वरूप में खड़ा है। जिस मेज और कुर्सी पर बैठकर शेक्सपियर लिखते थे, वे अपने पुराने स्वरूप में ही कद्रदानों का स्वागत करती दिखती हैं। मकान के साथ वे भी कई बार आग में खाक हुईं और फिर अपने रचनाकारों का सम्मान करने वाले समाज की जिजीविषा के चलते मूल स्वरूप में लौट आईं। मकान के बाहर एक बड़ी सी सहन थी, जिसके मुक्ताकाशी प्रांगण में साल के 365 दिन दुनिया के विभिन्न हिस्से से आई मंडलियां शेक्सपियर का कोई न कोई नाटक खेलती रहती हैं। सालों बाद आज मुझे उस यात्रा की याद अनायास नहीं आ रही।

मैं अपनी एक पुरानी साध पूरी करने के लिए उत्तराखंड के बेहद खूबसूरत कस्बे कौसानी की यात्रा पर आया हुआ हूं। महात्मा गांधी द्वारा भारत का स्विट्जरलैंड कहे जाने वाले इस भूखंड में आने के पीछे एक आकर्षण उस मकान को देखना था, जिसमें हिंदी के बड़े कवि सुमित्रानंदन पंत का जन्म हुआ था और जहां प्रदेश का संस्कृति मंत्रालय उनकी स्मृति में एक संग्रहालय चला रहा है। जिस तरह की लापरवाही, उपेक्षा और अज्ञान का शिकार अभी यह भवन है, उससे मेरा विश्वास और पुख्ता हो गया कि हम एक स्मृति-विरोधी समाज हैं। जिन पुरखों के गीत गाते हम थकते नहीं, उनके जीवन से जुड़ी यादों को सुरक्षित रखने में हमारी दिलचस्पी कतई उत्साहजनक नहीं है।




पंत जी की जन्मस्थली काफी अस्त-व्यस्त स्वरूप में मिली। वहां उपस्थित कर्मियों ने बताया कि भवन का नवीकरण हो रहा है। यह काम बजट की कमी और निर्माण एजेंसी की ढिलाई के चलते लंबे समय से चल रहा है। हम कामना ही कर सकते थे कि यह जीर्णोद्धार उसके मूल स्वरूप को उसी तरह बचाए रखेगा, जैसे कई बार आग की भेंट चढ़ा शेक्सपियर का स्मारक उस वातावरण को काफी हद तक सुरक्षित रखे हुए है, जिसमें उनका बचपन, उनकी शुरुआती जवानी और अंतिम दिन बीते थे।

पंत जी युवावस्था में ही इलाहाबाद चले गए थे और जीवन पर्यंत वहीं रहे। उन दिनों पहाड़ से पढ़ने के लिए लोग लखनऊ और इलाहाबाद जाते और बहुत कम लौटते। पंत जी भी नहीं लौटे। आशा थी कि उनकी मृत्यु के बाद उनके संग्रह की पुस्तकें, उनके घर की दीवारों पर लटके सारे चित्र और उनके उपयोग की दूसरी सभी वस्तुएं कौसानी ले आई गई होंगी और अब वे इस संग्रहालय में संरक्षित होंगी।

पंत जी एक बड़े कवि थे और यह बहुत स्वाभाविक था कि देश भर के मूर्धन्य रचनाकार उनके साथ पत्र-व्यवहार के माध्यम से जुड़े रहे होंगे। वे पत्र भी यहां सुरक्षित होने चाहिए थे। दुर्भाग्य से इस संदर्भ में मुझे निराशा ही हाथ लगी। समकालीन रचनाकारों के साथ लगे चित्र साफ-सफाई की मांग कर रहे थे। किताबें धूल भरी आलमारियों में बेतरतीब लगी थीं। पत्रों को देखने में मेरी दिलचस्पी थी, पर वहां मौजूद कर्मियों में कोई नहीं बता सका कि वे हैं, तो कहां हैं? पता चला, पंत जी के जन्मदिन 20 मई को यहां एक कार्यक्रम होता है। जिस स्थिति में भवन था, उसमें अनुमान ही लगाया जा सकता है कि कैसा आयोजन होता होगा।

कौसानी और स्ट्रैटफोर्ड अपॉन एवन की तुलना करके हम यह अंदाज लगा सकते हैं कि भारतीय और खास तौर से हिंदी समाज अपने नायकों की कितनी परवाह करता है। 1970 के दशक में इलाहाबाद में तीन ज्ञानपीठ सम्मानित साहित्यकार- सुमित्रानंदन पंत, महादेवी वर्मा और फिराक गोरखपुरी रहा करते थे। छात्र जीवन में मैंने उनके घरों के खूब चक्कर लगाए हैं। आज कोई साहित्यप्रेमी छात्र उनके उन निवासों की तलाश में निकले, तो उसे निराशा ही हाथ लगेगी। कहीं भी उनकी यादों को संजोने का कोई काम नहीं हुआ है। इस शहर से थोड़ी ही दूरी पर स्थित वाराणसी के गांव लमही में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद का पैतृक घर संरक्षण के विचित्र प्रयोगों से गुजरता हुआ किसी अजूबे की तरह ही लगता है।


आस-पास के दुकानदारों और वहां मौजूद ग्राहकों से बातचीत करने से पता चला कि पंत जी के संग्रहालय में लोग आते तो हैं, पर बहुत कम। कौसानी से डेढ़-दो घंटे के फासले पर कई दर्जन शिक्षा संस्थान हैं, जहां सैकड़ों की तादाद में सुमित्रानंदन पंत की कविताओं को पढ़ने वाले छात्र और पढ़ाने वाले अध्यापक होंगे। इनके अलावा साहित्य में दिलचस्पी रखने वाले दूसरे अनुशासनों के लोग भी होंगे। क्या यह नहीं हो सकता कि अध्यापक अपने बच्चों को इसी संग्रहालय में लाकर उन्हें कवि की कविताएं पढ़ाएं और यह महसूस कराएं कि वे कवि के सान्निध्य में उन्हें पढ़ रहे हैं।

आज जब बच्चे साहित्य से दूर हो रहे हैं, मुझे यह सोचकर ही रोमांच हो रहा है कि कोई साहित्य-प्रेमी अध्यापक कवि की उपस्थिति का एहसास कराते हुए बच्चों को इस परिसर में लाकर *पल्लव* की भूमिका पढ़ा रहा है। रामचंद्र शुक्ल के कालजयी निबंध *कविता क्या है* को समझने के लिए इससे जीवंत माहौल क्या हो सकता है? पर इसके लिए हमारी भाषा के अध्यापकों को अपनी ठस्स और उबाऊ अध्यापन प्रविधि को छोड़ना होगा।

सिर्फ रोने-गाने से काम नहीं चलेगा कि हमारे बच्चे साहित्य से दूर होते जा रहे हैं या अब तकनीक प्रधान भाग-दौड़ वाली दुनिया में कविता के लिए स्पेस नहीं बचा है। एक बार यहां लाकर कवि के सान्निध्य का एहसास कराते हुए उन्हें अंग्रेजी के रोमांटिक कवि शेली के निबंध *अ डिफेंस ऑफ पोयट्री* को पढ़ाएं और फिर देखें कि वे इसमें निहित मर्म को समझ पाते हैं या नहीं कि कविता मनुष्य को मनुष्य बने रहने में मदद करती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# अक्षय ऊर्जा बढ़ने से ही घटेगी तेल की मांग



यहां स्कैन करें

**किरीट एस पारिख** | पूर्व सदस्य, योजना आयोग

दुनिया भर में तेल बाजार की हालत लगातार बिगड़ रही है। इस कारण भारत पर भी भारी दबाव पड़ रहा है। भारत की पेट्रोलियम खपत का 85 प्रतिशत और गैस खपत का 50 प्रतिशत हिस्सा आयात पर निर्भर है। इजरायल-अमेरिका का ईरान के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 65 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 105 डॉलर तक पहुंच गई हैं। गौरतलब है कि लगभग सात बैरल का एक टन होता है और भारत लगभग 24 करोड़ टन कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में, विश्व व्यापार में आई रुकावट के कारण भारतीय रुपये की विनिमय दर एक डॉलर के मुकाबले 96 रुपये तक पहुंच गई है। भारत ने उत्पाद शुल्क में कटौती करके पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें स्थिर बनाए रखी हैं और तेल कंपनियों को नुकसान उठाने के लिए मजबूर किया है, लेकिन इससे राजकोषीय घाटा बढ़ता जा रहा है।

अब, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से तेल की खपत कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने की अपील की है। खपत में कटौती करने का कहीं अधिक प्रभावी तरीका कीमतों में वृद्धि होता है। सरकार इस फैसले में और ज्यादा देरी नहीं कर सकती। हालात यह है कि हमारा घरेलू कच्चा तेल उत्पादन बढ़ नहीं रहा है। यह लगभग तीन करोड़ टन पर ही स्थिर है। हम अपनी जरूरत का 20 प्रतिशत कोयला आयात करते हैं। जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने इसके उपयोग में भी कटौती करने के लिए मजबूर कर दिया है। इस प्रकार, हमारी ऊर्जा सुरक्षा लगभग न के बराबर है। हमारे पास नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को लेकर एक दीर्घकालिक योजना है। हालांकि, ईरान युद्ध जैसे संकट की स्थिति में ये स्रोत हमारी कोई खास मदद नहीं कर पाते। परमाणु ऊर्जा भी अपनी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई है।

**हमारी सौर बिजली बनाने की क्षमता बढ़ी है, पर संग्रहण की तकनीक नहीं बढ़ी है। इसलिए, जितनी सौर बिजली बनती है, इस्तेमाल नहीं हो पाती।**

तो इस संकट से निपटने का समाधान क्या है? मुझे लगता है कि हमें तेजी से जीवाश्म ईंधन की जगह देश में ही उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल शुरू करना होगा। हमें जीवाश्म इंधन से उत्पादित बिजली की जगह अधिक से अधिक सौर, पवन, पनबिजली, बायोमास जैसी अक्षय ऊर्जा पर निर्भर बनना होगा। दिक्कत यह है कि सौर व हवा से पैदा होने वाली बिजली प्रकृति के मिजाज पर आधारित है। इसलिए, बैटरी में बिजली स्टोर करने व पनबिजली प्लांट की हमें जरूरत है। सौर बिजली बनाने की हमारी क्षमता जरूर बढ़ी है, लेकिन उसे स्टोर करन की क्षमता उतनी नहीं बढ़ सकी है। इसलिए, जितनी सौर बिजली बनती है, उसका इस्तेमाल नहीं हो पाता।

इसी तरह, बिजली संचालित चूल्हों पर खाना बनाने का तरीका अपनाया जा सकता है। इसके लिए इंडक्शन कुकर उपलब्ध हैं और हमारे लगभग 95 प्रतिशत घरों में बिजली उपलब्ध है। सबसे मुश्किल काम है यातायात में पेट्रोल व डीजल का इस्तेमाल कम करना। भारत में ईंधन की खपत 2025-26 में लगभग 27 करोड़ टन रही। इसमें से 13.2 करोड़ टन या करीब 54 प्रतिशत परिवहन में खपत हुईं, जिनमें से छह करोड़ टन हाई-स्पीड डीजल का भारी व हल्के ट्रकों द्वारा उपयोग किया गया, 2.2 करोड़ टन डीजल का उपयोग अन्य वाहनों द्वारा, चार करोड़ टन मोटर में और लगभग एक करोड़ टन का उपयोग एविएशन फ्यूल के लिए किया गया। छह करोड़ टन हाई-स्पीड डीजल में से पांच करोड़ टन का लंबी दूरी के भारी ट्रकों में उपयोग हुआ।

इससे निजात पाने के लिए जरूरी है कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए कम कीमत वाली बैटरी बनाने पर काम करने की जरूरत है। इसी तरह, गुजरात के पालनपुर से हरियाणा के रेवाड़ी के बीच 630 किलोमीटर के पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर सफर तय करने में 12 घंटे लगते हैं, पर रेलवे के पास ऐसी मालवाहक गाड़ियां कम हैं, जिन पर ट्रकों को चढ़ाया जा सके। हमें 2030 तक लंबी दूरी के माल परिवहन का 50 प्रतिशत हिस्सा रेलवे में स्थानांतरित करने का लक्ष्य रखना चाहिए और 2035 तक इसे बढ़ाकर 90 प्रतिशत तक करना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने लोगों से सार्वजनिक परिवहन के इस्तेमाल का आग्रह किया है। यदि सार्वजनिक परिवहन से यात्रा लागत और समय दोनों बचें, तो जनता इसका उपयोग करेगी। पेट्रोलियम उत्पादों के उपयोग को कम करने के लिए सरकार को ऐसे कदम उठाने होंगे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# शिखर पाने की लालसा

पूछा गया है- क्या महत्वाकांक्षा अपरिहार्य नहीं है?

महत्वाकांक्षा केवल तब तक अपरिहार्य है, जब तक व्यक्ति में मूलभूत परिवर्तन नहीं होता। हमें महत्वाकांक्षा को अपरिहार्य क्यों मान लेना चाहिए? क्या मनुष्य की मनुष्य के साथ क्रूरता अपरिहार्य है? क्या आप इसे समाप्त करना नहीं चाहते? इसे अनिवार्य मानना क्या नितांत विचारहीनता का द्योतक नहीं है?

प्रश्नकर्ता की दुविधा यह है कि यदि वह औरों के साथ क्रूर नहीं है, तो कोई दूसरा उसके साथ क्रूरता से पेश आएगा, इसलिए उसे शिखर पर पहुंचना है।

प्रत्येक व्यक्ति, हरेक समूह और विचारधारा की कोशिश यही होती है कि वह शिखर पर पहुंच जाए, और इसी कारण से क्रूरता और हिंसा कायम रहती हैं। सृजन केवल शांति में संभव है; और यदि पारस्परिक उपयोग होता रहेगा, तो शांति कैसे हो सकती है? जब तक किसी एक के या सबके साथ हमारे संबंध आवश्यकता तथा उपयोगिता पर आधारित हैं, तब तक शांति की बात करना निरर्थक प्रलाप है। दूसरे की आवश्यकता और उसका उपयोग अपरिहार्य रूप से शक्ति और प्रभुत्व की ओर ले जाते हैं। किसी धारणा की शक्ति और तलवार की शक्ति, दोनों एक समान ही हैं; दोनों ही विध्वंसक हैं। धारणा और विश्वास मनुष्य को मनुष्य के विरोध में खड़ा कर देते हैं, और तलवार भी यही करती आई है। धारणा और विश्वास तो प्रेम का प्रतिवाद, विरोध ही हैं।

आपके मन में सवाल उठेगा कि तब हम चेतन या अचेतन रूप से शक्ति की इस कामना में क्यों घुलते रहते हैं? क्या शक्ति या सत्ता की दौड़, स्वयं से, 'जो है' से पलायन का एक मार्ग नहीं है? हर कोई अपनी अपर्याप्तता, आंतरिक दरिद्रता, अपने अकेलेपन और अलगाव से पलायन करने की कोशिश करता है। जो यथार्थ है, वह तो अप्रिय है, लेकिन पलायन मोहक और आकर्षक लगता है। गौर कीजिए, यदि आपकी शक्ति, आपका पद और आपके द्वारा कष्ट से अर्जित धन आपसे छिन जाने वाला हो, तब क्या होगा? आप इसका प्रतिरोध करेंगे। है कि नहीं? समाज कल्याण के लिए आप स्वयं को अनिवार्य मानते हैं, इसलिए आप हिंसापूर्वक या चतुर दलीलों को पेश करके प्रतिरोध करेंगे। यदि आप अपने सारे संग्रह का स्वेच्छा से परित्याग कर सकते, तो आप कुछ रह ही नहीं जाते, है न?

**लगभग हर कोई शिखर पर पहुंचने के लिए लालायित है, इसलिए हमने एक ऐसा समाज निर्मित कर डाला है, जिसमें हिंसा, द्वंद्व और शत्रुता का बोलबाला है।**

कोई नहीं चाहता कि मैं कुछ न रह जाऊं। तब आपके पास केवल बाहरी दिखावा है, भीतरी सत्व से रहित। सबको वही दिखावा चाहिए; और इस द्वंद्व से घृणा, भय, हिंसा व ह्रास उपजते हैं। आप अपनी विचारधारा समेत उतने ही अपर्याप्त हैं जितने कि आपके विरोधी, और इसलिए आप दोनों ही शांति, पर्याप्तता, उपयुक्त रोजगार या ईश्वर के नाम पर एक-दूसरे को नष्ट कर रहे हैं।

**जे कृष्णमूर्ति**

**शेखर कपूर** | फिल्मकार



**भारत एआई के लिए पूरी तरह तैयार है। इसलिए नहीं कि हमारे पास उन्नत उपकरण हैं, बल्कि इसलिए कि हममें आगे बढ़ने की भूख, कल्पना शक्ति व व्यापकता है। एआई मानवता की अब तक की सबसे लोकतांत्रिक तकनीक है।**

# संवाद और सहमति से सुलझाएं विवाद

अयोध्या के बाद मध्य प्रदेश में भोजशाला से जुड़े मामले में इंदौर पीठ का निर्णय एक कानूनी फैसला ही नहीं है, बल्कि देश में लंबे समय से चले आ रहे धार्मिक विवादों पर गंभीर विमर्श का अवसर भी है। अदालत ने उपलब्ध ऐतिहासिक और पुरातात्विक साक्ष्यों के आधार पर अपना निर्णय दिया है, इसलिए उसका सम्मान किया जाना चाहिए। साथ ही यह भी स्पष्ट है कि ऐसे मामलों में भावनाएं अत्यधिक जुड़ी होती हैं, इसलिए किसी भी पक्ष को उग्र प्रतिक्रिया से बचना चाहिए। यह सच है कि देश में अनेक धार्मिक स्थल इतिहास, आक्रमणों और सत्ता-परिवर्तन की जटिल विरासत से जुड़े रहे हैं, पर वर्तमान भारत का दायित्व अतीत की कटुता को बढ़ाना नहीं, बल्कि न्याय, सांविधानिक मर्यादा और सामाजिक सौहार्द के बीच संतुलन बनाना है। अदालतें अपना कार्य कर रही हैं, लेकिन हरेक विवाद का स्थायी समाधान केवल न्यायिक आदेशों से संभव नहीं। उसके लिए समाज के भीतर आपसी विश्वास और संवाद बहुत जरूरी है। धार प्रकरण में शांति कायम रहना एक सकारात्मक संकेत है। यही परिपक्वता भविष्य में भी दिखाई देनी चाहिए। यदि संबंधित पक्ष आपसी सहमति और सम्मान के साथ समाधान खोजें, तो इससे न केवल अदालतों का बोझ कम होगा, बल्कि सांप्रदायिक सद्भाव भी मजबूत होगा। भारत की शक्ति विविधता में एकता रही है और वही भावना ऐसे संवेदनशील मामलों में मार्गदर्शक बननी चाहिए।

**अमृतलाल मारू 'रवि'**, टिप्पणीकार

**यह** सही है कि किसी भी विवाद का न्यायिक समाधान काफी कारगर माना जाता है, क्योंकि प्रशासनिक तंत्र उस फैसले पर अमल करने या करवाने को लेकर बाध्य होता है, लेकिन डंडे की जोर पर हर फैसला लागू नहीं हो सकता है। यही कारण है कि भोजशाला पर आए अदालती फैसले को सिर्फ न्यायिक चश्मे से नहीं देखना चाहिए। ऐसे विवादों का व्यापक सामाजिक प्रभाव होता है, जिस कारण ऐसे फैसले कई बार भावनात्मक प्रतिक्रियाओं को जन्म दे सकते हैं। नतीजतन, प्रशासन और समाज की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। चूंकि इस तरह के फैसले को लागू करवाना किसी टेढ़ी खीर से कम नहीं, इसलिए अच्छा यही है कि समाज में आपसी बातचीत के जरिये ऐसे विवादों का निपटारा कर लिया जाए। यकीनन इस तरह की व्यवस्था न सिर्फ अदालतों पर मुकदमों का बोझ कम करेगी, बल्कि एक टिकाऊ समाधान भी पेश करेगी। संवाद को यदि हम प्राथमिकता दें, तो समाज में कटुता की भावना पैदा नहीं होगी और तमाम धार्मिक विवादों का आसानी से हल हो सकेगा।

**तन्मय कुमार**, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम
### धार्मिक विवाद



# न्यायालय से मिलने वाले समाधान स्थायी

भारत की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत प्राचीन और बहुआयामी रही है। इतिहास के विभिन्न कालखंडों में अनेक मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और अन्य धार्मिक स्थल सत्ता-परिवर्तन और संघर्षों के कारण विवादों में आए। अयोध्या विवाद के समाधान के बाद यह उम्मीद जगी थी कि देश अब ऐसे मुद्दों को भावनात्मक उन्माद नहीं, बल्कि सांविधानिक और न्यायिक प्रक्रिया से सुलझाने की दिशा में आगे बढ़ेगा। न्यायपालिका के रास्ते किसी भी विवाद का स्थायी समाधान होता है। भोजशाला के फैसले को इसी क्रम में माना जा सकता है। दरअसल, एक सभ्य समाज में इतिहास के घावों को हिंसा या वैमनस्य से नहीं, बल्कि संवाद, तथ्य और न्याय से भरने का प्रयास होना चाहिए। यदि किसी धार्मिक स्थल के संबंध में पर्याप्त ऐतिहासिक, पुरातात्विक और दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध हों, तो अदालतों के माध्यम से उसका समाधान निकालना लोकतंत्र की सबसे स्वस्थ प्रक्रिया है। इससे सामाजिक तनाव कम होता है और कानून पर विश्वास मजबूत होता है। हालांकि, यह भी उतना ही आवश्यक है कि ऐसे मामलों को राजनीतिक लाभ या धार्मिक ध्रुवीकरण का माध्यम न बनाया जाए। देश की एकता और सामाजिक सौहार्द सर्वोपरि होना चाहिए।

यह निर्विवाद तथ्य है कि भारत की आत्मा उसकी विविधता व सह-अस्तित्व में बसती है। यदि हरेक धार्मिक विवाद को प्रतिशोध की भावना से देखा जाएगा, तो समाज में स्थायी शांति कभी स्थापित नहीं हो पाएगी। ऐसे में, आज आवश्यकता इस बात की है कि जिन धार्मिक स्थलों को लेकर ऐतिहासिक विवाद है, उनका समाधान न्यायपालिका, पुरातात्विक साक्ष्यों और आपसी सहमति के आधार पर किया जाए। सरकारों को भी ऐसी नीति बनानी चाहिए, जिनसे कोई समुदाय खुद को उपेक्षित महसूस न करे। अयोध्या और भोजशाला जैसे मामलों ने यह साबित किया है कि सांविधानिक संस्थाएं धैर्य और निष्पक्षता के साथ जटिल विवादों का समाधान कर सकती हैं।

**विभूति बुपक्या**, टिप्पणीकार

**मध्य** प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा भोजशाला परिसर के बारे में दिया गया हालिया निर्णय भारतीय समाज के लिए केवल एक न्यायिक आदेश नहीं है, बल्कि इसे आस्था, इतिहास और सांविधानिक संतुलन की महत्वपूर्ण परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। इस निर्णय का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इससे समाज को यह संदेश मिलता है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी विवाद का समाधान न्यायिक संस्थाओं से ही होना चाहिए।

**अवनीश कुमार गुप्ता**, टिप्पणीकार


# क्रोध पर विजय पाना भी धर्म

**क्रोध प्राणि मात्र की सहज और स्वाभाविक अभिव्यक्ति है। जब यह आता है, तो व्यक्ति धर्म विमुख हो जाता है। व्यक्ति में अच्छा-बुरा जानने और समझने की शक्ति चली जाती है। क्रोध को पतन के प्रमुख कारणों में से एक माना गया है, इसलिए हमारे धर्म ग्रंथों में क्रोध को जीतने की बात कही गई है। बस यह जीत सहज भाव से हो।**



**अध्यात्म**

जे. कृष्णमूर्ति



क्रोध में व्यक्ति ऐसे ही अलग-थलग पड़ जाता है, जैसे दुख में। क्रोध व्यक्ति को औरों से काट देता है। कम-से-कम उस समय के लिए तो दूसरों से संबंध समाप्त हो जाता है। क्रोध में अलग हो जाने की अस्थायी दृढ़ता और जीवंतता होती है।

क्रोध में एक अजीब हताशा होती है, क्योंकि अलगाव हताशा ही है। मायूस हो जाने का, ईर्ष्या का, किसी को चोट पहुंचाने की चाह का क्रोध एक हिंसक निर्मुक्ति देता है, जिसमें खुद को सही ठहराने का सुख है। हम औरों को धिक्कारते हैं। इस धिक्कार में ही हम अपने आप को सही ठहरा रहे होते हैं। बिना किसी किस्म के रवैये के, चाहे वह स्वयं के नीतिपरायण होने का हो या आत्मनिंदा का, हम क्या हैं?

### क्रोध का बहाना

हम बलशाली दिखने के लिए हर साधन अपनाते हैं। क्रोध, घृणा की तरह इसका सबसे आसान तरीका है। अचानक भड़कने वाला सामान्य क्रोध जिसे जल्दी ही भुला दिया जाता है, एक बात है; पर ऐसा क्रोध, जिसे जान-बूझकर बढ़ाया जाता है, पुष्ट किया जाता है और जो चोट पहुंचाना और नष्ट कर देना चाहता है, एक अलग ही बात है। सामान्य क्रोध का कोई शारीरिक कारण हो सकता है। इसका निदान और उपचार संभव है; किंतु जो क्रोध किसी मनोवैज्ञानिक कारण का परिणाम हो, वह कहीं अधिक सूक्ष्म होता है और उससे पेश आना मुश्किल होता है।

### दूसरों को दोष देना बंद करें

हममें से अधिकांश को क्रोध करना खराब नहीं लगता। हम उसके लिए कोई बहाना तलाश लेते हैं। यदि किसी के साथ या हमारे साथ गलत बर्ताव किया जा रहा हो, तो हमें क्रोधित क्यों नहीं होना चाहिए? तो हम न्यायपूर्वक क्रुद्ध होते हैं।

हम ऐसा कभी नहीं करते कि कहें, हां, हमें क्रोध आ गया था, और वहीं रुक जाएं। हम इसके कारणों का लंबा-चौड़ा स्पष्टीकरण देते हैं। हम इतना कहकर नहीं रुक जाते कि हम ईर्ष्यालु या कटु हैं। हम इसे सही ठहराते हैं। इसकी व्याख्या करते हैं। हम पूछते हैं कि बिना ईर्ष्या के भला प्रेम कैसे हो सकता है या कहते हैं कि किसी और के कृत्यों ने हमें कटु बना दिया है, इत्यादि।

यह व्याख्या, यह शब्दीकरण, चाहे यह अनकहा हो या कह दिया गया हो, क्रोध को कायम रखता है। इसे विस्तार और गहराई देता है। यह मूक अथवा व्यक्त व्याख्या, उसके अन्वेषण के विरुद्ध ढाल का काम करती है।

हम चाहते हैं कि लोग हमारी प्रशंसा या खुशामद करें। हमारी कुछ अपेक्षाएं रहती हैं, जब ऐसा नहीं होता, तो हम मायूस हो जाते हैं। हम कटु या ईर्ष्यालु बन जाते हैं। तब आक्रोशपूर्वक या मुलायम ढंग से हम किसी और को दोष देते हैं। हम कहते हैं कि हमारी कड़वाहट के लिए वह जिम्मेदार है। आप अधिक महत्वपूर्ण हो जाते हैं, क्योंकि अपनी खुशी के लिए, पद या प्रतिष्ठा के लिए मैं आप पर निर्भर हूं।

आपके माध्यम से मुझे तुष्टि-पूर्ति मिलती है, तो आप मेरे लिए महत्वपूर्ण हैं। मुझे आप पर चौकसी रखनी है। आपका मालिक बने रहना है। आपके जरिये, मैं अपने आप से पलायन करता हूं और जब मुझे अपने आसरे छोड़ दिया जाता है, तो अपनी इस अवस्था से भयभीत होने के कारण मैं क्रुद्ध हो उठता हूं। क्रोध कई रूप धरता है : निराशा, कटुता, ईर्ष्या, वगैरह।

### सही समझ होना जरूरी

क्रोध को संचित करना, जो कि द्वेष है, उसे क्षमाशीलता की विषहर औषधि की जरूरत पड़ती है; किंतु क्रोध का संचय क्षमा से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

क्षमा अनावश्यक हो जाती है, यदि क्रोध को इकट्ठा न किया गया हो। यदि द्वेष हो, अपमान-बोध हो, तो क्षमा जरूरी है; किंतु बिना उपेक्षा की कठोरता के। खुशामद से तथा चोट खाने के एहसास से मुक्त होना करुणा एवं उदारता लाता है। संकल्प के कर्म द्वारा क्रोध से छुटकारा नहीं पाया जा सकता, क्योंकि संकल्प हिंसा का ही अंश है। संकल्प इच्छा का, कुछ होने की तृष्णा का परिणाम है। इच्छा अपने स्वभाव में ही आक्रामक और आधिपत्यपूर्ण होती है।

संकल्प के प्रयोग द्वारा क्रोध को दबाने से हम इसे किसी दूसरे स्तर पर ले आते हैं। क्रोध को हम कोई भिन्न नाम दे देते हैं; पर होता अब भी यह हिंसा का ही हिस्सा है। हिंसा से मुक्त होने का अर्थ, अहिंसा को विकसित करना नहीं है। इसके लिए इच्छा की समझ होना जरूरी है।

इच्छा का कोई आध्यात्मिक विकल्प नहीं होता। इसे न तो दबाया जा सकता है, न ही इसका उदात्तीकरण किया जा सकता है। इच्छा के प्रति एक मौन तथा चयनरहित सजगता आवश्यक है। यह अक्रिय सजगता इच्छा की प्रत्यक्ष अनुभूति है, जिसे किसी अनुभवकर्ता द्वारा कोई नाम नहीं दिया जा रहा।

## सप्ताह के व्रत-त्योहार

**19 मई से 25 मई 2026**

19 मई (मंगलवार) : प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया तिथि दोपहर 02.19 मिनट तक। जिल्हिजा (मु.) मास प्रारंभ।

20 मई (बुधवार) : प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्थी तिथि प्रातः 11.07 मिनट तक। विनायकी श्रीगणेश चतुर्थी व्रत।

21 मई (गुरुवार) : प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी तिथि प्रातः 08.27 मिनट तक। गुरुपुष्य योग।

22 मई (शुक्रवार) : प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ शुक्ल षष्ठी तिथि प्रातः 06.25 मिनट तक पश्चात सप्तमी रात्रि 05.05 मिनट (सूर्योदय पूर्व) तक तदनंतर अष्टमी तिथि। भद्रा रात्रि 05.05 मिनट. (सूर्योदय पूर्व) से। शक ज्येष्ठ मास प्रारंभ। सप्तमी तिथि का क्षय। गंडमूल विचार।

23 मई (शनिवार) : प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ शुक्ल अष्टमी तिथि रात्रि 04.28 मिनट तक। श्री दुर्गाष्टमी व्रत।

24 मई (रविवार) : प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ शुक्ल नवमी तिथि रात्रि 04.31 मिनट।

25 मई (सोमवार) : प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि रात्रि 05.11 मिनट (सूर्योदय पूर्व) तक। श्री गंगा दशहरा पर्व।

-पं. ऋभुकांत गोस्वामी

## आस्था-अनास्था

अश्वनी कुमार

# मलमास कैसे हुआ पुरुषोत्तम मास

**मलमास को पुरुषोत्तम मास क्यों कहते हैं?** -प्रज्ज्वल, नोएडा



**जिस** चंद्र मास में संक्रांति नहीं होती, उसे अधिमास या मलमास कहते हैं। हर तीन वर्ष पश्चात आने वाले इस मास को पुरुषोत्तम मास (17 मई से 15 जून) भी कहा जाता है। ब्रह्मा द्वारा रचित प्रकृति के नियमानुसार बारह माह थे।

दैत्यराज हिरण्यकश्यप ने अमर होने के लिए ब्रह्मा की कठोर तपस्या की और उसने उनसे अमर होने का वरदान मांगा, लेकिन ब्रह्मा ने अमर होने का वरदान देने की जगह दूसरा वरदान मांगने को कहा।

तब हिरण्यकश्यप ने ब्रह्मा से कहा कि उनके बनाए प्राणी- सुर-असुर, पशु-पक्षी और मनुष्य उसे न मार पाएं। वह न दिन में मरे, न रात में। न घर के भीतर मरे, न घर के बाहर। न पृथ्वी पर मरे, न आकाश में। वह न किसी युद्ध में अस्त्र से मरे, न किसी शस्त्र से। न बारह मास में से किसी मास में मरे। वह पूरे ब्रह्मांड का एकछत्र राजा कहलाए। ब्रह्मा ने उसे उसका मनचाहा वरदान दे दिया।

वरदान पाकर हिरण्यकश्यप अपने को भगवान मानने लगा। जो उसे भगवान नहीं मानता, वह उसका वध करवा देता। उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का भक्त था। हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को खूब यातनाएं दीं, लेकिन उसने न तो भगवान विष्णु की भक्ति छोड़ी और न ही अपने पिता को भगवान माना। अंत में भगवान विष्णु ने ब्रह्मा के वरदान के अनुसार 'नरसिंह' रूप में प्रकट होकर हिरण्यकश्यप का वध किया।

इसके लिए उन्होंने बारह मास के अतिरिक्त तेरहवें मास के रूप में अधि मास का निर्माण किया। नरसिंह रूप धरा यानी न सुर, न असुर, न नर, न पशु और न ही ब्रह्मा की सृष्टि का अंग। उस समय सांध्य वेला थी यानी न दिन था, न रात। उसका न महल के भीतर, न बाहर, चौखट पर ले जाकर वध किया। यह युद्ध भी नहीं था। उन्होंने उसे अपनी जंघा पर रखकर उसके पेट को अपने नाखूनों से चीर कर वध किया। यानी न तो वह आकाश में था, न पृथ्वी पर। न ही किसी अस्त्र से मरा, न ही किसी शस्त्र से।

हिरण्यकश्यप के वध करने के उद्देश्य से बना तेरहवां मास अधिमास (मलमास) कहलाया। बारह मास में से हर मास के देवता थे, लेकिन कोई भी देवता इस मास के अधिपति बनने को तैयार नहीं हुए। तब सभी ऋषि-मुनियों सहित अधि मास विष्णु के पास पहुंचे और उन्हें अपनी व्यथा सुनाई। तब विष्णु उन्हें कृष्ण के पास लेकर गए। कृष्ण ने अधिमास को वरदान देते हुए कहा कि आज से मैं तुम्हारा स्वामी हूं और तुम मेरे एक नाम पुरुषोत्तम मास के नाम से जाने जाओगे।

पुरुषोत्तम मास होने के बावजूद इस मास में मांगलिक और शुभ कार्य करने वर्जित माने गए हैं।

## भेजें अपने सवाल

### स्वर्ग-नरक की कल्पना का आधार क्या है?

पाप क्या है, पुण्य क्या है? धर्म क्या है, अधर्म क्या है? ईश्वर की आराधना कैसे करें? ऐसे सवाल अकसर हमारे मन में उठते हैं, पर इनका जवाब हमारे पास नहीं होता। मन-मस्तिष्क में आने वाले ऐसे ही सवालों के जवाब हमारे पैनल में शामिल धर्माचार्य आपको देंगे।

**अपने सवाल हमें इस पते पर भेजें :**
धर्मक्षेत्र, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर-201301 (उत्तर प्रदेश)

# सकल मंगल की मूल गंगा

## गंगा दशहरा (25 मई)



आर. एन. त्रिपाठी



**ज्येष्ठ** मास की शुक्ल पक्ष की दशमी को मनाया जाने वाला 'गंगा दशहरा' सनातन में शिव और शक्ति के संयोग का पवित्र-पावन पर्व है। गंगा त्रिदेव की कृपासंयुक्त हैं। भगवान शंकर ने इन्हें शुद्ध किया। भगवान विष्णु ने इन्हें उत्पन्न किया। ब्रह्मा ने इनका उद्गम स्थान स्थापित किया। पितृ तर्पण हेतु राजा भगीरथ इन्हें पृथ्वी पर लेकर आए।

वेदों में गंगा को 'अपःसती' कहते हैं अर्थात जो सृष्टि की रक्षा करती है। गंगा हमारी आध्यात्मिक यात्रा का प्रारंभ बिंदु है। यह गंगोत्री से गंगासागर तक वैसे ही यात्रा करती है, जैसे मनुष्य अपने जीवनकाल में पुरुषार्थ चतुष्ट्य और आश्रम व्यवस्था से गुजरता है। आध्यात्मिक चेतना की माता गायत्री की 'गायत्री जयंती' भी इसी दिन मनाई जाती है। गंगा दशहरा पर गंगा का पूजन करने से मां गंगा व्यक्ति का बड़ा से बड़ा पाप समाप्त कर देती है, इसलिए इसे शास्त्रों में 'महाअघतारकम' पर्व कहा गया है।

यह मनुष्य के अंतर्मन के विकार अर्थात ईर्ष्या, काम-क्रोध, लोभ जैसी मानसिक अशुद्धियों को भी धोने का पर्व है। भौतिक रूप से इससे व्यक्ति को ऋण, व्यसन, रोग, दोष आदि से मुक्ति मिलती है। अन्न, धन-धान्य सभी में अपार वृद्धि होती है। मनुष्य के जीवन के सभी प्रकार के दोष और अमंगल नष्ट हो जाते हैं।

मातु गंगा भूत-भावन शिव की जटाओं से पृथ्वी की तरफ जब अपनी यात्रा का प्रारंभ कर हर-हर करती हुई निकलीं, तो उनके साथ सात धाराएं बन गईं। तीन धाराएं नलिनी, हलादिनी व पावनी पश्चिम में, सीता, सुबुक्षु, सिंधु एवं सातवीं धारा भागीरथी है। कूर्म पुराण में है कि सीता, अलकनंदा आदि गंगा की चार धाराएं स्वर्ग में बहती हैं। मंदाकिनी की जो धारा हम धरा पर देखते हैं, वह गंगा है और पाताल में भोगवती के रूप में प्रवाहित होती है।

व्यावहारिक तौर पर देखें, तो भारत की ऋषि और कृषि संस्कृति के पीछे सबसे बड़ा अवदान इन्हीं नदियों का है। गंगा अपनी सहायक नदियों के साथ पूरे उत्तर भारत को कृषि और आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत ही समुन्नत करती हैं। गंगा के दोआबे में जितनी फसलें पैदा होती हैं, उतनी फसलें पूरे विश्व में कहीं नहीं पैदा होतीं। उपज की दृष्टि से गंगा और इनकी सहायक नदियों में अत्यधिक उर्वरा शक्ति प्रदान करने की शक्ति है।

सामाजिक दृष्टि से देखें, तो यहां आकर गंगा ने आवागमन के साधन के रूप में हमारी सभ्यता को विकसित किया। नावों के संचालन के माध्यम से नगरों का निर्माण हुआ, व्यापार हुआ। एक-दूसरे तक अपनी संस्कृति-सभ्यता और व्यापार को पहुंचाने के लिए इनका उपयोग किया गया, इसलिए गंगा की सर्वत्र श्रद्धा से पूजा की जाती है, मानो मां बची रहेगी, तो हम बचे रहेंगे। हमारी आगे आने वाली पीढ़ियां बची रहेंगी। गंगा दशहरा का पर्व मनाने के पीछे उनकी पावनता को, उनकी अविरल धारा को और उनके द्वारा जो कुछ हमें प्राप्त हुआ है, जो सभ्यता-संस्कृति का विकास हुआ है, उसे बचाने का भी भाव है।

इस अवसर पर हमें उन्हें अविरल रखने हेतु अपने को समर्पित करना चाहिए। इसके साथ भावी पीढ़ी को यह बताना है कि यह जो प्राप्त हुआ है, इसको बचाए रखना भी हमारा ही दायित्व है। धरती पर हम अपने विकास हेतु केवल उतना ही उपयोग करें, जितना हमारी आवश्यकता हो, शेष बचाए भी रखें और नए सृजन करने के लिए भी हमेशा चिंतन भी करते रहें।

# पहले मन को करो चंगा

## बोध कथा



**गुरु** नानक देव किशोरावस्था में संतों की सेवा करते समय खाना-पीना तक भूल जाते थे। इससे उनकी सेहत गिरने लगी। वे दुबले हो गए। पुत्र की ऐसी दशा देख कर उनके पिता ने गांव के सबसे योग्य वैद्य हरिदास को बुलाया।

वैद्य गुरु नानक देव की नाड़ी देखने लगे। जब उन्होंने वैद्य से पूछा कि वह क्या कर रहे हैं, तो वैद्य ने जवाब दिया कि वे उनकी नाड़ी की गति से उनके रोग का पता लगा लगा रहे हैं। इससे उनका सही इलाज हो सकेगा। नानक साहब ने वैद्य से कहा कि उनका शरीर बीमार नहीं है। हां, अगर उनका मन बीमार हो, तो क्या वे उसका इलाज कर देंगे? वैद्य उनकी बात समझ नहीं पाया और उन्हें फटी हुई आंखों से देखने लगा। यह देख गुरु नानक ने वैद्य से कहा कि पहले वे अपने तन-मन का इलाज करें।

यह सुन कर वैद्य ने गुरु नानक से कहा कि वे यह क्या कह रहे हैं। उन्हें तो कोई बीमारी नहीं है। वे तो एकदम स्वस्थ और प्रसन्न हैं। उन्हें लगा कि ऐसा कहकर बालक नानक उनका अपमान कर रहे हैं।

गुरु नानक देव ने शांत स्वर में फिर कहा, 'वैद्यजी, आप अत्यंत गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं।'

'मैं, और गंभीर बीमारी से पीड़ित हूं? यह तुम क्या कह रहे हो?' वैद्य को क्रोध आ गया। 'मैं सच कह रहा हूं।' गुरु नानक देव ने कहा। 'ऐसा है, तो बताओ कि मुझे कौन-सी बीमारी है?' वैद्य ने पूछा।

'वैद्यजी, आपको जन्म और मृत्यु की चिंता की बीमारी है। जन्म और मृत्यु की चिंता से बड़ी बीमारी इस दुनिया में दूसरी नहीं है। इस बीमारी का इलाज नब्ज देख कर नहीं किया जा सकता है। इस बीमारी को दूर करने की औषधि भी आपके औषधि विज्ञान के पास नहीं है।' गुरु नानक देव ने कहा।

वैद्य उनकी तरफ देखने लगे। गुरु नानक ने वैद्य से कहा, 'मन स्वस्थ हो, तो तन की बीमारी शीघ्र दूर हो सकती है, किंतु यदि मन अस्वस्थ है, तो तन की बीमारी लाख उपाय करने पर भी दूर नहीं की जा सकती। मन की बीमारी मृत्यु के भय से पैदा होती है और मृत्यु होने के भय से ही बढ़ती जाती है। यह भय ईश्वर रूपी चिकित्सक की शरण में जाने पर ही दूर हो सकता है।'

गुरु नानक देव की बात सुन कर वैद्य हरिदास की आंखें खुल गईं। उसे अपनी नासमझी पर लज्जा आई। उन्होंने उनके पिता से कहा, 'भाई मेहता कालू, आपका पुत्र सच कह रहा है कि मुझे तन की बीमारी दूर करने का ज्ञान तो है, किंतु मन की बीमारी दूर करने का ज्ञान नहीं है। आपको अपने पुत्र के विषय में चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वह बीमार नहीं है, बल्कि ईश्वर के प्रेम में डूबा हुआ है। यह तन और मन दोनों की बीमारी का इलाज है।' इसके बाद पिता मेहता कालूराय अपने पुत्र गुरु नानक देव के भक्तिपूर्ण व्यवहार के प्रति चिंतित होने के बदले गर्व का अनुभव करने लगे।

-शरद सिंह

(साभार : 'श्रेष्ठ सिख कथाएं', सामयिक प्रकाशन, नई दिल्ली)

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। परिवार से दूर भी रहना पड़ सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**वृष :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। माता का सान्निध्य मिलेगा। कारोबार के लिए पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मिथुन :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कर्क :** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में बदलाव के योग बन रहे हैं। परिवार का साथ मिलेगा।

**सिंह :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कन्या :** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अफसरों का सहयोग भी मिलेगा।

**तुला :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**धनु :** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। कारोबार में बदलाव की संभावना बन रही है। परिवार व मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में बदलाव के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी, परंतु कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ :** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें।

**मीन :** कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। कारोबार के लिए परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। पिता का साथ मिलेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

19 मई, मंगलवार, **शक संवत्** : 29 वैशाख (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 05 ज्येष्ठ मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम** : 01 जिल्हिजा, 1447, **विक्रमी संवत्** : प्रथम (अधिक) ज्येष्ठ शुक्ल तृतीया तिथि दोपहर 02.19 मिनट तक। आर्द्रा नक्षत्र, धृति सायं 05.49 मिनट तक पश्चात शूल योग, गर करण। चंद्रमा मिथुन राशि में (दिन-रात)।


**सूर्य उत्तरायण।** सूर्य उत्तर गोल। ग्रीष्म ऋतु। अपराह्न 03 बजे से सायं 04.30 मिनट तक राहुकालम्। भद्रा रात्रि 12.43 मिनट से। जिल्हिजा (मु.) मास प्रारंभ।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

**वास्तु शास्त्र के अनुसार किसी प्लॉट का आदर्श अनुपात क्या होना चाहिए?** -ऋषि, बरेली

■ किसी भी प्लॉट का आदर्श अनुपात चौकोर प्लॉट होता है, जैसे- 60x60, 70x70 इससे ऊर्जा चारों दिशाओं में संतुलित रहती है। ऐसे प्लॉट को वास्तु के अनुसार सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। आयताकार प्लॉट 1:1.5 का अनुपात, जैसे- 30x45, 60x80 यह बहुत शुभ माना जाता है। यह घर और व्यावसायिक, दोनों प्रकार के कार्य के लिए अच्छा रहता है। 1:1.2 का अनुपात वाला प्लॉट। इस अनुपात का प्लॉट अधिकांशतः स्वीकार्य होता है। इससे ज्यादा लंबा प्लॉट वास्तु के अनुसार अच्छा नहीं माना जाता। उनमें फिर ऊर्जा असंतुलित हो सकती है तथा आर्थिक रूप से रुकावटें दे सकता है।

### वर्ग पहेली : 8333



**बाएं से दाएं**
1. अधम पुरुष; पशुओं जैसा आचरण करने वाला नर (5)
4. भावपूर्ण; मधुर; मीठा; रसीला (3)
6. कामिनी; जिह्वा; प्यारा बेटा (3)
8. सुंदर होने का भाव; कमनीयता; सुंदरता (3)
9. तड़पने का भाव; बिजली की चमक; बेचैनी (3)
10. छोटा गगरा; धातु का घड़ा (3)
11. भूमि; जमीन; जगत; संसार (3)
13. पवन; हवा; शीतल मंद वायु (3)
14. उपकरण; सामग्री; तरीका; माध्यम (3)
15. आश्रय; अवलंब; मूल (3)
16. कुमक; सहायता (3)
17. जीभ; स्वाद; लगाम; रस्सी; धीरे-धीरे टपकना (3)
18. तय मीयाद के लिए जमा धन; निश्चित अवधि के लिए जमा धन (3,2)

**ऊपर से नीचे**
2. किसी छिद्र से वेगपूर्वक निकली धार; यंत्र जिसमें द्रव डालकर जोर से फुहार के रूप में छोड़ा जाता है (4)
3. व्यवहार कुशल; चालाक आदमी (3,3,3)
4. अनादि; प्राचीन परंपरा; बहुत समय से चलता आया; शाश्वत; स्थायी (4)
5. मारना; सबसे अंत में अपनी बात कह कर चर्चा समाप्त करना; समाधान करना (4,3)
7. थोड़े शब्दों में कही गई बड़ी महत्वपूर्ण बात; कम शब्दों में की गई भावाभिव्यक्ति (3,1,3)
12. अन्यमनस्क; अस्वस्थ; उदास; सुस्त (4)
13. तबाही; विनाश (4)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8332

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| द | ब | द | बा | र | ख | ना | ■ | उ |
| ■ | हा | ■ | ■ | स | ■ | क | ■ | न्मू |
| म | र | ह | म | ■ | क | र | त | ल |
| न | ■ | ■ | म | ध्य | ■ | ख | ■ | न |
| मा | द | क | ता | ■ | वि | ना | श | क |
| नी | ■ | म | ■ | टी | ला | ■ | ■ | र |
| क | त | र | ना | ■ | प | रो | स | ना |
| र | ■ | बं | ■ | ग | ■ | ■ | श | ■ |
| ना | ■ | द | ल | प | रि | व | र्त | न |

### सुडोकू : 8315

* आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | | | 4 | | 3 |
| 1 | | 6 | 5 | | | | 2 | |
| | 5 | | | | 2 | | | |
| 5 | 1 | | | 9 | 7 | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 2 | 5 | | | 6 | 7 |
| | | | 7 | | | | 4 | |
| | 8 | | | | 3 | 6 | | 9 |
| 6 | | 7 | | | | | 3 | 5 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8314

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 3 | 7 | 2 |
| 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 7 | 1 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 8 | 1 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 9 | 5 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 8 | 6 | 4 | 1 |
| 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 | 8 | 5 |
| 8 | 1 | 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 9 |

## चिंतन

# ऊर्जा सुरक्षा देश की पहली प्राथमिकता

वैश्विक राजनीति, युद्ध और आर्थिक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की स्थिरता और विकास की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। ऐसे में भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह रूस से तेल खरीद बंद करने नहीं जा रहा है, चाहे अमेरिका की विशेष छूट समाप्त ही क्यों न हो जाए। यह केवल एक आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च रखने की नीति का स्पष्ट संकेत है। सरकारी प्रवक्ता ने तो यहां तक दावा किया है कि हम रूस से तेल खरीदते थे, खरीदते हैं और खरीदते रहेंगे। यह एक तरह से अमेरिका की धमकी का सीधा जवाब है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह ऊर्जा सुरक्षा को लेकर किसी के दबाव में नहीं आएगा। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी की पांच देशों के दौरे पर हैं। उन्होंने भारत के रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व में यूएई का कच्चा तेल स्टोर करने और भारत को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) व प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यूएई के साथ समझौता किया है, वहीं नॉर्वे के साथ भी ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप की शुरुआत की गई है, जिसके तहत जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा, समुद्री अर्थव्यवस्था (ब्लू इकॉनमी) और ग्रीन शिपिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊंचाइयां दी जाएंगी। इससे सरकार ने साफ कर दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा देश की पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता देश है। देश की अर्थव्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, उद्योग और आम जनता की दैनिक जरूरतें ऊर्जा पर ही आधारित हैं। यदि तेल और गैस की आपूर्ति में बाधा आती है तो उसका सीधा असर महंगाई, उत्पादन और आम आदमी की जिंदगी पर पड़ता है। ऐसे में सरकार का प्राथमिक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में ऊर्जा की उपलब्धता लगातार बनी रहे और कीमतों में अनावश्यक उछाल न आए। रूस-यूक्रेन और अमेरिका-इजराइल व ईरान युद्ध के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी अस्थिरता देखी गई। पश्चिमी देशों ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए, लेकिन भारत ने इस मुद्दे पर संतुलित और व्यावहारिक नीति अपनाई। भारत ने स्पष्ट किया कि वह अपने नागरिकों और अर्थव्यवस्था के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेगा। रूस से रियायती दरों पर मिलने वाला कच्चा तेल भारत के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी साबित हुआ है। इससे देश को ऊर्जा लागत नियंत्रित रखने में मदद मिली और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमतों का असर कुछ हद तक कम हुआ। अमेरिका द्वारा दी गई विशेष छूट समाप्त होने के बाद भी भारत का रूस से तेल आयात जारी रखने का निर्णय यह दर्शाता है कि भारत अब वैश्विक दबावों से प्रभावित होकर नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक जरूरतों के आधार पर फैसले ले रहा है। देश में गैस और तेल की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए सरकार तमाम प्रयास कर रही है। देश में बढ़ती महंगाई आमजन को परेशान कर सकती है, लेकिन भारत की आबादी को देखते हुए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत कठिन है। हमारी डिमांड और खर्च ज्यादा है। ऐसे में सरकार के प्रयास सराहनीय हैं। लोगों को भी सरकार का सहयोग करना चाहिए और ऊर्जा संरक्षण में अपनी महती भूमिका निभानी चाहिए। दुनिया के तमाम छोटे बड़े देश तेल और गैस संकट से जूझ रहे हैं ऐसे में भारत सरकार के प्रयास काफी सराहनीय हैं।



# सेल्फी का दुरुपयोग भी संभव

नया खतरा
महेन्द्र तिवारी

सेल्फी लेकर तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड करने का उद्देश्य अपनी खुशियों और अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करना होता है। इन चित्रों के माध्यम से लोग अपनी भावनाएं, जीवनशैली और व्यक्तिगत उपलब्धियां समाज तक पहुंचाते हैं। परंतु, तकनीक की तीव्र गति ने अब इन चित्रों को केवल सुंदर स्मृतियों तक सीमित नहीं रखा है। आज यही तस्वीरें हमारी व्यक्तिगत पहचान और वित्तीय सुरक्षा के लिए एक अत्यंत गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। विशेष रूप से एआई के निरंतर बढ़ते प्रभाव ने अंतरजाल आधारित अपराधों को एक सर्वथा नया और चिंताजनक मोड़ दे दिया है। सुरक्षा विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि हमारे दूरभाष या चित्र-यंत्र से ली गई एक सामान्य सी तस्वीर से भी किसी व्यक्ति की उंगलियों के निशान चोरी किए जा सकते हैं।

आधुनिक युग में विभिन्न सामाजिक मंचों पर अपने जीवन के विशेष क्षणों को साझा करना मानवीय व्यवहार का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। जब कोई व्यक्ति किसी मनोरम स्थान की यात्रा पर जाता है, मित्रों के साथ आनंदमय समय बिताता है, या प्रतिदिन अपनी नई तस्वीरें अपलोड करता है, तो उसका उद्देश्य अपनी खुशियों और अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करना होता है। इन चित्रों के माध्यम से लोग अपनी भावनाएं, जीवनशैली और व्यक्तिगत उपलब्धियां समाज तक पहुंचाते हैं। परंतु, तकनीक की तीव्र गति ने अब इन चित्रों को केवल सुंदर स्मृतियों तक सीमित नहीं रखा है। आज यही तस्वीरें हमारी व्यक्तिगत पहचान और वित्तीय सुरक्षा के लिए एक अत्यंत गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के निरंतर बढ़ते प्रभाव ने अंतरजाल आधारित अपराधों को एक सर्वथा नया और चिंताजनक मोड़ दे दिया है।

वर्तमान समय में सुरक्षा विशेषज्ञ यह चेतावनी दे रहे हैं कि हमारे दूरभाष या चित्र-यंत्र से ली गई एक सामान्य सी तस्वीर से भी किसी व्यक्ति की उंगलियों के निशान चोरी किए जा सकते हैं और भविष्य में उनका अवांछित दुरुपयोग पूरी तरह संभव है। वर्तमान समय में अत्याधुनिक साधन किसी भी धुंधली तस्वीर को अत्यधिक स्पष्ट और सघन बनाने में सक्षम हैं। तस्वीरों की बारीक रेखाओं को साफ करना, उनके विस्तार को बढ़ाना और उनमें छिपे अत्यंत सूक्ष्म स्वरूपों को पहचानना अब इन प्रणालियों के लिए बहुत सरल हो चुका है। यही कारण है कि मानवीय उंगलियों के पोरों पर पाई जाने वाली अद्वितीय और अत्यंत बारीक रेखाएं भी अब इलेक्ट्रॉनिक विश्लेषण के माध्यम से आसानी से निकाली जा सकती हैं। अंतरजाल सुरक्षा विशेषज्ञ ली चांग ने अपने हालिया प्रदर्शनों में यह प्रमाणित करके दिखाया है कि उच्च गुणवत्ता वाली साधारण तस्वीरों से भी पूरी तरह उपयोग में लाए जा सकने वाले उंगलियों के निशान प्राप्त किए जा सकते हैं। इस सुरक्षा संकट से जुड़े वैज्ञानिक अध्ययनों और आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो यह स्थिति और भी भयावह प्रतीत होती है। सुरक्षा विशेषज्ञों के विश्लेषण के अनुसार, यदि कोई तस्वीर लगभग 1.5 मीटर की दूरी से ली गई हो और उपकरण के चित्र-यंत्र की गुणवत्ता उत्तम स्तर की हो, तो उस चित्र से उंगलियों के निशान शत-प्रतिशत स्पष्टता के साथ प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यदि तस्वीर 1.5 से 3 मीटर की दूरी से भी ली गई हो, तब भी आधुनिक एआई प्रणालियों की सहायता से उंगलियों के लगभग 50 प्रतिशत तक के रेखा-स्वरूप को सफलतापूर्वक निकाला जा सकता है। यद्यपि सामान्य जन के लिए यह एक साधारण सा आंकड़ा लग सकता है, परंतु अंतरजाल अपराध और पहचान की चोरी करने वाले अपराधियों के लिए इतनी आंशिक जानकारी भी अत्यंत विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। जापान के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने कई वर्ष पूर्व ही इस विषय पर गहन शोध करके दुनिया को सचेत किया था कि इस प्रकार की मुद्राओं वाली तस्वीरों से उंगलियों के निशानों को बहुत सुगमता से पढ़ा जा सकता है। अब जब एआई की शक्ति कई गुना बढ़ चुकी है, तब इस तकनीकी खतरे की गंभीरता पहले की तुलना में कहीं



अधिक व्यापक हो चुकी है। उंगलियों के निशानों के लीक होने का यह संकट किसी भी सामान्य कूटशब्द की चोरी से अत्यधिक गंभीर माना जाता है। यदि किसी उपयोगकर्ता का कोई कूटशब्द या गोपनीय संख्या चोरी हो जाती है, तो वह तत्काल उसे बदलकर एक नया और सुदृढ़ कूटशब्द निर्मित कर सकता है। इसके विपरीत, मनुष्य की उंगलियों के निशान उसके संपूर्ण जीवनकाल में अपरिवर्तनीय रहते हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी उंगलियों के प्राकृतिक निशानों को बदल नहीं सकता है। यही मुख्य कारण है कि इस प्रकार के जैव-पहचान संबंधी आंकड़ों का दुरुपयोग किसी भी व्यक्ति के लिए दीर्घकालिक समस्या उत्पन्न कर सकता है। एक बार यदि किसी अपराधी समूह या अवांछित प्रणाली के पास किसी नागरिक की उंगलियों के निशानों का सटीक रेखा-स्वरूप पहुंच जाता है, तो वह अपराधी भविष्य में कई वर्षों तक उस व्यक्ति के नाम पर विभिन्न प्रकार के वित्तीय अपराध करने का प्रयास कर सकता है। आज संपूर्ण विश्व में आधुनिक दूरभाष, संगणक, बैंकिंग सेवाएं, सरकारी प्रणालियां और उच्च सुरक्षा वाले संस्थान उंगलियों के निशानों पर आधारित पहचान प्रणाली पर पूरी तरह निर्भर हो चुके हैं। अधिकांश कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए इन जैव-पहचान उपकरणों का ही उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही हवाई अड्डों, सीमा सुरक्षा चौकियों और अन्य संवेदनशील राष्ट्रीय संस्थानों में भी पहचान की पुष्टि के लिए उंगलियों के निशानों का उपयोग निरंतर बढ़ रहा है। ऐसी संवेदनशील व्यवस्था में यदि किसी निर्दोष नागरिक की जैव-पहचान संबंधी गोपनीय जानकारी गलत हाथों में चली जाती है, तो उसके परिणामस्वरूप पहचान की चोरी, गंभीर बैंकिंग धोखाधड़ी, बैंक खातों से धन की अवैध निकासी और प्रतिबंधित क्षेत्रों में अनधिकृत प्रवेश जैसी अत्यंत विकट समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। एआई पर आधारित इस तकनीक के क्षेत्र में हो रहे नित नए शोधों से कुछ और चौंकाने वाले तथ्य भी सामने आए हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह देखा गया है कि मशीन पर आधारित आधुनिक कलन विधियां अब ऐसे कृत्रिम अथवा नकली उंगलियों के निशान भी तैयार कर सकती हैं जो विभिन्न सुरक्षा उपकरणों को भ्रमित करने में सक्षम हैं। वैज्ञानिकों ने प्रयोगशालाओं में ऐसे कृत्रिम और एआई जनित निशानों को विकसित करने में सफलता पाई है जिन्हें कुछ संवेदनशील सुरक्षा प्रणालियों ने वास्तविक मानकर स्वीकार कर लिया। यह उभरती हुई स्थिति स्पष्ट संकेत देती है कि आने वाले समय में अंतरजाल सुरक्षा की चुनौतियां मानवीय कल्पना से भी अधिक जटिल और बहुआयामी होने वाली हैं। हालांकि, इस विषय के दूसरे पहलू को स्पष्ट करते हुए विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि सामाजिक माध्यमों पर डाली गई प्रत्येक तस्वीर से तत्काल कोई बैंक खाता अवरुद्ध नहीं हो जाता और न ही हर सामान्य चित्र इतना बड़ा संकट उत्पन्न करता है। अंतरजाल अपराधी सदैव हमारी असावधानी और सुरक्षा तंत्र की कमजोरियों की ताक में रहते हैं, इसलिए इस आभासी संसार में निरंतर सतर्कता ही हमारी सबसे बड़ी रक्षा कवच है। अंततः, यह तकनीक का युग है जो मानव जीवन को सुगम बनाने के साथ-साथ नई चुनौतियां भी दे रहा है। आज एक साधारण सा स्व-चित्र केवल एक सुंदर दृश्य नहीं है, बल्कि वह हमारी अत्यंत निजी जानकारी का स्रोत भी बन सकता है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम तकनीक के लाभों का सहर्ष उपयोग करें, किंतु उसके छिपे हुए खतरों के प्रति भी समान रूप से सजग रहें। थोड़ी सी सतर्कता हमें भविष्य के किसी बड़े नुकसान से बचा सकती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

सम्मान से सुशासन
बलकार सिंह पूनियां



# पंचायतों की लगातार बदलती विकास यात्रा

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़ें गांवों में स्थित ग्राम पंचायतों में निहित हैं। संसद और विधानसभाएं राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर लोकतंत्र को दिशा देती हैं, परंतु लोकतंत्र की वास्तविक आत्मा गांवों में ही जीवित रहती है। भारतीय संविधान के 73वें संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाया गया। इसका उद्देश्य केवल प्रशासनिक विकेंद्रीकरण नहीं था, बल्कि ग्रामीण समाज को विकास प्रक्रिया का सहभागी बनाना था। आज राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 और पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 यह सिद्ध करते हैं कि पंचायतें अब केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाइयां नहीं, बल्कि सुशासन, सामाजिक न्याय और सतत विकास की अग्रणी संस्थाएं बन चुकी हैं। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा घोषित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के अंतर्गत देशभर की 42 पंचायतों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान केवल उपलब्धियों की औपचारिक स्वीकृति नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत में उभरती उत्तरदायी और पारदर्शी शासन संस्कृति का प्रमाण है। कर्नाटक को छह पुरस्कार तथा आंध्र प्रदेश और ओडिशा को पांच-पांच पुरस्कार प्राप्त होना इस तथ्य को दर्शाता है कि विभिन्न राज्यों की पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचारी विकास मॉडल प्रस्तुत कर रही हैं। यह इस बात का संकेत है कि यदि पंचायतों को सही संसाधन, नेतृत्व और जनसहभागिता मिले, तो वे विकास की नई इबारत लिख सकती हैं। इन पुरस्कारों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इन्हें सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण से जोड़ा गया है। गरीबी-मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल-हितैषी पंचायत, जल-पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, सामाजिक न्याय पंचायत, महिला-हितैषी पंचायत तथा आत्मनिर्भर आधारभूत संरचना जैसी श्रेणियां यह स्पष्ट करती हैं कि पंचायतों की भूमिका अब केवल सड़क, नाली और बिजली तक सीमित नहीं रही। अब पंचायतों से अपेक्षा की जा रही है कि वे समग्र ग्रामीण विकास का नेतृत्व करें और सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यावरणीय प्रगति सुनिश्चित करें। विशेष रूप से महिला-हितैषी पंचायतों को सम्मानित किया जाना ग्रामीण समाज में बढ़ते महिला नेतृत्व का संकेत है। पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी ने निर्णय प्रक्रिया को अधिक संवेदनशील और जनोन्मुख बनाया है। आज अनेक महिला सरपंच शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण जैसे विषयों पर उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। इसी प्रकार सामाजिक न्याय पंचायतों को पहचान देना यह दर्शाता है कि विकास केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और समान अवसर सुनिश्चित करने की प्रक्रिया भी है।पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 भारतीय ग्रामीण शासन व्यवस्था में एक ऐतिहासिक पहल है। यह पंचायतों का केवल प्रशासनिक मूल्यांकन नहीं करता, बल्कि आंकड़ा-आधारित पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देता है। वित्तीय वर्ष 2023–24 की रिपोर्ट के अनुसार 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 2,59,867 ग्राम पंचायतों एवं पारंपरिक स्थानीय निकायों ने सत्यापित आंकड़े प्रस्तुत किए। लगभग 97.3 प्रतिशत भागीदारी यह सिद्ध करती है कि पंचायतों में डिजिटल शासन और जवाबदेही के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। यह ग्रामीण भारत में डेटा-आधारित योजना निर्माण की नई संस्कृति को भी दर्शाता है। रिपोर्ट का महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि पंचायतों का मूल्यांकन अब केवल प्रक्रियाओं के आधार पर नहीं, बल्कि विकासात्मक परिणामों के आधार पर किया जा रहा है। अग्रणी श्रेणी में 3,635 ग्राम पंचायतों का शामिल होना और लगभग 1,18,824 पंचायतों का प्रदर्शनकारी श्रेणी में आना यह बताता है कि पंचायतें विकास की नई परिभाषा गढ़ रही हैं। गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सुधार, जल संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण जैसे मानकों पर उनका प्रदर्शन मापा जा रहा है। गरीबी-मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत श्रेणी में हजारों पंचायतों की सफलता विशेष उल्लेखनीय है। यह दर्शाता है कि स्थानीय स्तर पर रोजगार, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी प्रयास हुए हैं। स्वयं सहायता समूहों, कृषि आधारित उद्यमों और मनरेगा जैसी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। इसी प्रकार स्वस्थ पंचायत श्रेणी में पंचायतों की उपलब्धियां यह दर्शाती हैं कि अब पंचायतें स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण और स्वच्छता जैसे विषयों पर भी प्रभावी हस्तक्षेप कर रही हैं। पंचायतों की सफलता केवल ग्रामीण भारत की सफलता नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और सतत विकास की पहचान भी है।

(लेखक इग्नू में सहायक आचार्य ग्रामीण विकास विभाग हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया।

## ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था। बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तिलहन उत्पादन बढ़ाने की जरूरत

प्रधानमंत्री ने भारतवासियों को खाने वाले तेल की मात्रा खाने में कम करने की अपील की है, क्योंकि इसका ज्यादा प्रयोग हमारे देश के धन को दूसरे देशों में भेजने में मदद करता है, हमारे देश में लगभग 60 प्रतिशत के करीब खाद्य तेल विदेशों से आता है, इनमें मुख्यतः ब्राजील, इंडोनेशिया आदि देश हैं। इसलिए सरकार ने अब देश में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं को अमल में लाने पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन सवाल तो यह है कि आज तक इसके बारे मे क्यों गंभीरता नहीं दिखाई गई? यह तभी कामयाब होगा जब कृषि विभाग, किसान इसे कामयाब करने के लिए गंभीरता दिखाएंगे, तो देश में किसी भी खाने वाले तेल के दाम आसमान न छू पाएं और इनका ज्यादा से ज्यादा निर्यात करें, जिससे भारत की आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक असर पड़े और किसानों की आय भी बढ़े। -संतोष पटेल, धमतरी

## ट्रेंड

### जन्मदिन की बधाई



एच.डी. देवेगौड़ा को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट योगदान दिया है। वह नीतिगत मुद्दों की गहरी समझ और वंचितों की सेवा के प्रति अपने समर्पण के लिए जाने जाते हैं। हम उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### तय जगह पर पढ़ें नमाज



नमाज पढ़नी है तो तय जगह पर पढ़िए। संख्या ज्यादा है तो शिफ्ट में पढ़ लीजिए। हम नमाज नहीं रोकेंगे, लेकिन सड़क पर अराजकता नहीं होने देंगे। सड़कें नमाज पढ़ने या किसी तरह की भीड़ जुटाने के लिए नहीं हैं। -योगी आदित्यनाथ, सीएम, यूपी

### सहकर्मियों का पुनर्मिलन



जब नेतागण केरल पहुंचे तो ऐसा लगा जैसे "दोस्तों और सहकर्मियों का पुनर्मिलन" हो रहा हो। माहौल में आशा, ऊर्जा और उत्साह स्पष्ट रूप से व्याप्त है। यही ऊर्जा तब और भी प्रबल होगी जब हम सब मिलकर अपने सबसे बड़े साझा लक्ष्य की ओर काम करेंगे। -ए. रेवंत रेड्डी, सीएम, तेलंगाना

### गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं



मैं स्पष्ट संदेश दे रहा हूं कि इस तरह की अशांति, गुंडागर्दी और राष्ट्रविरोधी, समाजविरोधी गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम ऐसी चीजों को जारी नहीं रहने देंगे। -शुभेंदु अधिकारी, सीएम, पश्चिम बंगाल

## करंट अफेयर

### ईरानी नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस की अस्पताल से छुट्टी



ईरान की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को दो सप्ताह से अधिक समय तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद सोमवार को तेहरान के एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनके समर्थकों ने यह जानकारी दी। मोहम्मदी (54) को घर पर ही रहने और आगे की देखभाल और दैनिक फिजियोथेरेपी कराने की सलाह दी गयी है। मोहम्मदी के बेहोश हो जाने के बाद एक मई को उन्हें आपातकालीन स्थिति में जेल से उत्तर पश्चिमी ईरान के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लगभग 10 दिन बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया और तेहरान के अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां विशेषज्ञों ने उनकी जांच की। उन्हें 2023 में जेल में रहते हुए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। मोहम्मदी को अपने करियर में कई बार जेल जाना पड़ा है। उनकी नवीनतम कैद दिसंबर में शुरू हुई जब उन्हें उत्तरपूर्वी ईरानी शहर मशहद में गिरफ्तार किया गया था। उनके परिवार ने कहा है कि जेल में उसकी सेहत बिगड़ रही थी, जिसका एक कारण यह था कि गिरफ्तारी के दौरान उसकी जमकर पिटाई की गई थी। उन्हें मार्च में दिल का दौरा पड़ा था और जेल जाने से पहले से ही उनके फेफड़े में खून का थक्का जमा हुआ था, जिसके प्रबंधन के लिए रक्त पतला करने वाली दवाओं और निगरानी की आवश्यकता होती है।

## ऑफ बीट

### मनुष्यों के लिए खतरनाक हो सकती है भीषण गर्मी



गर्मी हर साल हजारों लोगों को चुपचाप निगल रही है और यह दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। उत्तरी गोलार्द्ध में अत्यधिक गर्मी को लेकर मीडिया की रिपोर्टिंग स्पष्ट है : रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने मानव अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। एक अनुमान है कि 'ब्रिटेन तीन दशकों में अत्यधिक गर्म हो सकता है' जो निश्चित तौर पर 97 प्रतिशत मानवता के लिए चिंता का विषय है जो ब्रिटेन के मुकाबले अधिक गर्मी वाले स्थानों पर रहते हैं। अच्छी खबर यह है : ब्रिटेन के लोगों को 2050 तक स्वीडन नहीं जाना पड़ेगा। बुरी खबर है : पहले ही जानलेवा गर्मी है जो बदतर होती जा रही है और जल्द ही एक बहुत बड़ी समस्या बन सकती है। गर्मी चुपचाप लोगों की जान ले रही है और यह अन्य किसी प्राकृतिक आपदा के मुकाबले अधिक संख्या में मौतों के लिए जिम्मेदार है। हाल के दशकों में यूरोप में भीषण गर्मी ने हजारों लोगों की जान ली है। विकासशील देशों में मृतकों की संख्या की उचित तरीके से गिनती नहीं की गयी है और संभवतः मृतकों की संख्या कहीं अधिक है। लेकिन कुछ इससे भी बुरा होने वाला है और हमें इसके लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। अब पृथ्वी पर औसत सतह तापमान सर्वोच्च स्तर पर है। हाल में पड़ी भीषण गर्मी वैश्विक ताप वृद्धि के निशान छोड़ती है जो बाढ़ या सूखे जैसे जलवायु परिवर्तन के किसी भी असर से कहीं ज्यादा है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

**प्रेरणा**

विश्वास वह दर्पण है, जो आपकी क्षमता को दर्शाता है, इसे मजबूत बनाओ और आगे बढ़ो। -विल्बरफोर्स

**संपादकीय**

## संकट की स्थिति में नए उपाय खोजने जरूरी हैं

खाड़ी संकट से तेल और खाद के दाम और बढ़े तो महंगाई बेलगाम होगी, कृषि पर असर होगा, न बढ़े तो शिक्षा, स्वास्थ्य और लोक कल्याण कार्यों के अलावा बुनियादी ढांचे पर खर्च घटाना होगा। कर्ज लिया तो राजकोषीय घाटा आसमानी होगा। सरकार ने कहा है कि 12.22 लाख करोड़ के सरकारी पूंजीगत-व्यय में कोई कटौती नहीं होगी। फिर रास्ता क्या है? कहते हैं संकट के समय परिवार को उबारने के लिए गरीब/मध्यम वर्ग की गृहणियां अपनी सबसे प्यारी चीज जेवर बेचती हैं। सरकार के विभागों खासकर रेलवे, रक्षा और पोर्ट ट्रस्ट, सार्वजनिक उपक्रमों आदि के पास करीब 20-25 हजार वर्ग किमी जमीनें हैं। इन्हें आंशिक या उपयोगिता के आधार पर वर्गीकृत कर बेचा या दीर्घकालिक लीज पर दिया जा सकता है। इससे निजी निवेश भी आएगा। इस लैंडबैंक का यथोचित भाग सुरक्षा और आपदा स्थिति के लिए छोड़ने के बाद भी वित्त मंत्रालय के अनुसार इस प्रक्रिया से 16-17 लाख करोड़ रु. आ सकते हैं। पिछले साल का एक प्रस्ताव है, जिसमें सेना के 62 कैंटोनमेन्ट्स के पास प्राइम लोकेशंस में 1.60 लाख एकड़ जमीन है, जिसका आधा भी बेचने पर 8 लाख करोड़ की आय होगी। हमें याद रखना चाहिए कि भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था तो है लेकिन इसका आयात निर्यात से काफी ज्यादा है। ऐसे में विदेश निवेशक भी मान रहे हैं कि देश में आर्थिक संकट रहेगा।

**जीने की राह**



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

## हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हमारे कार्यों से दुर्गुण गिर जाएं

हम लोग अधिकांश मौकों पर प्रतिक्रिया में ही जीते हैं। किसी ने कुछ हमसे कहा, हमारे लिए अच्छा किया या बुरा किया और हम तुरंत रिएक्ट करते हैं। धीरे-धीरे हमारा मौलिक कृत्य समाप्त हो जाता है। हम प्रतिक्रिया के पुतले बनकर रह जाते हैं। हमारे सुख और दुःख का रिमोट दूसरों के हाथ में चला जाता है। जबकि होना तो ये चाहिए कि हमारा कृत्य धीरे-धीरे सृजन में बदल जाए। और जब कोई भी काम रचनात्मक होता है तो हम अपने आप ईश्वर की ओर चल पड़ते हैं। हमारे कृत्य में से जब दुर्गुण गिर जाते हैं तो फिर वह काम पूजा हो जाता है। पूजा का परिणाम ईश्वर का सान्निध्य है। काकभुशुंडि जी ने गरुड़ जी से कहा- काम क्रोध मद लोभ रत, गृहासक्त दुखरूप, ते किमि जानहिं रघुपतिहि, मूढ़ परे तम कूप। जो काम, क्रोध, मद और लोभ में रत हैं और दुःख-रूप घर में आसक्त हैं, वे रघुनाथ जी को कैसे जान सकते हैं? वे मूर्ख तो अंधकार रूपी कुएं में पड़े हैं। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हमारे कार्यों में से दुर्गुण गिर जाएं। जो उपलब्ध होगा, वो श्रेष्ठ होगा।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

**मुद्दा** • आखिर कब तक लीक होते रहेंगे पेपर?

# परीक्षा-प्रणाली पर भरोसे का डगमगाना एक बड़ी त्रासदी है

**नीट-यूजी**



आरती जेरथ
राजनीतिक टिप्पणीकार
aratijerath@gmail.com

**3 मई** को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा (देशभर के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए केंद्रीय परीक्षा) का पेपर लीक होने के बाद उसे रद्द किया जाना लाखों छात्रों और उनके परिवारों के लिए किसी गहरे आघात से कम नहीं है। इन छात्रों और उनके परिवारों ने महीनों, बल्कि वर्षों तक अपनी जिंदगी को इस उम्मीद में थाम रखा था कि यह एक परीक्षा उनके लिए बेहतर भविष्य का दरवाजा खोलेगी। हालांकि नई परीक्षा 21 जून को होना तय की गई है, लेकिन इस कैंसलेशन का असर लगातार गहराता जा रहा है। अब तक कम से कम तीन अभ्यर्थी आत्महत्या कर चुके हैं, जबकि हजारों अन्य मानसिक अवसाद से जूझ रहे हैं। उनके सामने फिर से चिंता, अनिश्चितता और कठोर पढ़ाई का एक और दुष्चक्र खड़ा हो गया है।

सरकार ने मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं और अब तक नौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह लीक अब अनेक शहरों में फैले घोटाले का रूप लेता दिख रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यह कहते हुए परीक्षा रद्द करने को उचित ठहराया कि सरकार नहीं चाहती योग्य छात्रों को तकलीफें उठानी पड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि अगले वर्ष से नीट-यूजी पेन-एंड-पेपर प्रणाली के बजाय कंप्यूटर पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी, और जो छात्र री-एग्जाम में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें परीक्षा-फीस लौटाई जाएगी।

लेकिन 3 मई को परीक्षा देने वाले अनुमानित 22.05 लाख छात्रों के लिए परीक्षा-शुल्क इतना मायने नहीं रखता। देश की प्रतिस्पर्धी परीक्षा-व्यवस्था छात्रों और उनके परिवारों से कमरतोड़ कीमत वसूलती है। अभी-अभी किशोरावस्था से बाहर आए लड़के-लड़कियों को कोटा, सीकर, प्रयागराज जैसे शहरों की 'कोचिंग फैक्ट्रियों' में भेज दिया जाता है। वे दोस्तों से दूर हो जाते हैं, उनकी दिनचर्या बिगड़ जाती है और वे शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य-समस्याओं से जूझते हैं। वे सफल होने की उम्मीद में घंटों पढ़ाई में जुटे रहते हैं। यह महीनों, कभी-कभी वर्षों तक चलता रहता है और अभ्यर्थी अपने सपनों की परीक्षा पास करने के लिए खुद को टूटने की कगार तक धकेल देते हैं।

विशेषकर टियर-2 और टियर-3 शहरों में रहने वाले मध्यमवर्गीय परिवार अपने बच्चों को मेडिकल कॉलेज या किसी आईआईटी में भेजने का सपना पालते हैं और उसके लिए किसी भी त्याग को तैयार रहते हैं। वे इन कोचिंग संस्थानों की फीस और बच्चों के रहने-खाने के खर्च के लिए अपनी जीवनभर की बचत दांव पर लगा देते हैं। अकसर वे अपने दूसरे बच्चों की शादियां टाल देते हैं, घर की मरम्मत का काम रोक देते हैं, यहां तक कि अपना इलाज भी टाल देते हैं, इस उम्मीद में कि उनके बच्चे एक दिन योग्य डॉक्टर, इंजीनियर बनेंगे या कोई प्रतिष्ठित नौकरी हासिल करेंगे।

एनटीए की स्थापना 2018 में इस उद्देश्य से की गई थी कि सरकारी संस्थानों में इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसे प्रमुख पेशेवर पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का संचालन केंद्रीकृत किया जा सके। एनटीए जिन परीक्षाओं का आयोजन करती है, उनमें आईआईटी के लिए जेईई (मेन), नीट-यूजी, सीयूईटी-यूजी, यूजीसी-नेट और सीएसआईआर-नेट जैसी परीक्षाएं शामिल हैं। लेकिन पेपर लीक और परीक्षाओं के रद्द होने से जुड़े विवादों ने उसके रिकॉर्ड को लगातार दागदार किया है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2024 में संसद को दिए आंकड़ों के अनुसार यद्यपि एनटीए ने 240 परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित कीं, लेकिन उसी अवधि तक उसे प्रतिष्ठित पदों और प्रवेशों से जुड़ी कम से कम 16 महत्वपूर्ण परीक्षाएं स्थगित भी करनी पड़ी थीं। 2025 में शिक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने पाया कि 2024-25 की अवधि में एनटीए द्वारा आयोजित 14 प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में से कम-से-कम पांच को पेपर लीक और परिणामों के संकलन में त्रुटियों जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ा। उदाहरण के लिए, जेईई (मेन) 2025 में अंतिम उत्तर-कुंजी में पाई गई गलतियों के कारण 12 प्रश्नों को वापस लेना पड़ा था।

**उस परीक्षा-व्यवस्था की विश्वसनीयता को बड़ा आघात लगा है, जिसे युवाओं को समान अवसर देने वाली पारदर्शी प्रणाली होना चाहिए। लोग कब तक ऐसी एजेंसी पर भरोसा करते रहेंगे, जिसने बार-बार उन्हें निराश किया है?**

सबसे गंभीर बात यह है कि यह पहली बार नहीं है जब नीट-यूजी किसी घोटाले में घिरी हो। 2024 में भी पेपर लीक हुआ था। उस वर्ष मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जिसने यह तो माना था कि पेपर लीक हुआ था, लेकिन यह कहते हुए परीक्षा रद्द करने से इनकार कर दिया कि री-एग्जाम छात्रों पर अत्यधिक बोझ डालेगा। शिक्षा मंत्रालय को इस प्रश्न का उत्तर देना चाहिए कि आखिर पेपर लीक और अन्य समस्याएं लगातार एनटीए का पीछा क्यों कर रही हैं? एनटीए द्वारा आयोजित नहीं की जाने वाली परीक्षाएं- जैसे सीबीएसई और यूपीएससी की परीक्षाएं तो अमूमन इन समस्याओं से अछूती रहती हैं। (ये लेखिका के अपने विचार हैं)

**दूरदृष्टि** • अमेरिका की तुलना में चीनी मुद्रा कमजोर

# चीन के पास आज भी डॉलर के प्रभुत्व का कोई तोड़ नहीं है

**फाइनेंस**



रुचिर शर्मा
ग्लोबल इन्वेस्टर व लेखक
breakoutnations@gmail.com

**पिछले** सप्ताह हुई बीजिंग समिट ने एक बार फिर उस 'साम्राज्यवादी सन्ध्यावेला' की चर्चा को हवा दे दी, जिसके अनुसार अमेरिका कथित रूप से अपना महाशक्ति का ताज चीन को सौंपने जा रहा है। लेकिन इसके बावजूद एक क्षेत्र ऐसा है, जिसमें स्थिति बिल्कुल उलट है। यह है वित्तीय प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र। इसमें चीन ठहराव का शिकार हो रहा है और अमेरिका बिना किसी विशेष प्रयास के भी प्रभुत्वशाली बना हुआ है।

दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच वित्तीय शक्ति का अंतर इतिहास में कभी भी इतना व्यापक नहीं रहा था। यदि हम अमेरिका से लेकर ब्रिटेन, फ्रांस, नीदरलैंड्स और फिर 15वीं शताब्दी तक के साम्राज्यों की शृंखला को देखें, तो सामान्यतः उभरती हुई चैलेंजर-शक्ति सैन्य क्षमता से लेकर व्यापार तक व्यापक ताकत विकसित करती थी। चीन लगभग हर दृष्टि से उसी परंपरा का अनुसरण करता है, सिवाय वित्त के क्षेत्र में। अतीत और वर्तमान की प्रतिद्वंद्वी मुद्राओं के विपरीत चीन की करेंसी रेनमिन्बी को अभी तक अंतरराष्ट्रीय मुद्रा के रूप में बहुत कम स्वीकृति मिली है।

सामान्यतः जब कोई साम्राज्य आर्थिक शक्ति अर्जित करता है, तो उसकी मुद्रा केंद्रीय बैंकों द्वारा रखे जाने वाले विदेशी मुद्रा भंडार में बढ़ती हिस्सेदारी हासिल करने लगती है। लेकिन वैश्विक जीडीपी में 17 प्रतिशत हिस्सेदारी होने के बावजूद केंद्रीय बैंक भंडार में चीन की हिस्सेदारी केवल 2 प्रतिशत है। इस प्रकार चीन अपने उदय के समान चरण पर मौजूद पूर्व महाशक्तियों की तुलना में लगभग 30 से 40 वर्ष पीछे चल रहा है।

इसी तरह व्यापार के क्षेत्र में भी जब कोई उभरती हुई शक्ति अपनी पकड़ मजबूत करती है, तो दुनिया उसकी मुद्रा में अधिक भुगतान स्वीकार करने लगती है- भले ही उस लेन-देन में वह नई शक्ति प्रत्यक्ष रूप से शामिल न हो। इतिहास को देखें तो अपने चरम पर ब्रिटेन की वैश्विक व्यापार में हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, लेकिन व्यापारिक भुगतानों में उसकी मुद्रा पाउंड-स्टर्लिंग की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। इसके विपरीत, चीन की वैश्विक व्यापार में अग्रणी 15 प्रतिशत हिस्सेदारी है, लेकिन व्यापारिक बिलों में केवल 2 प्रतिशत का भुगतान ही रेनमिन्बी में होता है।

फेडरल रिजर्व का एक सूचकांक यह दर्शाता है कि व्यापार, मुद्रा विनिमय, ऋण और अन्य बड़े लेन-देन में दुनिया प्रमुख मुद्राओं का कितना व्यापक उपयोग करती है। वर्ष 2000 से अब तक इस सूचकांक में रेनमिन्बी की हिस्सेदारी शून्य से बढ़कर मात्र 2.5 प्रतिशत तक ही पहुंच सकी है। और यह उस दौर में हो रहा है, जब दुनिया पहले से कहीं अधिक 'फाइनेंशियलाइज्ड' हो चुकी है। शेयर बाजार, बैंक ऋण और कर्ज के स्तर- सभी विश्व अर्थव्यवस्था के अनुपात में विस्फोटक ढंग से बढ़े हैं। पिछली आधी शताब्दी में वित्तीय परिसंपत्तियों का मूल्य चार गुना बढ़कर वैश्विक जीडीपी के 400 प्रतिशत से भी अधिक हो गया है।

डॉलर की सर्वव्यापकता अमेरिका को कई स्तरों पर वैश्विक व्यवस्था को नियंत्रित करने की क्षमता देती है। डॉलर की ऊंची मांग अमेरिका की उधारी लागत को कम रखती है और उसे लगातार बड़े राजकोषीय तथा व्यापारिक घाटे चलाने की अनुमति देती है। किसी अन्य राष्ट्र को यह विशेषाधिकार या उससे मिलने वाला भू-राजनीतिक प्रभाव प्राप्त नहीं है। चूंकि डॉलर-प्रधान वित्तीय व्यवस्था पर अमेरिका का नियंत्रण है, इसलिए वह देशों की वित्तीय नेटवर्क तक पहुंच रोककर उन पर दबाव बना सकता है- और कई बार बना भी चुका है।

**डॉलर की ऊंची मांग अमेरिका की उधारी लागत को कम रखती है और उसे लगातार बड़े राजकोषीय-व्यापारिक घाटे चलाने की अनुमति देती है। किसी अन्य देश को यह विशेषाधिकार या उससे मिलने वाला भू-राजनीतिक प्रभाव प्राप्त नहीं।**

जब तक चीन इस वित्तीय मारक क्षमता की बराबरी नहीं कर लेता, तब तक वह एक अधूरी महाशक्ति बना रहेगा। दशकों से उसने अपनी वित्तीय व्यवस्था को किसी भी अन्य प्रमुख राष्ट्र की तुलना में कहीं अधिक कड़े नियंत्रण में रखा है। खुले बाजार सामान्यतः विश्वास बढ़ाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि नियंत्रणों में ढील देने से पूंजी के आउटफ्लो की तुलना में उसका इनफ्लो अधिक बढ़ सकता है, जिससे आर्थिक वृद्धि और शेयर बाजार रिटर्न दोनों को बल मिलता है। अगर चीन अधिक साहसिक वित्तीय उदारीकरण नहीं करता है, तो वह कभी भी इस क्षेत्र में अमेरिका के प्रभुत्व को चुनौती नहीं दे पाएगा और न ही अपनी महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा को पूरी तरह साकार कर सकेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

दैनिक भास्कर — अब आप NYT के सभी आर्टिकल DB एप पर हर मंगलवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

© The New York Times

दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत


**बिजनेस** ईरान युद्ध में अमेरिका ने तेल, गैस और क्रूड ऑइल प्रोडक्ट बेच कर की कमाई, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान जैसे गल्फ के देश सकंट में हैं

# अमेरिका ने तेल से 4.81 लाख करोड़ अधिक कमाए, रूस को भी फायदा, खाड़ी देशों को घाटा

एमी फैन्, रेबेका इलियट

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध अब दुनिया को गंभीर ऊर्जा संकट की ओर धकेल रहा है। तेल उत्पादन घटा है, इससे वैश्विक बाजार में कच्चे तेल तथा गैस की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। इस संकट का असर हर देश पर समान नहीं है। कुछ देशों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जबकि कुछ ने इसी संकट में कमाई के नए मौके तलाश लिए हैं। सबसे बड़ा फायदा अमेरिका को हुआ है। दुनिया के सबसे बड़े तेल और गैस उत्पादक के रूप में अमेरिका ने बढ़ती कीमतों का लाभ उठाते हुए तेल, गैस और ईंधन बेचकर करीब 4.81 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई की है। अमेरिकी कंपनियां लगातार सामान्य से अधिक तेल, डीजल और अन्य ईंधनों का निर्यात कर रही हैं। इससे वैश्विक बाजार में सप्लाई की कमी कुछ हद तक संतुलित हुई और कीमतों में और ज्यादा उछाल रुक सका। रूस को भी युद्ध से अप्रत्यक्ष फायदा हुआ है। उसका निर्यात पहले जैसा नहीं रहा, लेकिन अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ने से उसे अधिक मुनाफा मिल रहा है। दूसरी तरफ खाड़ी क्षेत्र के कई देशों के सामने स्थिति बेहद जटिल हो गई है। होर्मुज स्ट्रेट में संकट और आवाजाही प्रभावित होने से इराक, कुवैत, कतर समेत कई देशों को तेल और गैस उत्पादन तथा निर्यात घटाना पड़ा है। खास तौर पर कतर पर इसका गहरा असर पड़ा है, क्योंकि उसकी लगभग 60% आय गैस निर्यात से आती थी। निर्यात बाधित होने से उसकी आमदनी बुरी तरह प्रभावित हुई है। हालांकि सऊदी अरब जैसे कुछ देशों की स्थिति तुल्नात्मक रूप से बेहतर बनी हुई है। इसकी वजह यह है कि वे होर्मुज स्ट्रेट पर पूरी तरह निर्भर नहीं हैं और पाइपलाइनों के जरिए दूसरे बंदरगाहों से तेल भेज पा रहे हैं। सऊदी अरब का तेल निर्यात लगभग 15 करोड़ 20 लाख बैरल घटा, लेकिन कीमतों में वृद्धि के कारण आय 88 हजार करोड़ रुपए से अधिक बढ़ गई। एसएंडपी ग्लोबल में वैश्विक तेल अनुसंधान प्रमुख जिम बार्कहार्ड कहते हैं, लंबे समय तक संकट जारी रहने पर वे देश अधिक मजबूत बनेंगे जिनके पास वैकल्पिक निर्यात मार्ग हैं, जबकि होर्मुज पर निर्भर देशों की आर्थिक मुश्किलें और बढ़ेंगी। यही वजह है कि अब कई खाड़ी देशों ने होर्मुज स्ट्रेट से अलग नई पाइपलाइन परियोजनाओं और वैकल्पिक निर्यात मार्गों पर गंभीरता से काम शुरू कर दिया है।

|© The New York Times



कतर ने तेल की आय से बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया है। युद्ध के दौरान उस पर हुए हमलों से उसकी अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान हुआ है।

**तेल कारोबार में वृद्धि/ कमी, आमदनी**

| देश | बिक्री बैरल में | आय बढ़ी/घटी |
|---|---|---|
| • अमेरिका | +14.50 करोड़ | +4.81 लाख करोड़ |
| • रूस | -5.92 लाख | +1.44 लाख करोड़ |
| • सऊदी अरब | -15.20 करोड़ | +88538 करोड़ |
| • यूएई | -5.50 करोड़ | -15405 करोड़ |
| • कुवैत | -15 करोड़ | -96238 करोड़ |
| • कतर | -8.40 करोड़ | - 55818 करोड़ |
| • ओमन | - 33 लाख | -55800 करोड़ |
| • ईरान | -4.30 करोड़ | -23095 करोड़ |

*▪ प्लस और माइनस के चिह्न क्रूड ऑइल की बिक्री और आय (रुपए में) में कमी एवं वृद्धि को दर्शा रहे हैं।*

**रूसी तेल का मूल्य 41 से 120 डॉलर हो गया**

अप्रैल की शुरुआत में फिनलैंड को बेचे गए रूसी तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल हो गई थी जबकि ईरान युद्ध से पहले इसकी कीमत 41 डॉलर प्रति बैरल थी।

**सऊदी अरब की आय 88 हजार करोड़ रुपए बढ़ी**

युद्ध के दौरान सऊदी अरब का तेल निर्यात पिछले साल की तुलना में 15 करोड़ बैरल कम रहा, लेकिन महंगे तेल की बिक्री से उसकी आय 88538 करोड़ रुपए बढ़ गई।

**इस हफ्ते चर्चा में...**

## अमेरिका पर कर्ज के बढ़ते बोझ से जनता भी चिंतित



**100 प्रतिशत**

हो गया है अमेरिका पर कर्ज उसके जीडीपी का। कई सर्वेक्षणों में जनता ने बढ़ते बजट घाटे और कर्ज पर चिंता जताई है।

**77055 करोड़ रुपए**

के शेयर बेच दिए हैं हेज फंड कंपनी टीसीआई ने माइक्रोसॉफ्ट के। वहीं हेज फंड मैनेजर बिल एकमैन ने निवेश का इरादा जताया है।

**9-9 करोड़ रुपए**

से अधिक दिए हैं बोइंग और टोयोटा ने अमेरिका के परिवहन मंत्री सीन डफी पर रियलिटी टीवी वीडियो सीरीज बनाने के लिए।

**नजरिया** एआई दिग्गजों का खुलासा

## एआई का असर : ह्यूमैनिटीज, मनोविज्ञान में बढ़ेंगे अवसर

मॉरीन डाउड

एआई तेजी से दुनिया बदल रहा है। कई ऐसे काम, जिन्हें अब तक केवल इंसान कर सकते थे, अब मशीनें करने लगी हैं, लेकिन इसी बदलाव के बीच एक दिलचस्प ट्रेंड सामने आया है- टेक्नोलॉजी की दुनिया अब मानविकी यानी ह्यूमैनिटीज और लिबरल आर्ट्स की अहमियत को फिर से स्वीकार करने लगी है। पिछले कई दशकों से साइंस, इंजीनियरिंग, मैथ्स और टेक्नोलॉजी को करियर और सफलता का सबसे मजबूत रास्ता माना जाता रहा है। वहीं साहित्य, दर्शन, मनोविज्ञान और कला जैसे विषयों को अपेक्षाकृत कम महत्व दिया गया। लेकिन एआई के विस्तार ने इस सोच को चुनौती देना शुरू कर दिया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि एआई कोड लिख सकता है, डेटा विश्लेषण कर सकता है और दवाओं की खोज में मदद कर सकता है, लेकिन वह मानवीय भावनाओं, सहानुभूति, जिज्ञासा और गहरे अनुभवों को पूरी तरह नहीं समझ सकता। जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर ड्रियू लिक्टेनबर्ग का कहना है कि एआई सवालों के सीधे जवाब दे सकता है, लेकिन कला, दर्शन और मानवीय अनुभवों की गहराई को नहीं समझा सकता। अमेरिकी उद्योगपति मार्क क्यूबन भी मानते हैं कि एआई कई चौंकाने वाले काम करेगा, लेकिन इंसान की सबसे बड़ी ताकत उसकी जिज्ञासा और सोचने-समझने की क्षमता ही रहेगी। एआई कंपनी एंथ्रोपिक के सह-संस्थापक डेनियल अमेदोई ने भी कहा है कि आने वाले समय में इंसानी गुण ही सबसे महत्वपूर्ण होंगे। उनकी कंपनी नियुक्ति के दौरान सहानुभूति, करुणा और जिज्ञासा जैसे गुणों को प्राथमिकता दे रही है। अब कॉरपोरेट दुनिया में इमोशनल इंटेलिजेंस, कहानी कहने की क्षमता और मानवीय समझ को नई अहमियत मिल रही है। सत्य नडेला और अन्य टेक लीडर्स भी लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि एआई के प्रभुत्व वाले भविष्य में केवल तकनीकी कौशल ही पर्याप्त नहीं होंगे। © The New York Times

**कंप्यूटर साइंस में छात्र घटे**

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में साइंस, टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर रॉब रीच ने बताया कि कंप्यूटर साइंस के छात्र अपने भविष्य के संबंध में चिंतित हैं। स्टैनफोर्ड में पिछले बीस वर्षों में पहली बार बीते 18 महीनों से कंप्यूटर साइंस विषय में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या कम होती जा रही है।

**सोशल मीडिया**

## चुनावी प्रचार अभियान का हिस्सा बने इंफ्लुएंसर

केन बेनसिंगर

अमेरिका में सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर अब राजनीतिक प्रचार अभियानों का अहम हिस्सा बन चुके हैं। डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दोनों दल करोड़ों रुपए खर्च कर उनसे ऑनलाइन समर्थन जुटा रहे हैं। विवाद की बात यह है कि कई इंफ्लुएंसर यह सार्वजनिक नहीं करते कि उन्हें प्रचार के लिए पैसा कौन दे रहा है।

हाल ही में टिकटॉक इंफ्लुएंसर कार्लोस एस्पिना ने बताया कि उनके 1.45 करोड़ फॉलोअर हैं और वे कैलिफोर्निया गवर्नर पद के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार टॉम स्टेयर के लिए प्रचार कर रहे हैं। इसके बदले स्टेयर की चुनावी समिति उन्हें करीब एक लाख डॉलर का भुगतान कर रही है। अमेरिका के फेडरल चुनाव आयोग के मौजूदा नियम पारंपरिक विज्ञापनों पर तो लागू होते हैं, लेकिन सोशल मीडिया प्रचार पर निगरानी काफी कमजोर है। इसी वजह से कई राजनीतिक समूह यह जानकारी सार्वजनिक नहीं करते कि ऑनलाइन अभियान पर कितना पैसा खर्च हो रहा है। हालांकि कुछ भुगतान रिकॉर्ड में सामने आते हैं। उदाहरण के तौर पर, सोशल मीडिया मार्केटिंग फर्म 'क्रिएटर ग्रिड' को रिपब्लिकन नेशनल कमेटी ने 2023 से अब तक 8 करोड़ 52 लाख रुपए से ज्यादा का भुगतान किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि बड़ी रकम अक्सर एनजीओ के जरिए दी जाती है।

© The New York Times

**अपराध** दस्तावेजों में चौंकाने वाली जानकारी

## कई अमेरिकी सांसद यौन प्रताड़ना में लिप्त, समझौतों पर करोड़ों खर्चे

एनी कार्नी माइकेल, माइकेल गोल्ड

अमेरिकी में कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद के दोनों सदनों के भवन यहां हैं) का माहौल विवादों में बना हुआ है। सांसदों, पूर्व कर्मचारियों और महिला स्टाफ के बयान बताते हैं कि यहां सत्ता और प्रभाव के दम पर अनुचित व्यवहार की संस्कृति लंबे समय से बनी हुई है। चिंता की बात यह है कि शिकायत दर्ज कराना आज भी आसान नहीं है। पिछले वर्षों में हुए गुप्त समझौते, इस्तीफे और सामने आए आरोप इस समस्या की गंभीरता दिखाते हैं। कई महिला कर्मचारियों का कहना है कि युवा महिलाओं के लिए कैपिटल हिल में काम करना मानसिक दबाव और असुरक्षा से भरा अनुभव बन चुका है।

ऐसा ही मामला डेमोक्रेटिक पार्टी के पूर्व सांसद, एरिक स्वालवेल से जुड़ा है। उनकी पूर्व सहायक जिलियन मैकलाफलिन ने आरोप लगाया था कि स्वालवेल उन्हें आपत्तिजनक मैसेज भेजते थे, देर रात काम के बहाने बुलाते थे और निजी तौर पर बाहर चलने का दबाव बनाते थे। आरोपों के बढ़ने के बाद स्वालवेल को इस्तीफा देना पड़ा। रिपब्लिकन पार्टी की सांसद नैंसी मैके के दस्तावेजों ने भी कई सवाल खड़े किए हैं। इन दस्तावेजों के अनुसार पिछले 22 वर्षों में छह पूर्व सांसदों के खिलाफ यौन



उत्पीड़न मामलों में समझौते के लिए केवल सरकारी कोष से ही करीब 3 करोड़ रुपए की राशि दी गई। इसी बीच टेक्सास के रिपब्लिकन सांसद टोनी गोंजालेज ने स्टाफ की एक महिला सदस्य के साथ संबंध होने की बात स्वीकार की। बाद में उस महिला ने आत्महत्या कर ली। इस घटना ने कांग्रेस में शक्ति संतुलन और कार्यस्थल पर सुरक्षा को लेकर बहस छेड़ दी है। सांसदों के खिलाफ शिकायतों की जांच के लिए बनाई गई एथिक्स कमेटी भी सवालों के घेरे में है। जांच प्रक्रिया बेहद धीमी है और कई मामलों में वर्षों तक कार्रवाई नहीं होती। अक्सर सबूतों की कमी बताकर शिकायतें खारिज कर दी जाती हैं। ऐसे में भरोसा लगातार कमजोर हो रहा है और अमेरिकी लोकतंत्र की सबसे बड़ी संस्थाओं में से एक की कार्यसंस्कृति पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

© The New York Times

**कंज्यूमर ट्रेंड्स** ब्यूटी-पर्सनल केयर बाजार 2030 तक 3.8 लाख करोड़ का होगा, यह भारत की सबसे तेज बढ़ती रिटेल कैटेगरी

# परफ्यूम ने डिओडोरेंट को पीछे छोड़ा; बॉडी वॉश की ग्रोथ भी साबुन से ज्यादा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

ब्यूटी प्रोडक्ट्स अब तेजी से भारतीय उपभोक्ताओं की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन रहे हैं। बॉडी वॉश और सनस्क्रीन भी क्विक डिलीवरी ऐप से आने लगी है। रेडसीर स्ट्रेटजी कंसल्टेंट्स की रिपोर्ट के मुताबिक ऑनलाइन ब्यूटी और पर्सनल केयर बाजार 35% सालाना की दर से बढ़कर 56,000 करोड़ रुपए पहुंच गया है। लेकिन इस ग्रोथ की असली कहानी दो हिस्सों में बंटी है: एक तरफ आदत है, तो दूसरी तरफ इच्छा। ग्रूमिंग अब आदत बन चुका है और इस सेगमेंट की ग्रोथ सबसे ज्यादा 37% है। मेकअप और परफ्यूम की ग्रोथ 30% है। देश का कुल बीपीसी बाजार 2030 तक करीब 3.8 लाख करोड़ का होगा। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा और भारत की सबसे तेज बढ़ती रिटेल कैटेगरी है।




**तेजी से बढ़ती कैटेगरीज (वित्त वर्ष 2025-26)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बॉडी केयर | 65-70% | नेल मेकअप | 50% |
| बॉडी वॉश | 60-65% | परफ्यूम | 30-35% |
| सनस्क्रीन | 55-60% | डिओडोरेंट | 20% |

### सिर्फ चेहरा नहीं, अब पूरे शरीर की देखभाल का ट्रेंड

बॉडी वॉश 60-65% सालाना की दर से बढ़ रहा है, जबकि साबुन की ग्रोथ 40-45% है। खुशबू, स्किन केयर, सेल्फ-केयर। बॉडी केयर (लोशन, क्रीम) 65-70% की तेज ग्रोथ पर है। अब भारतीय सिर्फ चेहरे की नहीं, पूरे शरीर की देखभाल करने लगे हैं।

- सनस्क्रीन की कहानी और भी दिलचस्प है। एक समय गर्मियों में छत पर जाते वक्त लगाई जाती थी। अब यह रोज सुबह के रूटीन का हिस्सा है। 55-60% ग्रोथ इसी बदलाव का सबूत है।

### बदल रहा है ग्रूमिंग सेंस, नेल आर्ट का क्रेज बढ़ रहा है

ऑनलाइन ब्यूटी और पर्सनल केयर बाजार में परफ्यूम का हिस्सा अब बढ़कर 6 फीसदी पहुंच गया, जबकि डिओडोरेंट 3% से नीचे खिसक गया। यह महज आंकड़ों का फेरबदल नहीं है। यह दिखाता है कि भारतीय उपभोक्ता के लिए खुशबू अब पसीना रोकने का साधन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का हिस्सा बन चुकी है। ▪ नेल मेकअप भी 50% की रफ्तार से बढ़ रहा है। घर पर नेल आर्ट करना अब हजारों युवाओं की पहचान और शौक दोनों है।

### 10 मिनट में ब्यूटी प्रोडक्ट, एक साल में दोगुना बढ़ा ट्रेंड

क्विक कॉमर्स का ब्यूटी बाजार में हिस्सा वित्त वर्ष 2025 के 9% से बढ़कर 2026 में 18% हो गया। यानी एक साल में दोगुना। बॉडी केयर और बॉडी वॉश में क्विक कॉमर्स का हिस्सा 20-25% है।
- जेन जी और जेन एल्फा 2030 तक बीपीसी खर्च का 50% हिस्सा देंगे। 150 से ज्यादा नए ऑनलाइन-बिल्ट ब्रांड्स 2030 तक 100 करोड़+ रेवेन्यू पार करेंगे, कुल कैटेगरी का 25%+ हिस्सा इनके पास होगा।

**एआई की चुनौतियों के बीच दरियादिली**

## आईटी कंपनियों ने 1 लाख करोड़ का डिविडेंड दिया, ये नया रिकॉर्ड

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

देश की टॉप आईटी कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड ₹1 लाख करोड़ से अधिक का लाभांश (डिविडेंड) दिया। यह तब है, जब एआई की बढ़ती चुनौतियां, कमजोर आय और क्लाइंट्स के खर्च में सतर्कता के कारण आईटी शेयर काफी टूटे हैं। बीते वित्त वर्ष निफ्टी आईटी इंडेक्स में शामिल टॉप-10 कंपनियों का कुल डिविडेंड पेमेंट ₹1.01 लाख करोड़ रहा, जो 2024-25 के ₹96,782 करोड़ से 3.34% अधिक है। टीसीएस ने डिविडेंड 12.7% घटाकर ₹39,820 करोड़ और कोफोर्ज ने 20% घटकर ₹404 करोड़ कर दिया। लेकिन एचसीएल टेक ने ₹16,290 करोड़ पर स्थिर रखा। वहीं इन्फोसिस, एलटीआईमाइंडट्री, एमफैसिस, ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स, टेक महिंद्रा, विप्रो जैसी कंपनियों ने लाभांश में बढ़ोतरी की। विशेषज्ञ कहते हैं- आईटी कंपनियां निवेशकों का भरोसा बनाए रखने के लिए तगड़ा डिविडेंड देती हैं।

**बिजनेस ब्रीफ**

### आधार फ्री अपडेट की समयसीमा 1 साल बढ़ी

**नई दिल्ली** | यूआईडीएआई ने 'माई आधार पोर्टल' पर मुफ्त आधार दस्तावेज अपडेट सुविधा की समयसीमा 1 साल बढ़ाकर 14 जून, 2027 कर दी है। अब आधार धारक पहचान और पते से जुड़े दस्तावेज ऑनलाइन बिना किसी शुल्क के अपडेट कर सकेंगे। साथ ही, मौजूदा एमआधार एप की जगह नया एप लाया गया है। इसमें क्यूआर-आधारित सुरक्षित आधार शेयरिंग, बेहतर प्राइवेसी कंट्रोल है।

### सरकार का घाटा जीडीपी के 2.3% तक पहुंच सकता है

**मुंबई** | देश का चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के 2.3% तक पहुंच सकता है। 2025-26 में इसके 0.9% रहने का अनुमान है। एचएसबीसी की रिपोर्ट में कच्चे तेल की औसत कीमत 95 डॉलर/बैरल मानते हुए तेल, सोना, सेवाओं और रेमिटेंस का प्रभाव आंका गया है। देश का बैलेंस ऑफ पेमेंट्स घाटा भी 65 अरब डॉलर हो सकता है।

### हिंदुजा: लगातार 5 साल से ब्रिटेन में सबसे अमीर परिवार

**लंदन** | हिंदुजा लगातार पांचवें वर्ष ब्रिटेन का सबसे अमीर परिवार है। संडे टाइम्स की रिच लिस्ट 2026 के मुताबिक, परिवार की कुल संपत्ति बढ़कर ₹4.9 लाख करोड़ हो गई है। पिछले साल समूह प्रमुख गोपीचंद हिंदुजा के निधन के बाद संजय और धीरज हिंदुजा बिजनेस की कमान संभाल रहे हैं। अशोक लेलैंड के शेयर 1 साल में 40% चढ़ने और इंडसइंड बैंक के मजबूत प्रदर्शन से समूह की संपत्ति बढ़ी है।

### गुनवीर सिंह आरबीआई के नए एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर

**मुंबई**| आरबीआई ने गुनवीर सिंह को तत्काल प्रभाव से एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (ईडी) नियुक्त किया है। सिंह इससे पहले पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स विभाग में चीफ जनरल मैनेजर-इन-चार्ज थे और नई भूमिका में भी वही विभाग संभालेंगे। आरबीआई में तीन दशक से अधिक अनुभव रखने वाले सिंह ने बैंकिंग सुपरविजन, जोखिम निगरानी और पेमेंट सिस्टम्स जैसे अहम क्षेत्रों में काम किया है।

### रुपया 96.20 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई** | अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़ने, मजबूत अमेरिकी डॉलर और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सोमवार को भारतीय रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 96.20 पर बंद हुआ, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। फॉरेक्स कारोबारियों के मुताबिक भारत जैसे देशों पर कच्चे तेल की महंगाई का दबाव पड़ रहा है।

## सेंसेक्स निचले स्तर से 1,286 अंक रिकवर होकर फ्लैट बंद

**मुंबई**| शेयर बाजार में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव देखा गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1,058 अंक गिरकर 74,180 के निचले स्तर तक आया। फिर 1,286 अंक रिकवर होकर 75,466.60 के ऊंचे स्तर तक पहुंचा। अंततः 77 अंकों की तेजी के साथ 75,315 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 6.45 अंकों की बढ़त लेकर 23,650 के स्तर पर फ्लैट बंद हुआ। आईटी शेयरों ने शानदार प्रदर्शन किया। निफ्टी आईटी इंडेक्स 2.4% बढ़त पर बंद हुआ। टेक महिंद्रा के शेयरों में 5%, जबकि इंफोसिस में 2.47% तेजी रही। भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, कोटक बैंक, टाइटन जैसे शेयर भी बढ़त पर बंद हुए।




**बिग शिफ्ट** • 1% से ज्यादा विदेशी निवेश वाली कंपनियां 4 साल में 900 से 1,300

# टॉप-10 शेयरों में विदेशी निवेश आधा; अब हाई ग्रोथ स्टॉक्स, सेक्टर फोकस में

देवव्रत वाजपेयी | मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में अब विदेशी निवेशक हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स और कंज्यूमर सेक्टर पर फोकस कर रहे हैं। ये रिलायंस, एचडीएफसी बैंक और इन्फोसिस जैसे बड़े शेयरों में हिस्सेदारी घटाकर नए ग्रोथ सेक्टरों और मिडकैप शेयरों में निवेश बढ़ा रहे हैं।

हाल के वर्षों में शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव के बीच विदेशी निवेशक (एफपीआई) चर्चा के केंद्र में रहे हैं। उनकी तरफ से भारत में शेयरों की लगातार बिकवाली इसकी वजह है। आम मान्यता है कि भारतीय बाजार पर उनका भरोसा कमजोर हो रहा है। लेकिन आईसीआईसीआई सिक्युरिटीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, विदेशी निवेशक भारत नहीं छोड़ रहे, बस अपना खेल बदल रहे हैं। मसलन ये बड़े शेयरों से पैसे निकालकर छोटी और तेजी से बढ़ती कंपनियों के शेयरों में लगा रहे हैं। नतीजतन 2022 में एफपीआई पोर्टफोलियो में टॉप-10 भारतीय शेयरों की हिस्सेदारी 41% थी, जो 2026 में घटकर 21% रह गई।

**एफपीआई ने एचडीएफसी, रिलायंस, इन्फोसिस जैसे शेयरों में सर्वाधिक निवेश घटाया**

| शेयर | मार्च-22 | मार्च-26 | घटा (पीपी) |
|---|---|---|---|
| एचडीएफसी बैंक | 11.6% | 6.9% | ▼ 4.7% |
| रिलायंस इंडस्ट्रीज | 9.1% | 5.3% | ▼ 3.8% |
| इन्फोसिस | 5.8% | 2.1% | ▼ 3.7% |
| टीसीएस | 4.2% | 1.3% | ▼ 2.9% |
| कोटक महिंद्रा बैंक | 3.1% | 1.5% | ▼ 1.6% |
| बजाज फाइनेंस | 2.0% | 1.7% | ▼ 0.3% |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.4% | 0.8% | ▼ 0.6% |
| HCL टेक्नोलॉजीज | 1.3% | 0.9% | ▼ 0.4% |
| एशियन पेंट्स | 1.2% | 0.4% | ▼ 0.8% |
| टेक महिंद्रा | 1.1% | 0.4% | ▼ 0.7% |
| कुल | 40.9% | 21.3% | ▼ 19.5% |

नोटः आंकड़े एफपीआई के पोर्टफोलियों में विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी के | स्रोतः कैपिटलाइन, आई-सेक रिसर्च

### अप्रैल में 60,900 करोड़ की बिकवाली, ये विदेशियों की नई रणनीति का हिस्सा

इस साल अप्रैल में एफपीआई ने 60,900 करोड़ की बिकवाली की। इसमें अकेले फाइनेंशियल सेक्टर (बड़ी कंपनियां) से इन्होंने 30,900 करोड़ निकाल लिए। लेकिन साथ ही कुछ सेक्टरों में खरीदारी भी जारी रही। यह इस बात का संकेत है कि ये विदेशी निवेशकों का पलायन नहीं, बल्कि पोर्टफोलियो में फेरबदल है।

### भारतीय बाजार से निकासी की, लेकिन एटर्नल जैसे शेयरों में हिस्सेदारी भी बढ़ाई

- विदेशी निवेशकों ने बड़े भारतीय शेयरों से पैसा निकाला जरूर, लेकिन पूरा पैसा वापस नहीं ले गए। कुछ पूंजी नई कंपनियों, सेक्टरों में लगाई।
- जिन कंपनियों में एफपीआई की 1% से ज्यादा हिस्सेदारी है, उनकी संख्या 900 से 1,300 हो गई है। यानी विदेशी निवेशकों का दायरा चौड़ा हो गया है।
- एटर्नल (जोमैटो) में एफपीआई की हिस्सेदारी 10.4% से बढ़कर 3 गुना 30.8% हो गई। HDFC एएमसी में भी निवेश 10.4% से 24.5% हो गया।
- पॉलीकैब इंडिया में एफपीआई का निवेश 5.8% से बढ़कर 18.2% हो गया। मैक्स हेल्थकेयर, जीई वर्नोवा, पेटीएम जैसे शेयरों में भी इन्होंने निवेश बढ़ाया है।

### यूक्रेन युद्ध के बाद से शुरू हुआ निकासी का सिलसिला, कमोबेश अब भी जारी है

2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से एफपीआई ने भारत के बड़े शेयरों से पैसे निकालना शुरू किया। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस, टीसीएस, इन्फोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के शेयर इस बिकवाली के केंद्र में रहे। इसकी वजह से भारतीय शेयर बाजार में उनकी कुल हिस्सेदारी 10 साल में 20% से घटकर 15% रह गई।

## शंघाई: दुनिया का पहला एआई सुपरस्टोर खुला; 100 से ज्यादा ब्रांड्स के 500 से अधिक प्रोडक्ट्स उपलब्ध



**बीजिंग**| चीन के शंघाई शहर में 'एआई मैट्रिक्स स्टोर' नाम से एक बड़ा एआई रिटेल और इनोवेशन सेंटर शुरू किया गया है। यहां 100 से अधिक ब्रांड्स के 500 से अधिक एआई प्रोडक्ट्स बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। तकरीबन 2,000 वर्गमीटर में फैले इस सेंटर में एआई गैजेट्स, हेल्थ टेक, स्मार्ट डिवाइसेज और इनोवेशन वर्कशॉप्स के लिए अलग-अलग जोन बनाए गए हैं। यह एक रणनीतिक पहल है। यह स्टोर सिर्फ रिटेल हब नहीं, बल्कि एआई स्टार्टअप्स के लिए टेस्टिंग और प्रोडक्ट वैलिडेशन प्लेटफॉर्म के रूप में भी काम करेगा।

**मनी गेम** • सरकार की सख्ती और वीपीएन ब्लॉक करने की चेतावनी बेअसर

# भारत में बैन के बावजूद सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म एक्टिव, आईपीएल मैच में लग रहे बड़े दांव

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

देश में ऑनलाइन बेटिंग, प्रिडिक्शन मार्केट प्लेटफॉर्म्स पर पाबंदी है। फिर भी कलसी, पॉलीमार्केट जैसे विदेशी प्लेटफॉर्म भारत में सेवाएं दे रहे हैं।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने 25 अप्रैल को जारी एक एडवाइजरी में इंटरनेट और वीपीएन सर्विस प्रोवाइडर्स को चेताया था कि अगर वे इन प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच उपलब्ध कराते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो सकती है। लेकिन



कलशी की कानूनी सलाहकार वलेरिया वाउटेराकु ने ब्लूमबर्ग को बताया कि उसे सरकार से संचालन बंद करने का निर्देश नहीं मिला है।' पॉलीमार्केट ने भारत को प्रतिबंधित देशों की सूची में शामिल नहीं किया है। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि वे उन सभी देशों के कानूनों, नियमों का पालन करते हैं, जहां वे संचालन करते हैं।

### एक आईपीएल मैच में ही ₹266 करोड़ की ट्रेडिंग

रिपोर्ट के मुताबिक, आईपीएल सीजन शुरू होने के बाद कलशी पर मैचों में लगने वाले दांव कई हफ्ते अमेरिकी बेसबॉल मुकाबलों के कुल ट्रेडिंग वॉल्यूम के आधे तक पहुंच गए। 7 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स-रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच पर कलशी और पॉलीमार्केट को मिलाकर ₹266 करोड़ की ट्रेडिंग हुई। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि इसमें से कितना पैसा भारत से आया।

## अब केंद्र ने वित्तीय फर्मों को ईवी अपनाने के निर्देश दिए

एजेंसी | नई दिल्ली

बढ़ते वैश्विक तनाव और संभावित आर्थिक दबावों के बीच केंद्र सरकार ने सरकारी बैंकों, बीमा कंपनियों और वित्तीय संस्थानों को खर्चों में कटौती करने के निर्देश दिए हैं। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग की ओर से जारी आदेश में यात्रा खर्च सीमित करने, बैठकें वर्चुअल माध्यम से करने और चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) अपनाने पर जोर दिया गया है। किराये के पेट्रोल-डीजल वाहनों को यथासंभव ईवी से बदला जाए। इस आदेश के दायरे में एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा और एलआईसी जैसे बड़े संस्थान हैं। अब सभी बैठकों और परामर्श प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित किया जाएगा। केवल अत्यंत जरूरी परिस्थितियों में ही उपस्थिति की अनुमति होगी। सरकार ने शीर्ष अधिकारियों की विदेश यात्राओं पर भी सख्ती बरतने को कहा है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि चेयरपर्सन, एमडी और सीईओ जैसे वरिष्ठ अधिकारियों की विदेश यात्राएं तय सीमा के भीतर रखी जाएं। जहां संभव हो, अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों और बैठकों में वर्चुअल माध्यम से भाग लेने को प्राथमिकता दी जाए। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले सप्ताह सरकारी अधिकारियों से फिजूल खर्ची रोकने और खर्चों में संयम बरतने की अपील की थी।

## होटल सेक्टर में निवेश 67% बढ़ा, टियर-2,3 शहर नई पसंद

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

देश के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में निवेश में उछाल आया है। जेएलएल की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में होटल निवेश 67% बढ़कर करीब 5,450 करोड़ रुपए हो गया। इसके



लिए 28 डील की गई। दिलचस्प है कि यह उछाल सिर्फ मुंबई-दिल्ली जैसे मेट्रो शहरों तक सीमित नहीं है। कुल निवेश का करीब 40% टियर-2,3 शहरों में हुआ। ऋषिकेश के लग्जरी रिसॉर्ट्स से लेकर लुधियाना, नासिक, वडोदरा और लोनावाला तक की प्रीमियम प्रॉपर्टीज इसमें शामिल हैं।

निवेश के लिहाज से लग्जरी सेगमेंट सबसे आगे रहा, जिसकी हिस्सेदारी 42% रही। इसके बाद अपस्केल सेगमेंट 41% पर रहा। 2025 में ब्रांडेड होटल साइनिंग 51,647 कमरों तक पहुंची, जो सालाना आधार पर 23% ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में भी अब तक रफ्तार बरकरार है। पहली तिमाही में लेनदेन 58% बढ़कर करीब 1,780 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इसमें वारबर्ग पिनकस का फ्ल्योर होटल्स में 41% हिस्सेदारी खरीदना प्रमुख डील रही।

## हवाई यात्रा 44% तक महंगी, कई रूट्स पर किराया दोगुना

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई मार्गों पर मार्च से किराए में बढ़ोतरी हुई है। ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों इक्सिगो, क्लीयरट्रिप और वेगो के आंकड़ो से पता चलता है कि अप्रैल और मई में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की एवरेज बुकिंग वैल्यू (एबीवी) में तेज इजाफा हुआ है। वेगो के मुताबिक, फरवरी में अंतरराष्ट्रीय एबीवी ₹22,700 थी, जो मई तक बढ़कर ₹32,600 हो गई। वहीं, घरेलू उड़ानों की एबीवी इसी दौरान ₹8,800 से बढ़कर ₹9,400 हो गई। एबीवी किसी एक बुकिंग पर यात्री द्वारा किया गया कुल खर्च होता है, जो एयरलाइन या प्लेटफॉर्म की प्रति बुकिंग कमाई का अहम पैमाना है। क्लीयरट्रिप के आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल-मई 2026 के दौरान औसत अंतरराष्ट्रीय हवाई किराया ₹74,500 रहा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह ₹52,000 था। यानी 43% इजाफा हुआ। घरेलू किराया भी बढ़कर औसतन ₹8,450 हो गया, जो एक साल पहले ₹5,850 था यानी 44% की वृद्धि हुई। इक्सिगो के डेटा में कई अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर उछाल दिखा। मसहन मुंबई-कुआलालंपुर किराया मार्च में ₹10,778 था, जो अप्रैल में ₹22,650 हो गया। बेंगलुरु-सिंगापुर किराया मार्च के ₹12,417 से बढ़कर मई में ₹19,914 हो गया। मुंबई-दिल्ली का किराया भी ₹6,530 से बढ़कर ₹7,526 हो गया।

**लेखाजोखा** • मर्जर के 7 साल, उल्टा पड़ा दांव

# वीआई: आय हिस्सेदारी 29% से घटकर 11%, ग्राहक आधे

स्नेहा शशिकुमार | नई दिल्ली

वोडाफोन और आइडिया के विलय का दांव उल्टा पड़ गया है। 2018 में इनके मर्जर की डील हुई थी। तब से अब तक 7 साल के दौरान टेलीकॉम सेक्टर की कुल आय में संयुक्त कंपनी वीआई की हिस्सेदारी 29.26% से घटकर 11.48% रह गई। वीआई के उलट बीते सात वर्षों में जियो की आय हिस्सेदारी 39% और एयरटेल की 53% बढ़ी है।

वीआई का सब्सक्राइबर बेस भी मर्जर के बाद से आधा रह गया, जबकि जियो के ग्राहक लगभग दोगुने हो गए। जनवरी-मार्च तिमाही में आय करीब 3% बढ़ने से वीआई को फौरी राहत जरूर मिली है, लेकिन लंबी अवधि के नजरिये से इसका संकट बरकरार है। ब्रिटेन के वोडाफोन ग्रुप के हिस्सेदारी हस्तांतरण की खबरें इसी वित्तीय दबाव का संकेत देता हैं। बीएसई पर सोमवार को वीआई के शेयर 0.5% गिरावट के साथ ₹12.90 पर बंद हुए। यह ₹13.34 के 52 हफ्तों के ऊंचे स्तर के करीब है। इसके कंपनी का मार्केट कैप लगभग ₹1.40 लाख करोड़ है।

### जियो ने टेलीकॉम मार्केट का बदल दिया पूरा खेल

2016 में रिलायंस जियो के आने से पहले भारतीय टेलीकॉम सेक्टर का एजीआर (एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू) 2009-10 से 2015-16 के बीच ₹1,16,800 करोड़ से बढ़कर ₹1,87,900 तक पहुंच गया था। जियो की एंट्री के बाद प्रतिस्पर्धा से 2017-19 में एजीआर घटा।

**बिजनेस एंकर** अब तक के सबसे गंभीर संकट के बीच 6.9 लाख करोड़ के आप्रवासन प्रवर्तन पैकेज पर चर्चा

# ऐतिहासिक संकट में अमेरिका: दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार जीडीपी से भी ज्यादा हो गया कर्ज, ब्याज भुगतान रक्षा बजट से ज्यादा

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**पीटर कॉय**| **न्यूयॉर्क.** अमेरिकी इकोनॉमी कर्ज के दलदल में फंसती जा रही है। अमेरिकी सरकार पर कर्ज पहली बार जीडीपी के 100% से ज्यारा हो गया है। 'कमेटी फॉर अ रिस्पॉन्सिबल फेडरल बजट' ने मार्च के आंकड़ों का विश्लेषण करते हुए गंभीर चेतावनी जारी की। समिति ने कहा, 'हमने पिछले कुछ वर्षों में राजकोषीय संकट की कई अलार्म सुने हैं, पर यह सबसे ऊंचा और गंभीर है।' आर्थिक मामलों पर नजर रखने वाले पीटर्सन फाउंडेशन ने भी इसे 'अमेरिकी इकोनॉमी के लिए भयावह सपना करार दिया है। इस



घटना के एक हफ्ते के भीतर ही रक्षा मंत्री पीट हेग्सेथ अमेरिकी इतिहास के सबसे बड़े पेंटागन बजट के अनुरोध का बचाव करने संसद पहुंच गए। सीनेट ने नियमों को दरकिनार करते हुए करीब 6.9 लाख करोड़ रुपए के आप्रवासन प्रवर्तन पैकेज को मंजूरी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी। पीटर्सन फाउंडेशन के सीईओ माइकल पीटर्सन के मुताबिक, कर्ज 100% की सीमा पार करना किसी बांध के टूटने जैसा नहीं है। यदि इतिहास पर नजर डालें, तो द्वितीय विश्व युद्ध के फौरन बाद भी अमेरिका का कर्ज उसकी जीडीपी से अधिक हो गया था। लेकिन उस समय स्थिति जल्द संभाल ली गई थी। मजबूत आर्थिक विकास, कभी-कभार मिलने वाले बजट अधिशेष और महंगाई के चलते 1974 तक कर्ज-जीडीपी अनुपात घटकर महज 23% रह गया था। इस बार तस्वीर बिल्कुल अलग और चिंताजनक है। मौजूदा दौर में कर्ज घटने के बजाय लगातार बढ़ने की राह पर है।

### जनता चिंतित, नेता चुप...कर्ज बढ़ने का सिलसिला जारी

गैलप के सर्वे में आधे अमेरिकियों ने कहा कि संघीय खर्च और घाटा चिंताजनक है। लेकिन हार्वर्ड के अर्थशास्त्री जेसन फर्मन ने माना कि अब तक कर्ज से बड़ा नुकसान नहीं दिखा। यही राजनेताओं के लिए कुछ न करने का आसान बहाना बन जाता है। पीटर्सन ने चेताया- इसे ठीक करना अमेरिकी जनता की नहीं, निर्वाचित नेताओं की जिम्मेदारी है। असली समस्या कर्ज का जीडीपी से 100% से ज्यादा होना नहीं, यह सिलसिला थमने का संकेत न होना है।

### कर्ज कैसे यहां पहुंचा?

- **आर्थिक झटके और संकटः** 2007-08 का वैश्विक वित्तीय संकट और उसके बाद कोविड-19 महामारी से उपजी मंदी।
- **जनसांख्यिकीय बदलावः** बुजुर्ग होती आबादी की स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा पर बढ़ता खर्च।
- **अदूरदर्शी नीतियांः** सरकारी खर्चों में बिना किसी कटौती के बार-बार टैक्स में छूट देना।

### ब्याज दरें और बढ़ता संकट

सरकार का ब्याज भुगतान रक्षा बजट से ज्यादा हो गया है। ब्याज चुकाने के लिए नए बॉन्ड जारी करने पड़ रहे हैं।

**एग्जिट** • गेट्स फाउंडेशन ने आखिरी 77 लाख शेयर भी बेच दिए

# माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स का कंपनी से 50 साल पुराना नाता अब खत्म

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

गेट्स फाउंडेशन ने माइक्रोसॉफ्ट में



आखिरी हिस्सेदारी भी बेच दी है। इसके साथ ही माइक्रोसॉफ्ट से गेट्स का 50 साल पुराना नाता टूटा गया। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ट्रस्ट ने जनवरी-मार्च में माइक्रोसॉफ्ट के बचे हुए 77 लाख शेयर बेच दिए। इससे ट्रस्ट को ₹30,800 करोड़ आय हुई। ये किसी संस्थापक और उसकी कंपनी के बीच सबसे लंबे और प्रभावशाली रिश्तों में से एक का औपचारिक अंत है।

### 19 साल में पूरा फंड खर्च कर देगा गेट्स फाउंडेशन

- **2045 तक का लक्ष्यः** गेट्स फाउंडेशन ट्रस्ट हमेशा चलने वाले एंडाउमेंट मॉडल से हटकर तय समय में पूरी पूंजी खर्च करना चाहता है। इसीलिए शेयर होल्डिंग्स को नकदी में बदला जा रहा है।
- **सफलता के चरम पर विदाईः** गेट्स ने तब कंपनी से नाता तोड़ा, जब माइक्रोसॉफ्ट एआई और क्लाउड इन्फ्रा में अरबों डॉलर लगा रही है। इसमें निवेशकों की दिलचस्पी चरम पर है। फाउंडेशन के पोर्टफोलियो में वॉरेन बफे की कंपनी बर्कशायर हैथवे योगदान करती रही है।

### पांच साल पहले कंपनी के बोर्ड से अलग हुए थे गेट्स

- **1975**: बिल गेट्स, पॉल एलेन ने माइक्रोसॉफ्ट स्थापित की
- **2000**: सीईओ का पद छोड़ा, फाउंडेशन की नींव रखी
- **2014**: माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन पद से इस्तीफा। ▪ **2020**: कंपनी के बोर्ड से भी पूरी तरह अलग हुए
- **2022**: माइक्रोसॉफ्ट में फाउंडेशन की हिस्सेदारी 27% के शिखर पर
- **2023**: शेयर बेचने की प्रक्रिया शुरू, 2.85 करोड़ शेयरों से शुरुआत
- **2025**: 65% हिस्सेदारी एक साल में बेची। ▪ **2026**: मार्च तक 77 लाख शेयर भी बेच दिए।

संवाद

जनसत्ता | 19 मई, 2026



जोश

पटना : अग्निशमन विभाग के कृत्रिम मेधा आधारित नियंत्रण कक्ष के उद्घाटन के मौके पर समारोह में हुनर दिखाते कमांडो।

बोल

*ईरान के मामले में हम नजर बनाए हुए हैं। ट्रंप से बातचीत करेंगे और उनकी चीन यात्रा तथा शायद कुछ अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। हम किसी भी स्थिति के लिए तैयार हैं।*
***– बेंजामिन नेतन्याहू, इजराइल के प्रधानमंत्री***



बोल

*चीन सिर्फ यह नहीं चाहता कि ताइवान खुद को एक स्वतंत्र देश घोषित करे। मैं चाहता हूं कि चीन शांत रहे। हम युद्ध नहीं चाहते। अगर मौजूदा स्थिति बनी रहती है, तो मुझे लगता है कि चीन भी इससे संतुष्ट रहेगा।*
***– डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिका के राष्ट्रपति***






सम-सामयिक

# कोयला गैसीकरण : ऊर्जा सुरक्षा और कार्बन उत्सर्जन में संतुलन

**जनसत्ता संवाद**

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उत्पन्न ऊर्जा संकट ने अधिकांश देशों की ऊर्जा और कच्चे माल की सुरक्षा संबंधी चिंताओं को और बढ़ा दिया है। भारत में चार सौ अरब टन घरेलू कोयला भंडार का लाभ उठाकर कच्चे माल की सुरक्षा के लिए कोयला गैसीकरण एक प्रमुख रणनीति के रूप में उभर रहा है। यह बात कोयला मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2026 में सफल बोलीदाताओं के साथ हस्ताक्षरित कोयला खान/ब्लाक उत्पादन एवं विकास समझौतों में कोयला गैसीकरण प्रावधानों को शामिल किए जाने से स्पष्ट होती है। यह इस तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रावधानों को शामिल करने वाला पहला समझौता है।



कोयला गैसीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें कोयले को उच्च तापमान और दबाव पर आंशिक रूप से आक्सीकृत करके उसे सिंथेटिक गैस (सिन्गैस) में परिवर्तित किया जाता है, जिसमें मुख्य रूप से कार्बन मोनोआक्साइड, कार्बन डाईआक्साइड और हाइड्रोजन शामिल होते हैं। सिन्गैस का उपयोग बाद में स्वच्छ ईंधन, उर्वरक और यूरिया, मेथनाल और अमोनिया जैसे रसायनों के उत्पादन में किया जाता है, जिससे आयात प्रतिस्थापन के माध्यम से प्रति वर्ष 60,000–90,000 करोड़ रुपए तक के राजस्व की संभावना है।

यह तकनीक इस्पात क्षेत्र में भी लोकप्रियता हासिल कर रही है, क्योंकि सिंथेटिक गैस (सिन्गैस) कोकिंग कोयला और प्राकृतिक गैस जैसे भारी आयातित माल की जगह लेकर कच्चे माल की सुरक्षा को मजबूत कर सकती है।

साथ ही, राष्ट्रीय उत्सर्जन का लगभग 12 फीसद हिस्सा इस्पात क्षेत्र को कार्बन उत्सर्जन कम करने की तत्काल आवश्यकता का सामना करना पड़ रहा है। कोयले के सीधे जलने की तुलना में कोयला गैसीकरण को एक स्वच्छ विकल्प माना जाता है, फिर भी यह इस्पात उत्पादन के सबसे अधिक कार्बन-गहन तरीकों में से एक है। कच्चे माल की सुरक्षा और इस्पात के कार्बन उत्सर्जन कम करने के बीच इस विरोधाभास को उजागर करते हुए, यह लेख भारत के इस्पात क्षेत्र में कोयला गैसीकरण की उभरती भूमिका का विश्लेषण करता है।

भारत ने 2020 में कोयला गैसीकरण मिशन की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य 2030 तक 10 करोड़ टन कोयले का गैसीकरण करना है। इस मिशन के तहत, सभी कोयला कंपनियों को अपने कोयला उत्पादन के कम से कम 10 फीसद का गैसीकरण करने के लिए कार्य योजना तैयार करने की सलाह दी गई है और गैसीकरण के लिए आवंटित कोयले पर राजस्व हिस्सेदारी में 50 फीसद की छूट की पेशकश की गई है।

भारत के कोयला भंडार में राख की उच्च मात्रा के कारण अधिकांश वैश्विक 'गैसीफायर' डिजाइन तकनीकी-आर्थिक रूप से अव्यवहार्य हो जाते हैं, जिससे स्वदेशी कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकियों के नवाचार और तैनाती की आवश्यकता होती है और बड़े पैमाने पर तैनाती अधिक पूंजी-गहन हो जाती है।

इन वित्तीय बाधाओं को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की परियोजनाओं को समर्थन देने के लिए 2024 में 8,500 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन योजना शुरू की और मई 2026 में 37,500 करोड़ रुपए की एक और योजना को मंजूरी दी, जिसमें प्रति गैसीकरण परियोजना 5,000 करोड़ रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

भारत का इस्पात क्षेत्र विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता इस्पात बाजार बना हुआ है, जहां 2026 में मांग में 7.4 फीसद और 2027 में 9.2 फीसद की वृद्धि का अनुमान है।

### लक्ष्य और चुनौती

भारत के इस्पात क्षेत्र में कच्चे इस्पात के प्रति टन 2.55 टन कार्बन डाईआक्साइड का उत्सर्जन होता है, जो वैश्विक औसत से लगभग 30 फीसद अधिक है। यह 2070 तक भारत के नेट-जीरो लक्ष्य के अनुरूप कम कार्बन उत्सर्जन वाले इस्पात उत्पादन के तरीकों को अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

शोध

# गंभीर संकट बना महासागरों में बढ़ता प्लास्टिक कचरा

**जनसत्ता संवाद**

महासागरों में बढ़ता प्लास्टिक कचरा गंभीर वैश्विक संकट बन चुका है। इस संकट पर काबू पाने के लिए तकनीकी उपाय पर जोर दिया जा रहा है। इसका असली समाधान प्लास्टिक की खपत घटाने और टिकाऊ विकल्प अपनाने में है।

समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण इस सदी की सबसे बड़ी पर्यावरणीय और नीतिगत चुनौतियों में से एक बन चुका है। तेज औद्योगिक विकास, एकल-उपयोग प्लास्टिक की बढ़ती खपत और कमजोर कचरा प्रबंधन के कारण समुद्रों में प्लास्टिक प्रदूषण तेजी से बढ़ा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के अनुसार, हर वर्ष 11 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक प्लास्टिक समुद्री पर्यावरण में पहुंचता है, जबकि समुद्रों में कुल प्लास्टिक का भंडार 75 से 199 मिलियन टन के बीच है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो 2040 तक समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण तीन गुना तक बढ़ सकता है।

पर्यावरणीय नुकसान के अलावा, यह संकट आर्थिक और सामाजिक बोझ भी पैदा करता है। समुद्री प्लास्टिक कुल समुद्री कचरे का लगभग 85 फीसद हिस्सा है। पर्यटन, मत्स्य पालन और तटीय आजीविका पर इसका आर्थिक प्रभाव हर वर्ष लगभग छह से 19 अरब अमेरिकी डालर आंका गया है।समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के लिए पुनर्चक्रण और नवाचार आधारित समुद्री जैव-प्रौद्योगिकी नीतियां जरूरी हैं। प्लास्टिक लंबे समय तक टिकाऊ रहता है और कई बार सदियों तक नष्ट नहीं होता। समय के साथ बड़े प्लास्टिक टुकड़े रासायनिक, भौतिक और जैविक प्रक्रियाओं से टूटकर माइक्रोप्लास्टिक (पांच मिमी से छोटे) और नैनोप्लास्टिक में बदल जाते हैं। ये सूक्ष्म प्लास्टिक कण तटीय क्षेत्रों से लेकर गहरे समुद्री तल और ध्रुवीय क्षेत्रों तक फैल चुके हैं। महासागरों में लगभग 170 ट्रिलियन प्लास्टिक कण मौजूद हैं, जो 'प्लास्टिक स्माग' जैसी स्थिति पैदा कर रहे हैं।

माइक्रोप्लास्टिक समुद्री जीवों के जरिए खाद्य शृंखला में पहुंचकर मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रहे हैं। दूसरी ओर, वैश्विक प्लास्टिक उत्पादन लगातार बढ़ रहा है और यह लगभग 450 मिलियन टन प्रतिवर्ष तक पहुंच चुका है, जबकि पुनर्चक्रण की दर 10 फीसद से भी कम है। यह स्थिति दिखाती है कि समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण वैश्विक संसाधन प्रबंधन की गहरी विफलता का संकेत है।

समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए कचरा प्रबंधन, एकल-इस्तेमाल प्लास्टिक पर प्रतिबंध और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देने जैसे पारंपरिक उपाय जरूरी हैं, लेकिन ये पर्याप्त साबित नहीं हो रहे हैं। यूएनईपी ने समुद्री पर्यावरण में प्लास्टिक के लंबे समय तक बने रहने और लगातार जमा होने को देखते हुए दीर्घकालिक और व्यापक हस्तक्षेप की आवश्यकता पर जोर दिया है। मशीनों की मदद से समुद्र से प्लास्टिक हटाना बहुत महंगा है और माइक्रोप्लास्टिक को हटाने में काफी हद तक असफल रहता है। 'ओशन क्लीनअप' जैसी पहल ने समुद्री भंवरों से माइक्रोप्लास्टिक हटाने में कुछ प्रगति दिखाई है, लेकिन इसकी क्षमता और बड़े स्तर पर विस्तार अभी भी चुनौती बने हुए हैं। भारत में 'स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर' जैसी तटीय सफाई पहल ने जागरूकता और सफाई को बढ़ावा दिया है, लेकिन ये समुद्र तक पहुंचने वाले प्लास्टिक कचरे को शुरुआत में रोकने में खास असरदार नहीं हैं।

**संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के अनुसार, हर वर्ष 11 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक प्लास्टिक समुद्री पर्यावरण में पहुंचता है। महासागरों में कुल प्लास्टिक का भंडार 75 से 199 मिलियन टन के बीच है। प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो 2040 तक समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण तीन गुना तक बढ़ सकता है। पर्यावरणीय नुकसान के अलावा, यह संकट आर्थिक और सामाजिक बोझ भी पैदा करता है।**



*(फाइल फोटो)*

विश्व परिक्रमा

# अंटार्कटिका : तारों की धूल से खुल रहे सौर मंडल के राज

**जनसत्ता संवाद**

वैज्ञानिकों ने अंटार्कटिका की प्राचीन बर्फ में दबी तारों की धूल का अध्ययन कर सौर मंडल के पिछले 80 हजार वर्षों के इतिहास से जुड़े महत्त्वपूर्ण संकेत मिलने का दावा किया है। इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिल सकती है कि सौर मंडल अपनी आकाशगंगा के भीतर किस प्रकार के अंतरिक्ष वातावरण से गुजरता रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अंतरिक्ष केवल तारों, ग्रहों और चंद्रमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका बड़ा हिस्सा गैस, प्लाज्मा और तारों की धूल से बने बादलों से भरा हुआ है।

हमारी आकाशगंगा के स्थानीय क्षेत्र में ऐसे लगभग 15 'इंटरस्टेलर' बादल मौजूद हैं और सौर मंडल वर्तमान में



इनमें से एक 'लोकल इंटरस्टेलर क्लाउड' से गुजर रहा है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इन बादलों की उत्पत्ति और इतिहास तारों के जन्म और विस्फोट से गहराई से जुड़ा हुआ है। उनके प्रभाव पृथ्वी पर भी देखे जा सकते हैं, विशेष रूप से अंटार्कटिका की बर्फ में संरक्षित कणों के रूप में।

यह अध्ययन वैज्ञानिक पत्रिका 'फिजिकल रिव्यू लेटर्स' में प्रकाशित हुआ है। विशाल तारे अपने जीवन के अंत में 'सुपरनोवा' विस्फोट के दौरान कार्बन, आक्सीजन, कैल्शियम और लोहे जैसे तत्व अंतरिक्ष में छोड़ते हैं। इसी प्रक्रिया में 'आयरन-60' नामक दुर्लभ रेडियोधर्मी समस्थानिक भी बनता है, जो तारों के विस्फोटों का संकेतक माना जाता है। ये सूक्ष्म धूल कण आकाशगंगा में फैलते हुए कभी-कभी पृथ्वी तक पहुंच जाते हैं।

वैज्ञानिकों के अनुसार, अंटार्कटिका की बर्फ की परतें हजारों वर्षों तक लगभग बिना किसी व्यवधान के जमा होती रहती हैं और इनमें उस समय के अंतरिक्षीय वातावरण के संकेत सुरक्षित रह जाते हैं।

जानें-समझें

*प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा*

# वैश्विक उथल-पुथल में ऊर्जा सुरक्षा पर जोर

**जनसत्ता संवाद**

वैश्विक व्यवस्था उथल-पुथल के बीच बदलाव और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पांच देशों की यात्रा को अहम माना जा रहा है। विश्व स्तर पर बाधित हो रही आपूर्ति शृंखला और अस्थिर ऊर्जा बाजार के मौजूदा माहौल में भारत का जोर ऊर्जा सुरक्षा पर है। सेमीकंडक्टर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मजबूत आपूर्ति शृंखलाएं, रक्षा प्रौद्योगिकियां व नवाचार सहयोग अब भारत के राजनयिक संबंधों के प्रमुख आधार बनते दिख रहे हैं।

### *आर्थिक कूटनीति*

खाड़ी और यूरोपीय देशों से संपर्क बढ़ाने का मकसद यह भरोसा पैदा करना है कि वैश्विक आपूर्ति शृंखला के पुनर्गठन के इस दौर में भारत खुद को एक भरोसेमंद विनिर्माण, प्रौद्योगिकी व निवेश-केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत में आई तेजी व भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते जैसे प्रयासों ने गहरे आर्थिक जुड़ाव के लिए पहले से ही अनुकूल माहौल तैयार कर दिए हैं। अक्षय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन व स्वच्छ प्रौद्योगिकियों पर सहयोग खाड़ी और नार्डिक क्षेत्रों की प्रधानमंत्री की इस यात्रा के मुख्य विषय हैं।

### *यूरोप व खाड़ी देशों से संबंध*

यूरोप व खाड़ी देशों को प्रतिस्पर्धी भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से देखने के बजाय भारत दोनों के साथ समान सुदृढ़ संबंध बना रही है, जो एक व्यावहारिक नजरिया है। संयुक्त अरब अमीरात ओपेक और ओपेक प्लस से बाहर निकलने की घोषणा कर चुका है। ढाई दशक में यह देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन चुका है और निवेश का सातवां सबसे बड़ा स्रोत। दूसरी ओर, ईरान के साथ भी भारत तालमेल बनाकर चल रहा है। यूएई की यात्रा में द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूती मिली है। पश्चिम एशियाई भू-राजनीति की बढ़ती अहमियत और खाड़ी ऊर्जा समीकरणों में हो रहे बदलाव को देखते हुए वहां क्षेत्रीय स्थिरता व दीर्घकालिक परस्पर आर्थिक हितों पर अधिक ध्यान दिया गया है।



*(फाइल फोटो)*



यूरोपीय उद्योग सम्मेलन में प्रधानमंत्री की बातचीत से साफ है कि यूरोप भारत को एक अपरिहार्य आर्थिक और रणनीतिक साझेदार के रूप में मान्यता देता है। इससे नवाचार, कृत्रिम मेधा, रक्षा विनिर्माण और औद्योगिक आपूर्ति शृंखला के क्षेत्र में लाभ होगा।
***– वीना सीकरी, पूर्व राजनयिक***

स्वच्छ प्रौद्योगिकी, समुद्र-संपदा आर्थिकी, रक्षा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग के लिहाज से नार्डिक क्षेत्र पूंजी और प्रौद्योगिकी के स्रोत के साथ ही रणनीतिक भागीदार भी बन गया है। रक्षा, वैज्ञानिक व निवेश के लिहाज से इटली अहम देश हो गया है।
***– केपी फैबियन, पूर्व राजनयिक***



### कूटनीतिक लाभ

भारतीय विदेश नीति तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्था के अनुरूप ढल रही है। अब प्रतीकात्मक कूटनीति नहीं, प्रौद्योगिकी तक पहुंच बनाने, ऊर्जा सुरक्षा पाने, निवेश प्रवाह सुनिश्चित करने और रणनीतिक प्रभावों में ठोस लाभ पर जोर है। ऐसे समय में, जब प्रमुख शक्तियां भू-राजनीतिक विखंडन से जूझ रही हैं, भारत अपनी बढ़ती आर्थिक ताकत और राजनीतिक लचीलेपन का लाभ उठा रहा है। भारत की कोशिश है कि गुटों की राजनीति में बंधे बिना विविध साझेदारियों को विकसित करने की क्षमता पर निर्भर करे। व्यापार, निवेश प्रवाह, वित्तीय प्रौद्योगिकी सहयोग और प्रवासी भारतीयों का कल्याण इस रिश्ते के प्रमुख स्तंभ बने हुए हैं। पश्चिम एशियाई भू-राजनीति में बदलाव और खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा संबंधी समीकरणों में हो रहे परिवर्तनों के बीच हो रही यात्रा में क्षेत्रीय स्थिरता और दीर्घकालिक आर्थिक परस्पर निर्भरता पर भी ध्यान केंद्रित किए गए हैं।

### *नीदरलैंड, स्वीडन और नार्वे*

नीदरलैंड से सेमीकंडक्टर, जल प्रबंधन और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग बढ़ने के दरवाजे खुले हैं। यूरोप में भारतीय निवेश के प्रवेश द्वार के रूप में नीदरलैंड की अहमियत जगजाहिर है। यूरोप की नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्थाओं तक भारत की पहुंच बढ़ाने की एक अन्य महत्त्वपूर्ण कड़ी स्वीडन है। स्टाकहोम हरित प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा, रक्षा विनिर्माण व मजबूत औद्योगिक आपूर्ति शृंखला के क्षेत्र में भारत के साथ साझेदारी पर काम कर रहा है। नार्वे में प्रधानमंत्री की तीसरे भारत-नार्डिक शिखर सम्मेलन में हिस्सेदारी से स्वच्छ प्रौद्योगिकी, नीली अर्थव्यवस्था, आर्कटिक शासन, रक्षा और अंतरिक्ष के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ने की संभावना है। नार्डिक क्षेत्र को भारत ने केवल पूंजी और प्रौद्योगिकी के रूप में नहीं देखा है, बल्कि उभरती वैश्विक व्यवस्था को आकार देने में उसे एक अहम रणनीतिक भागीदार भी मान रहा है।

### *इटली संग रणनीतिक कार्ययोजना*

प्रधानमंत्री के दौरे का आखिरी पड़ाव इटली है। साल 2024 के जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की पहल से इटली से संबंधों में तेजी आई है। इटली के साथ भारत संयुक्त रणनीतिक कार्य-योजना 2025-2029 के क्रियान्वयन पर काम कर रहा है। आज रक्षा सहयोग, स्वच्छ ऊर्जा साझेदारी, वैज्ञानिक सहयोग और निवेश भारत-इटली संबंधों को काफी आगे बढ़ा रहे हैं। यूरोप अपनी रणनीतिक और आर्थिक प्राथमिकताओं पर नए सिरे से गौर करने में जुटा है। ऐसे में इटली-भारत के संबंध महत्त्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

व्यक्तित्व

# साक्षी चौधरी : भारत के लिए नई उम्मीद बनीं हरियाणा की मुक्केबाज

**जनसत्ता संवाद**

भिवानी की मुक्केबाज साक्षी चौधरी को राष्ट्रमंडल एवं एशियाई खेलों के लिए भारतीय महिला टीम में जगह बनाने का मौका मिला है। उनके कोच जगदीश सिंह महत्त्वपूर्ण स्पर्धाओं की तैयारी में कोर-कसर बाकी नहीं रखना चाहते। वे बेजिंग ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता विजेंद्र सिंह जैसे मुक्केबाजों के कोच रह चुके हैं और भिवानी बाक्सिंग क्लब के संस्थापक हैं। साक्षी कहती हैं, 'प्रशिक्षण शुरू किए हुए 14 साल हो गए हैं और आज मुझे अपने पहले चैंपियनशिप विश्व कप और एशियाई खेलों में खेलने का मौका मिला है। मैं जीतना चाहती हूं और इसके लिए मैं तैयारी कर रही हूं।' दो बार की विश्व युवा चैंपियन चौधरी से जगदीश सिंह को काफी उम्मीदें हैं। साक्षी चौधरी ने 51 किलोग्राम वर्ग के ट्रायल में दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन को हराने के एक दिन बाद फाइनल में वर्ष 2025 की 48 किलोग्राम वर्ग की विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुडा को हराकर क्वालीफाई कर लिया।



साक्षी ने वर्ष 2015 में पहला जूनियर विश्व खिताब जीतकर विश्व मुक्केबाजी मानचित्र पर अपनी पहचान बनाई और उसके बाद वर्ष 2017 और 2018 में विश्व युवा चैंपियनशिप में लगातार दो खिताब जीते। धनाना गांव की मूल निवासी साक्षी ने वर्ष 2021 में एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता और उसके बाद वर्ष 2022 में अपना पहला राष्ट्रीय खिताब हासिल किया। लेकिन उसी वर्ष कंधे की चोट के कारण वह राष्ट्रीय चैंपियनशिप के साथ-साथ वर्ष 2023 विश्व चैंपियनशिप से पहले के ट्रायल्स और पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में भी भाग नहीं ले सकीं।

पिछले साल, चौधरी ने अस्ताना में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप में 54 किलोग्राम वर्ग में अमेरिका की योसेलीन पेरेज को 5-0 से हराकर खिताब जीता था। 25 वर्षीय चौधरी ने मंगोलिया में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप से पहले हुए मूल्यांकन में भी भाग लिया था। प्रीति पनवार ने मंगोलिया में मूल्यांकन और 54 किलोग्राम वर्ग का खिताब दोनों जीता था और वह विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई कर चुकी थीं। इसलिए पिछले महीने चौधरी ने 51 किलोग्राम वर्ग में उतरने का फैसला किया। परिणामस्वरूप उन्होंने ट्रायल में ज़रीन और हुडा को हराया। साक्षी के मुताबिक, 'जब मैंने जूनियर से सीनियर वर्ग में कदम रखा, तब मेरे पास तीन विश्व खिताब थे और ऐसी चीजें हमेशा प्रेरणा देती हैं। लेकिन फिर जब कंधे में चोट लगी, तो इसने मुझे कहीं न कहीं रोक दिया। पिछले साल विश्व कप में मिले खिताब ने मुझे यह विश्वास दिलाया कि मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ फार्म में वापस आ गया हूं। 51 किलो वर्ग में वजन कम करना एक चुनौती रही है, लेकिन मुझे पता था कि मेरे पास लंबाई और ताकत दोनों का फायदा है। 54 किलो वर्ग में, कभी-कभी मेरा सामना मुझसे कहीं ज्यादा लंबे मुक्केबाजों से होता था, जो 60 किलो वर्ग से आते थे।'

दैनिक जागरण

व्यक्ति के कर्म ही उसके प्रति भरोसे को निर्धारित करते हैं

# जेल और जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून यानी यूएपीए के एक मामले में आतंकी फंडिंग और ड्रग्स तस्करी के आरोपित को जमानत देते हुए जिस तरह यह कहा कि इस कानून के तहत भी जमानत नियम है और जेल अपवाद, उस पर इसलिए बहस छिड़ना तय है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की ही एक अन्य पीठ ने दिल्ली दंगों के आरोपितों उमर खालिद और शरजील इमाम को जेल अपवाद और बेल नियम वाले सिद्धांत से परे हटते हुए जमानत देने से मना कर दिया था। इतना ही नहीं, इस दो सदस्यीय पीठ ने इन दोनों को एक वर्ष तक दोबारा जमानत मांगने से भी रोक दिया था। ताजा मामले में दो सदस्यीय पीठ ने पुरानी पीठ के निष्कर्ष से असहमति जताते हुए यह रेखांकित किया कि किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता को केवल इसलिए अनिश्चितकाल तक नहीं छीना जा सकता, क्योंकि उस पर यूएपीए जैसा कानून लगाया गया है। इस पीठ ने पुरानी पीठ के फैसले को रद तो नहीं किया, लेकिन एक तरह से उस पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि जेल अपवाद और बेल नियम महज एक नारा नहीं, बल्कि कानूनी स्थिति है। इससे यही ध्वनित हो रहा है कि वर्तमान पीठ की दृष्टि में उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत न देने वाली पीठ का फैसला सही नहीं था। चूंकि दोनों ही फैसले दो सदस्यीय पीठ के हैं, इसलिए किसी निर्णायक निष्कर्ष पर पहुंचना कठिन है।

उचित यह होगा कि जेल अपवाद और बेल नियम वाले सिद्धांत को कोई संविधान पीठ संबोधित करे। पता नहीं ऐसा होगा या नहीं, लेकिन इतना तो है ही कि हर मामले में जेल अपवाद और बेल नियम के सिद्धांत को लागू करना ठीक नहीं होगा। यह मामले विशेष की प्रकृति और आरोपों की गंभीरता पर निर्भर करना चाहिए, क्योंकि कई मामलों में यह देखने को मिला कि आरोपित जमानत पाने के बाद फिर से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो गया। कुछ मामले तो ऐसे भी रहे, जिनमें आरोपित ने वही संगीन अपराध फिर से अंजाम दिया, जिसके आरोप में उसकी गिरफ्तारी हुई थी और वह जेल अपवाद-बेल नियम वाले सिद्धांत के तहत जमानत पा गया था। स्पष्ट है कि प्रत्येक मामले को एक ही कसौटी पर कसना सही नहीं। उच्चतर न्यायपालिका और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट की ओर से प्रायः जेल अपवाद-बेल नियम के सिद्धांत का हवाला इस आधार पर दिया जाता है कि दोषी सिद्ध न होने तक हर कोई निर्दोष है। इसके अतिरिक्त अधिकतर मामलों में आरोपितों को जमानत इसलिए मिल जाती है, क्योंकि ट्रायल शुरू होने में बहुत देर हो रही होती है। उक्त मामले में भी ऐसा ही था। विडंबना यह है कि ट्रायल में देरी की समस्या के समाधान को लेकर कोई ठोस प्रयत्न नहीं किए जा रहे हैं। इससे भी बड़ी विडंबना यह है कि ऐसा गंभीर मामलों में और यहां तक कि आतंक से जुड़े मामलों में भी हो रहा है।

# खामियां जल्द हों दूर

बिहार में पुलों की सुरक्षा केवल आवागमन की सुविधा का विषय नहीं, बल्कि जनजीवन और आर्थिक गतिविधियों की निरंतरता से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील प्रश्न है। बिहार में विक्रमशिला सेतु का एक हिस्सा गिरने के बाद से आवागमन ठप है। लिहाजा यह विषय एक बार फिर से चर्चा में है। ऐसे में लगभग 11 महीने बाद आइआइटी पटना की ओर से सौंपी गई स्ट्रक्चरल आडिट की रिपोर्ट को बिहार सरकार को गंभीर चेतावनी और अवसर, दोनों ही रूप में लेना चाहिए। यह राहत की बात है कि 60 मीटर से अधिक लंबाई वाले पुलों की तकनीकी जांच करके संभावित खतरों की पहचान की गई है। लेकिन, इससे अधिक चिंता की बात यह है कि नौ पुल ऐसे मिले हैं, जिन्हें तत्काल दुरुस्त करने की आवश्यकता है। मुजफ्फरपुर, गया, लखीसराय और हाजीपुर के जिन पुलों में खामियां सामने आई हैं, वे आम लोगों की रोजमर्रा की आवाजाही के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। यदि समय रहते इनकी मरम्मत नहीं हुई तो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता। इसलिए बिहार राज्य पुल निर्माण निगम और पथ निर्माण विभाग को अब फाइलों और प्रक्रियाओं की धीमी गति से बाहर निकलकर युद्धस्तर पर काम करना होगा। निविदा प्रक्रिया, तकनीकी स्वीकृति और निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। केवल मरम्मत शुरू कर देना पर्याप्त नहीं होगा। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करना जरूरी है कि कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ हो।

> राज्य के पुलों की समय-समय पर जांच की स्थायी व्यवस्था भी विकसित करने की जरूरत है

# सहयोग की नई भावना


नरेन्द्र मोदी

**भारत और स्वीडन की नीतियां इस सोच को दर्शाती हैं कि जलवायु कार्रवाई पर्यावरण की रक्षा के साथ लोगों का जीवन बेहतर बना सकती हैं**


उल्फ क्रिस्टर्सन

ऐसे समय जब दुनिया बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता, ऊर्जा संकट और आर्थिक बिखराव का सामना कर रही है, तब उसके सामने एक बड़ा विकल्प है-क्या देश केवल अपने-अपने सीमित हितों तक सिमट जाएं या फिर ऐसे साझेदारी संबंध मजबूत करें, जो मिलकर विकास, मजबूत और टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करें। जब संयुक्त राष्ट्र अपनी 80वीं वर्षगांठ मना रहा है, तब अंतरराष्ट्रीय सहयोग और बहुपक्षीय व्यवस्था का महत्व और भी स्पष्ट हो गया है। यह भी साफ हो चुका है कि वैश्विक शासन संस्थाओं में आज की वास्तविकताओं के अनुसार सुधार करना अब बेहद जरूरी हो गया है। आज जलवायु परिवर्तन, औद्योगिक बदलाव, सप्लाई चेन में बाधाएं और ऊर्जा परिवर्तन जैसी चुनौतियां सामने हैं। इनसे निपटने के लिए सबको साथ लेकर चलने वाले सहयोग की नई भावना की जरूरत है। जलवायु परिवर्तन आज दुनिया की सबसे बड़ी और व्यापक चुनौतियों में से एक है। इसका असर भारत, स्वीडन समेत दुनिया की हर अर्थव्यवस्था और समाज पर पड़ रहा है। आज अरबों लोग बेहतर जीवन स्तर, रोजगार, आधुनिक बुनियादी ढांचे और ऊर्जा सुविधाओं की उम्मीद रखते हैं। इसलिए विकास और अवसर पैदा करते हुए टिकाऊ भविष्य की दिशा में आगे बढ़ना कोई विरोधाभास नहीं, बल्कि आज के दौर की सबसे बड़ी आर्थिक और राजनीतिक जिम्मेदारी है।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था में से एक है। साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन अभियानों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। एक बड़े आर्थिक विकास केंद्र और ग्लोबल साउथ की जिम्मेदार आवाज के रूप में भारत ने निकट भविष्य के लिए दो बड़े लक्ष्य तय किए हैं-2047 तक विकसित देश बनना और 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करना। ये दोनों घरेलू लक्ष्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। वैश्विक सहयोग की बदौलत, जिसमें लीडआइटी और भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ शुरू किए गए कई वैश्विक मंच शामिल हैं-जैसे इंटरनेशनल सोलर अलायंस, ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस और मिशन लाइफ-भारत ग्लोबल साउथ की एक जिम्मेदार और प्रभावशाली आवाज बनकर उभरा है। वहीं दूसरी ओर, स्वीडन यूरोप में जलवायु कार्रवाई के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कई दशक पहले लिए गए साहसिक फैसलों की वजह से वहां का बिजली ग्रिड 98 प्रतिशत तक जीवाश्म ईंधन-मुक्त हो


अवधेश राजपूत

चुका है। 1990 के बाद से स्वीडन के उत्सर्जन में एक-तिहाई से अधिक कमी आई है, जबकि इसी अवधि में उसकी अर्थव्यवस्था का आकार दोगुना हो गया।

भारत और स्वीडन की नीतियां इस व्यापक सोच को दर्शाती हैं कि जलवायु कार्रवाई केवल पर्यावरण की रक्षा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह रोजगार और नए अवसर बढ़ा सकती है, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत कर सकती है और लोगों का जीवन बेहतर बना सकती है। लक्ष्य सिर्फ अपने-अपने देशों के विकास को कम-कार्बन बनाना नहीं, बल्कि ऐसी साझेदारियां तैयार करना भी है, जो स्वच्छ औद्योगिकीकरण को संभव बनाएं। इसी भावना के साथ भारत और स्वीडन 17 मई को गोथेनबर्ग में मिले। हरित परिवर्तन केवल पर्यावरण की जरूरत नहीं, बल्कि यह प्रतिस्पर्धा, आर्थिक मजबूती और दीर्घकालिक विकास के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है।

भारत और स्वीडन ने 2019 में संयुक्त रूप से संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से शुरू किए गए लीडआइटी (लीडरशिप ग्रुप फार इंडस्ट्री ट्रांजिशन) के माध्यम से इस तरह के सहयोग की अहमियत को साबित किया है। इस पहल ने औद्योगिक क्षेत्रों में कार्बन उत्सर्जन कम करने और उन कठिन क्षेत्रों को, जहां उत्सर्जन घटाना आसान नहीं है, वैश्विक जलवायु चर्चा के केंद्र में लाने में मदद की है। इस पहल ने दिखाया है कि विकसित और विकासशील देश भरोसे, नवाचार और साझा जिम्मेदारी के आधार पर मिलकर समाधान तैयार कर सकते हैं, लेकिन आज चुनौती का आकार और उसकी तात्कालिकता ऐसी है कि हमें पहले से कहीं अधिक तेज और बड़े स्तर पर आगे बढ़ना होगा। यह मंच तकनीकी साझेदारियों को तेज करने, औद्योगिक पायलट परियोजनाओं को बढ़ावा देने, टिकाऊ वित्त जुटाने, स्वच्छ ऊर्जा की मजबूत सप्लाई चेन बनाने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कम-कार्बन उद्योग विकसित करने में उपयोगी साबित हुआ है। अगले चरण का उद्देश्य श्रमिकों के लिए नए अवसर और कौशल विकास को बढ़ावा देना भी होना चाहिए। हर देश को हर समाधान खुद विकसित करने की जरूरत नहीं है, लेकिन हर देश को अपनी विकास संबंधी परिस्थितियों और प्राथमिकताओं के अनुसार तकनीकों को अपनाने, लागू करने और बड़े स्तर पर इस्तेमाल करने का अवसर मिलना चाहिए। उत्सर्जन सीमाओं को नहीं मानता, इसलिए उसके समाधान भी सीमाओं में बंधे नहीं रह सकते। इसीलिए हम 2030 तक इस वैश्विक गठबंधन को और व्यापक बनाने का आह्वान करते हैं। हम अधिक देशों, विशेष रूप से नार्डिक देशों को इस प्रयास से जुड़ने और सक्रिय योगदान देने के लिए आमंत्रित करते हैं।

कोई औद्योगिक परिवर्तन तभी सफल होगा, जब वह वास्तविक आर्थिक लाभ और सामाजिक प्रगति सुनिश्चित करे। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत, परमाणु ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण तकनीक और कम-कार्बन औद्योगिक समाधान, इन सभी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। कौनसा देश किस विकल्प को प्राथमिकता देता है, यह उसकी जरूरतों पर निर्भर करेगा। कोई भी देश अकेले हर महत्वपूर्ण तकनीक, खनिज संसाधन या औद्योगिक सामग्री को सुरक्षित नहीं कर सकता। इसी तरह, कोई भी राष्ट्र जलवायु परिवर्तन की चुनौती का अकेले सामना नहीं कर सकता। चूंकि उत्सर्जन सीमाओं को नहीं मानता, इसलिए उसके समाधान भी अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर आधारित होने चाहिए। हमारे सामने मौजूद अवसर केवल जलवायु नीति तक सीमित नहीं है। यह औद्योगिक सहयोग के एक नए युग को आकार देने का अवसर है। भारत और स्वीडन इस दिशा में प्रतिबद्ध हैं। वैश्विक अनिश्चितता के दौर में हमारा संदेश स्पष्ट है-बिखराव नहीं, सहयोग ही साझा समृद्धि और टिकाऊ भविष्य का रास्ता तय करेगा।

(लेखकद्वय भारत और स्वीडन के प्रधानमंत्री हैं)
response@jagran.com

# विपक्ष के समक्ष खुद को बचाने का संकट


उमेश चतुर्वेदी

> विपक्षी दलों की प्रमुख समस्या यह हैं कि वे अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में सहयोगियों से हिस्सेदारी बांटना ही नहीं चाहते

हाल में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में बंगाल में ममता बनर्जी, तमिलनाडु में एमके स्टालिन, असम में गौरव गोगोई जैसे बड़े नेताओं को मिली हार से विपक्षी खेमे में खलबली सी मच गई है। केरलम में गठबंधन सरकार में वापसी की वजह से कांग्रेस थोड़ी राहत भले महसूस कर रही हो, लेकिन ज्यादातर क्षेत्रीय दलों को अपने अस्तित्व पर खतरा नजर आने लगा है। तमिलनाडु में सत्ता की चाहत में विपक्षी गठबंधन टूट भी चुका है। कांग्रेस ने डीएमके का बरसों पुराना साथ छोड़ नई पार्टी टीवीके का दामन थाम लिया है। दूसरी तरफ ममता बनर्जी को विपक्षी एकता खासकर आइएनडीआइए की याद आने लगी है। अब वह विपक्षी एकता को मजबूत करने की बातें करने लगी हैं। हाल तक वह आइएनडीआइए की एकता से बेपरवाह थीं। आइएनडीआइए को कमजोर करने में विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने भी कम गलतियां नहीं की हैं। राहुल गांधी का बंगाल में भाजपा की बढ़त के लिए ममता को खुलेआम जिम्मेदार ठहराना एक तरह से तृणमूल के ताबूत में कील ही साबित हुआ। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या विपक्षी एकता का विचार फिर से परवान चढ़ सकता है? अतीत में जिस तरह विपक्षी खेमे में एक-दूसरे को शह-मात देने का खेल चला, उसे देखते हुए क्या एकता की उम्मीद अभी बची है?

वर्ष 2024 के आम चुनावों के पहले विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने और भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने की कोशिश तो हुई, लेकिन विपक्षी दलों में आपसी टकराव और वर्चस्व के चलते वह हकीकत नहीं बन पाया। 2023 में पटना में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुआई में विपक्षी मोर्चा बनाने का फैसला तो हुआ, लेकिन नेतृत्व के मुद्दे पर एक राय नहीं बन पाई। दरअसल कांग्रेस विपक्षी राजनीति की लगाम खुद के हाथ में ही रखना चाहती है। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल और एमके स्टालिन का साथ तो उसे चाहिए, लेकिन इनमें से किसी का भी नेतृत्व उसे गवारा नहीं। इन सबको


चुनावों से बदले राजनीतिक समीकरण। फाइल

हाशिए पर रखने के लिए बाद के दिनों में कांग्रेस ने जैसी चाल चली, उससे विपक्षी एकता का राग बेसुरा हो गया। वह पूरी तरह परवान चढ़ ही नहीं सकी। इसका परिणाम बीते लोकसभा चुनाव नतीजों में दिखा भी। फिर विपक्षी एका में कमी के चलते हरियाणा, महाराष्ट्र और बिहार के चुनावों में भाजपा ने बाजी मार ली।

जब भी सत्ता पक्ष के उफान में विपक्षी दल बहते हैं, उनमें एकता की छटपटाहट बढ़ जाती है। मुख्य रूप से यह अस्तित्व का संकट टालने का फौरी उपाय होता है। जब वे हार के बाद वोटों के गुणा-गणित में जुटते हैं तो उन्हें अहसास होता है कि अगर एक रहते तो सत्तापक्ष पर भारी पड़ते। 1962 के आम चुनावों में पंडित नेहरू से फूलपुर की सीट पर मिली हार के बाद राममनोहर लोहिया को भी कुछ ऐसा ही लगा था। इसके बाद उन्होंने गैर कांग्रेसवाद का विचार दिया। तब कांग्रेस को चुनाव में करीब 44 प्रतिशत वोट मिले थे। लोहिया को लगा कि विरोध में पड़े 56 प्रतिशत वोटों को अगर एक किया जाता तो नतीजे कुछ और होते। फिर गैर कांग्रेसवाद के बैनर के तले उन्होंने 1963 के उपचुनावों और 1967 के आम चुनावों में इसे आजमाया। इसका असर यह हुआ कि आठ राज्यों से कांग्रेस की विदाई हो गई। तब से सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ विपक्ष दलों में एकता की परंपरा बन गई है। कभी यह कांग्रेस के खिलाफ होता था, जिसमें वाममोर्चा और जनसंघ-भाजपा भी शामिल रहते थे, अब यह भाजपा के खिलाफ हो रहा है।

बंगाल के विधानसभा चुनाव में ममता को जहां करीब 42 प्रतिशत वोट मिले, वहीं भाजपा को करीब 46 प्रतिशत। कांग्रेस को 2.97 और वाम मोर्चे को 4.45 प्रतिशत वोट मिले। इन गैर-भाजपा वोटों को मिला दें तो यह आंकड़ा 49 प्रतिशत से ज्यादा हो जाता है। चुनावी राजनीति में सात प्रतिशत का अंतर बड़ा होता है। ऐसे में विपक्षी खेमे को लग रहा है कि अगर वे एक होते तो भाजपा को ऐसी जीत नहीं मिलती, लेकिन चुनावी गणित सामान्य गणित की तरह नहीं होता। विपक्षी दलों की समस्या यह है कि वे अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में सहयोगियों से हिस्सेदारी बांटना ही नहीं चाहते। मजबूत एकता के लिए विपक्ष के पास राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य साफ छवि वाला चेहरा भी नहीं है। ममता बड़ी नेता तो हैं, लेकिन उनकी तुनकमिजाजी उन्हें सर्वमान्य चेहरा मानने के राह की बड़ी बाधा है। आमजन को राहुल भी कई बार अपरिपक्व नजर आते हैं। स्टालिन भी राष्ट्रीय स्तर की स्वीकार्यता के लिए अयोग्य हैं। रही बात अखिलेश यादव की तो, उनके पास भी जमीनी राजनीति का अनुभव कम है। ममता को चुनावी मैदान में करारी शिकस्त मिल गई है। अब अखिलेश को अगले साल उत्तर प्रदेश के सियासी मैदान में भाजपा से दो-दो हाथ करना है। भाजपा की कोशिश उन्हें तीसरी बार हराने की होगी। अगर वह ऐसा करने में कामयाब रही तो उसके सामने दूर-दूर तक कोई चुनौती नहीं होगी। ऐसे में विपक्षी खेमे का संकट बड़ा है। अतीत के व्यवहार से नहीं लगता कि विपक्षी दल भविष्य में कोई मजबूत मोर्चा बन सकेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)
response@jagran.com

## ऊर्जा

### वाणी का तप

ऋषि शरीर से नहीं, ज्ञान से जीवित रहते हैं। जब कोई मनुष्य वेद, उपनिषद, गीता या किसी भी पवित्र ग्रंथ का अध्ययन करता है, तब वह केवल शब्द नहीं पढ़ता, वह हजारों वर्षों की तपस्या का साक्षी बनता है। स्वाध्याय वस्तुतः समय के पार एक आध्यात्मिक संगति है। मनुस्मृति ने यज्ञ, श्राद्ध और दान के साथ स्वाध्याय को केंद्र में रखा है। देवताओं का ऋण यज्ञ से उतरता है, पितरों का श्राद्ध से, मनुष्यों का अन्न-जल दान से और ऋषियों का स्वाध्याय से। आज का मनुष्य निरंतर बोल रहा है, परंतु उसके शब्दों में ऊष्मा नहीं, केवल उत्तेजना है। उसकी वाणी के पीछे स्वाध्याय का संस्कार नहीं है। जिस समाज में ग्रंथों का पाठ बंद हो जाता है, वहां संवाद धीरे-धीरे शोर में बदल जाता है। हमारा युग सूचना का युग है, ज्ञान का नहीं। आज मनुष्य के पास शब्द बहुत हैं, पर वाणी नहीं, पुस्तकें बहुत हैं, पर स्वाध्याय नहीं।

आंखों का तप दृश्य होता है, मन का तप अनुभव होता है, शरीर का तप तितिक्षा है, परंतु वाणी का तप स्वाध्याय है। वाणी मनुष्य के भीतर के संस्कारों, उसके चिंतन और उसकी साधना की वास्तविक परीक्षा लेती है। इसीलिए गीता में कहा गया है कि किसी को कष्ट न देने वाला, सत्य, प्रिय और हितकारी बोलना तथा वेदों व शास्त्रों के स्वाध्याय में लगे रहना वाणी का तप है। पतंजलि ने योग के नियमों में स्वाध्याय को भी स्थान दिया। उनके अनुसार स्वाध्याय पवित्र ग्रंथों का अध्ययन, मंत्र-जप, आत्मचिंतन, अपने विचारों का निरीक्षण है। मनुष्य जिस विचार का चिंतन करता है, अंततः वही उसकी चेतना का केंद्र बन जाता है। स्वाध्याय मन के विक्षेपों को हटाकर उसे एक ध्रुव पर स्थिर करता है। यह मनुष्य को भीतर से विनीत बनाता है। ज्ञान के समुंदर के आगे खड़े होकर ही पता चलता है, हमारे छोटे से पात्र में कितना कम जल है।

ट्विंकल तोमर सिंह

# नशा मुक्त भारत निर्माण का लक्ष्य

सुनीता मिश्रा

> यदि हमें अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाना हैं, तो आगामी पीढ़ी को नशे से बचाना ही होगा

केंद्र सरकार ने वर्ष 2047 तक 'नशा मुक्त भारत' बनाने का लक्ष्य तय किया है। यह केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि देश के युवाओं का भविष्य बचाने का राष्ट्रीय संकल्प है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हाल में ड्रग्स को मानवता के लिए खतरा बताते हुए इसके विरुद्ध वैश्विक स्तर पर संयुक्त अभियान की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत अब 'जीरो टालरेंस' नीति के तहत ड्रग्स सिंडिकेट के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रहा है, ताकि नशीले पदार्थों का एक ग्राम भी न तो देश के भीतर प्रवेश कर सके और न ही भारत की सीमाओं से बाहर जा सके।

भारत आज जिस तेजी से आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है, उसी गति से देश के सामने गंभीर सामाजिक चुनौतियां भी खड़ी हो रही हैं। इनमें सबसे खतरनाक चुनौती नशीले पदार्थों का बढ़ता कारोबार और युवाओं में नशे की बढ़ती लत है। संयुक्त राष्ट्र ड्रग्स एंड क्राइम आफिस की विश्व ड्रग रिपोर्ट 2024 के अनुसार वर्ष 2022 में दुनिया भर में 29.2 करोड़ लोग नशीले पदार्थों का सेवन करते पाए गए थे। भारत भी इस वैश्विक संकट से अछूता नहीं है। वर्ष 2024 में भारतीय एजेंसियों ने लगभग 25 हजार करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त किए, जो 2023 की तुलना में 55 प्रतिशत अधिक है। यह आंकड़ा बताता है कि देश में ड्रग्स नेटवर्क कितनी तेजी से फैल रहा है। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि नशे का जाल अब महानगरों तक सीमित नहीं रहा। स्कूल-कालेजों, छोटे शहरों और सीमावर्ती क्षेत्रों तक इसकी पहुंच बढ़ चुकी है। पंजाब, राजस्थान, गुजरात और पूर्वोत्तर राज्य लंबे समय से ड्रग्स तस्करी की चुनौती झेल रहे हैं। भारत की भौगोलिक स्थिति भी इस खतरे को और जटिल बनाती है।

दरअसल नशा युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित कर रहा है। नशे के कारण अपराध, हिंसा और आत्महत्या जैसी घटनाएं भी बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि नशे की लत के कारण 2021 में दस हजार से अधिक लोगों ने आत्महत्या की थी। यह स्थिति केवल चिंताजनक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी भी है। सरकार द्वारा ड्रग्स के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान आवश्यक है, लेकिन केवल सख्त कानूनों से इस समस्या का समाधान संभव नहीं होगा। समाज को भी अपनी जिम्मेदारी समझने की जरूरत है। इसके लिए समाज, परिवार, शिक्षण संस्थानों और सरकार को मिलकर काम करना होगा। स्कूलों, कालेजों और कोचिंग संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाए जाएं। परिवारों को बच्चों के साथ संवाद बढ़ाना होगा। युवाओं को खेल, कौशल विकास और रोजगार से जोड़ना होगा। नशे की गिरफ्त में आ चुके लोगों के पुनर्वास और इलाज की बेहतर व्यवस्था करनी होगी।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## जन आकांक्षाओं की कसौटी

'मुख्यमंत्री के चुनाव हारने की परंपरा' शीर्षक से प्रकाशित जयसिंह रावत का आलेख बिल्कुल सामयिक है कि अति महत्वाकांक्षी और सत्ता मोह में डूबा कोई मुख्यमंत्री अपने आप को कितना ही श्रेष्ठ होने का दंभ क्यों न पाल लें, लोकतांत्रिक खुबसूरती की आंधी में न केवल सत्ता सुख से वंचित होना पड़ता है, बल्कि अपनी विधायकी भी गंवानी पड़ती है। ममता बनर्जी का हाल में भवानीपुर क्षेत्र से पराजित हो जाना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन हार गए हैं। लोकतांत्रिक परिपक्वता की इस कसौटी का उदाहरण देश में सबसे पहले उतर प्रदेश में देखने को मिला था, जब 1971 में मनीराम सीट पर त्रिभुवन नारायण सिंह पर जनता ने भरोसा नहीं जताया था। ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं जब मतदाता ने लोकतांत्रिक समृद्धि को गढ़ा है। बात स्थानीय मुद्दों की हो या एंटीइनकंबेंसी फैक्टर की हो, या अन्य कोई भी बात हो, सच्चाई यही है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई सदा के लिए अजेय नहीं है। जन आकांक्षाओं की कसौटी ही सबसे खरी है।

मिथिलेश कुमार भागलपुर बिहार

## तारीखों का न्यायतंत्र

सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाकर 37 करना निश्चित रूप से स्वागतयोग्य कदम है, किंतु यह मान लेना कि केवल संख्या बढ़ने से न्याय व्यवस्था की जटिल समस्याएं समाप्त हो जाएंगी, वास्तविकता से आंखें मूंदने जैसा होगा। आज देश की अदालतों में करोड़ों मुकदमे वर्षों से लंबित हैं और आम नागरिक "तारीख पर तारीख" की त्रासदी झेलने को विवश है। ऐसे में प्रश्न केवल न्यायाधीशों की संख्या का नहीं, बल्कि न्यायिक ढांचे की कार्यक्षमता, जवाबदेही और संसाधनों का भी है। विडंबना यह है कि जिस लोकतंत्र में न्यायपालिका को संविधान का प्रहरी कहा जाता है, वहीं न्याय पाने की प्रक्रिया इतनी धीमी हो चुकी है कि कई बार फैसला आने तक पीड़ित की पीड़ा ही समाप्त हो जाती है। न्याय में देरी वस्तुतः न्याय से वंचित करना है। अधीनस्थ न्यायालयों में रिक्त पद, अपर्याप्त आधारभूत सुविधाएं, डिजिटल संसाधनों की कमी तथा अनावश्यक सरकारी मुकदमेबाजी स्थिति को और भयावह बना रही हैं। विकसित देशों की तुलना में भारत में प्रति दस लाख आबादी पर न्यायाधीशों की संख्या अत्यंत कम है। विधि आयोग वर्षों पूर्व न्यूनतम 50 न्यायाधीश प्रति दस लाख जनसंख्या की अनुशंसा कर चुका है, किंतु उस दिशा में गंभीर राजनीतिक इच्छाशक्ति अब तक दिखाई नहीं देती। न्यायिक सुधार केवल नियुक्तियों तक सीमित नहीं होने चाहिए, प्रक्रियाओं को सरल, तकनीक आधारित और समयबद्ध बनाना भी उतना ही आवश्यक है। यदि न्यायपालिका को वास्तव में जनविश्वास का केंद्र बनाए रखना है, तो न्याय को केवल संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि त्वरित और सुलभ व्यवस्था बनाना होगा। अदालतों की इमारतें और बढ़ती संख्या भी जनता के टूटते विश्वास को नहीं रोक पाएंगी।

बिमलेश कुमार सिंह चौहान, लखनऊ

## मेलबाक्स

## न्यायपालिका पर बढ़ता बोझ

सोमवार को प्रकाशित अग्रलेख 'न्यायाधीशों का संख्याबल' में उचित कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाना एक सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन यह एक बड़े मर्ज का छोटा सा इलाज है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने का निर्णय यह संकेत देता है कि सरकार न्यायपालिका पर बढ़ते बोझ को कम करने के प्रति गंभीर है। सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 करने का उद्देश्य लंबित मामलों के तेजी से निपटारे को सुनिश्चित करना है। यह कदम स्वागतयोग्य अवश्य है, किंतु इससे न्याय व्यवस्था की मूल समस्याओं का पूर्ण समाधान नहीं होने वाला। वास्तविक चुनौती देश की समग्र न्यायिक संरचना में सुधार की है, क्योंकि केवल शीर्ष अदालत में संख्या बढ़ाने से अदालतों की जटिल स्थिति नहीं बदलती।

युगल किशोर राही, ग्रेटर नोएडा

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) - विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHI/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**18** प्रतिशत रासायनिक खाद सऊदी अरब से आयात करता है भारत अपनी आवश्यकता का, जबकि कतर से 12 प्रतिशत, यूएई से तीन प्रतिशत, रूस से 21 प्रतिशत आयात करता है। इसके अलावा चीन, ओमान, मोरक्को आदि से भी रासायनिक खाद का आयात होता है।





प्रो. लल्लन प्रसाद
पूर्व विभागाध्यक्ष, बिजनेस इकोनमिक्स विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

आजकल

# रासायनिक खाद के उपयोग पर नियंत्रण

**पिछले ढाई माह से अधिक समय से जारी अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण तेल एवं गैस के अलावा रासायनिक खाद की वैश्विक आपूर्ति भी दुष्प्रभावित हुई है। भारत भी इसकी भयावह चपेट में आ चुका है। लिहाजा प्रधानमंत्री ने किसानों से रासायनिक खाद की खपत में 50 प्रतिशत तक कमी लाने की अपील की है। इससे आयात पर हमारी निर्भरता कम होने के साथ ही प्राकृतिक खाद का उपयोग बढ़ेगा, जिससे विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। वहीं, प्राकृतिक खाद का उपयोग हमारे खेतों की उर्वरता को भी कायम रखने में कारगर होगा**



जैविक खाद का अधिकतम उपयोग मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण, दोनों ही दृष्टिकोण से बहुत उपयुक्त है। फाइल

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में रासायनिक खाद की आपूर्ति शृंखला बाधित होने के कारण इसके उपयोग को घटाने की कवायद की जा रही है। वस्तुतः हमारे देश में बड़ी संख्या में किसान रासायनिक खाद पर निर्भर हो चुके हैं। जबकि जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाते हैं, फसलों को बीमारियों से बचाते हैं और पर्यावरण के लिए लाभदायक होते हैं। रासायनिक खाद की श्रेणी में- यूरिया (नाइट्रोजन आधारित), एसएसपी, एवं डीएपी (फास्फोरस आधारित) और दानेदार या पाउडर (पोटेशियम आधारित) आते हैं जो फसलों को तेजी से पोषक तत्व प्रदान करते हैं और पैदावार में वृद्धि करते हैं, किंतु इनका अधिक उपयोग मिट्टी की उर्वरता को कम करता है, जल प्रदूषण का कारण भी बनता है। इनका निर्माण कारखानों में होता है जिसके लिए कच्चा माल बड़ी मात्रा में विदेश से आयात करना पड़ता है, और जो ऊर्जा (गैस) का उपभोग भी बहुत करते हैं।

भारत में पहली फर्टिलाइजर फैक्ट्री 1906 में खोली गई थी, किंतु रासायनिक (सिंथेटिक) फर्टिलाइजर का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर 1960 में हुई हरित क्रांति से शुरू हुआ। इस समय देश में 30 फर्टिलाइजर फैक्ट्रियां हैं जिनमें सिंदरी फर्टिलाइजर, इफको, चंबल फर्टिलाइजर आदि प्रमुख हैं। यूरिया और फास्फोरस का उत्पादन सबसे अधिक गुजरात में होता है। रासायनिक खादों का सबसे अधिक उपयोग कृषि प्रधान राज्यों पंजाब और हरियाणा में होता है। यूरिया के उत्पादन में भारत आत्मनिर्भरता के करीब है, किंतु बाकी रासायनिक खादों का आयात बड़े पैमाने पर होता है- 80 से 90 प्रतिशत तक।

पिछले लगभग ढाई माह से अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध के कारण होर्मुज समुद्री मार्ग के बुरी तरह प्रभावित होने के कारण भारत में रासायनिक खाद का अभाव पैदा हो गया है। वस्तुतः वैश्विक फर्टिलाइजर का लगभग 30 प्रतिशत कारोबार इसी होर्मुज समुद्र मार्ग के जरिये होता है। इस कारण भारत की सप्लाई भी बाधित है। यूक्रेन से भी भारत फर्टिलाइजर्स खरीदता था, लेकिन वहां भी पिछले चार वर्षों से युद्ध चल रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध प्रारंभ होने से पहले यूक्रेन पोटेशियम के उत्पादन और निर्यात में विश्व के अग्रणी देशों में था।

जिन देशों से भारत फर्टिलाइजर खरीद रहा है उनमें प्रमुख हैं : सऊदी अरब (18 प्रतिशत), कतर (12 प्रतिशत), यूएई (तीन प्रतिशत), रूस (21 प्रतिशत), बाकी अन्य देशों चीन, ओमान, मोरक्को आदि से भी भारत रासायनिक खाद खरीदता है। कच्चे तेल की तरह ही फर्टिलाइजर की कीमतें भी विश्व बाजार में तेजी से बढ़ी हैं, लगभग दोगुनी हो गई हैं। होर्मुज समुद्री मार्ग के बंद होने से शिपिंग चार्जेज, बीमा और सुरक्षा के खर्चे बढ़ गए हैं, जहाजों के आने में समय भी अधिक लग रहा है। इन सबका असर देश के बजट पर पड़ रहा है। रासायनिक खाद पर किसान को व्यापक सब्सिडी भी दी जाती है।

देश में फर्टिलाइजर का कुल स्टाक अप्रैल 2026 में लगभग 200 एलएमटी (लाख मीट्रिक टन) था, जो पिछले वर्ष की इसी माह की अपेक्षा 20 एलएमटी अधिक था। किंतु यह स्टाक फर्टिलाइजर की मांग को पूरी नहीं कर सकता। कृषि और किसान कल्याण विभाग के अनुसार खरीफ की फसलों के लिए कुल 390 एलएमटी फर्टिलाइजर की आवश्यकता होगी। स्वदेशी उत्पाद के अलावा 20 प्रतिशत यूरिया, 50 प्रतिशत डीएपी और लगभग 100 प्रतिशत पोटाश बाहर से मंगाना पड़ सकता है। खरीफ की फसल के लिए किसानों द्वारा फर्टिलाइजर की खरीद शुरू हो गई है, आपूर्ति बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम युद्ध स्तर पर उठाने की आवश्यकता है, ताकि कृषि पैदावार प्रभावित न हो और किसानों की आमदनी पर असर न पड़े। प्राकृतिक गैस जो फर्टिलाइजर के कारखानों के लिए आवश्यक है, उसका लगभग 85 प्रतिशत आयात करना पड़ता है, जिसका 60 प्रतिशत होर्मुज समुद्री मार्ग से होकर आता है जो इस समय बाधित है। एलएनजी के आयात में जो रुकावट आई है उस कारण स्वदेशी उत्पादन 1.5 एमटी प्रतिमाह कम हो रहा है। एलएनजी के वितरण में फर्टिलाइजर उत्पादकों को प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि वे पूरी क्षमता से उत्पादन कर सकें। खाड़ी देशों से आयात की निर्भरता कम करने के उद्देश्य से सरकार रूस, कनाडा और अफ्रीकी देशों से आयात बढ़ा रही है। प्रचलित यूरिया की जगह नैनो यूरिया के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है।

इस बीच प्रधानमंत्री ने किसानों से अपील की है कि वे रासायनिक खादों का उपयोग 50 प्रतिशत तक कम करें, उसकी जगह भारत की पारंपरिक खेती के तरीकों का इस्तेमाल करें जो पैदावार बढ़ाने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखती हैं, स्वास्थ्य के लिए हितकर हैं और पर्यावरण अनुकूल हैं। यद्यपि यह सलाह है, कोई बाध्यता नहीं। छोटे किसानों की अपेक्षा बड़े किसान रासायनिक खादों का अधिक मात्रा में उपयोग करते हैं। छोटे किसानों की संख्या देश में करोड़ों में है। फर्टिलाइजर पर सब्सिडी बंद करना उनके ऊपर बड़ा आघात होगा, कीमतें बढ़ाने से उनकी आमदनी और जीविका पर जो प्रभाव पड़ेगा, वह पूरी ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मंदी की स्थिति पैदा कर सकता है जो देश की जीडीपी को प्रभावित करेगा। ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि से सिंचाई के लिए इस्तेमाल होने वाली बिजली का खर्च पहले ही बढ़ गया है, परिवहन के साधन महंगे हो गए हैं, अनाजों के भंडारण पर होने वाला खर्च भी बढ़ गया है। छोटे किसानों को राहत देने के लिए सरकार जो मानदेय दे रही है, उसकी वृद्धि पर भी पुनर्विचार की जरूरत है।

## जैविक खाद उत्पादन को मिले प्रोत्साहन



ईश्वर दास
अध्यक्ष, श्रीकृष्णायन देसी गौरक्षाशाला

देश दुनिया में आज डीजल, पेट्रोल और गैस की आपूर्ति का संकट गहराता जा रहा है। इसके साथ ही वैश्विक उर्वरक आपूर्ति पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। होर्मुज समुद्री मार्ग में रुकावटों के कारण प्राकृतिक गैस की बढ़ती कीमतों से नाइट्रोजन और फास्फोरस की आपूर्ति करने वाले उर्वरकों को विशेष रूप से संवेदनशील बना दिया है। इस संकट की वजह पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक संघर्ष है। इसकी वजह से खाद्य सुरक्षा के प्रति जोखिम बढ़ता ही जा रहा है। अफ्रीका और दक्षिण एशिया के देशों की स्थिति दयनीय है। नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटैशियम, सल्फर और जिंक जैसे तत्वों की कमी पूरी करने के लिए किसान रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करते हैं। जैविक खाद का इस्तेमाल भी होता है। पहले गांवों के किसान गाय बैलों के सहारे खेती करते थे। इनके गोबर से बने खाद और राख से बने कीटनाशक के सहारे खेती का व्यापार चलता रहा। यही भदेस परंपरा भारतीयता की पहचान थी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार की बदल रही स्थिति और पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक तनाव को देखते हुए मोदी सरकार ने वैश्विक निविदाओं के माध्यम से लगभग 25 लाख मीट्रिक टन यूरिया और अन्य फास्फेटिक उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने का काम किया है। यह प्रयास किसानों को आश्वस्त करता है। इसके बाद भी खेती किसानी में लगे लोगों को इस चुनौती का सामना करने के लिए पशुपालन से प्राप्त होने वाले जैविक उर्वरक के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

केमिकल फर्टिलाइजर के प्रोत्साहन के पीछे तुरंत और सटीक पोषण का तर्क है। लेकिन लंबे समय में मिट्टी और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने का दुर्गुण भी छिपा नहीं रह गया है। भले ही आर्गेनिक फर्टिलाइजर धीरे-धीरे पोषण देते हैं, यह मिट्टी की संरचना सुधारने में मदद करते हैं। इसलिए टिकाऊ खेती के लिए बेहतर माने जाते हैं। लेकिन रासायनिक उर्वरक के दीर्घकालिक उपयोग का दुष्परिणाम देश भुगत रहा है। मिट्टी और जल प्रदूषण का खतरा निरंतर बढ़ता जा रहा है। आर्गेनिक फर्टिलाइजर टिकाऊ खेती के लिए बेहतर ही नहीं, बल्कि मिट्टी और पर्यावरण की गुणवत्ता सुधारने के लिए भी जरूरी है।

आज वैश्विक बाजार में यूरिया की कीमत दो हजार रुपये प्रति बैग होने के बावजूद सरकार किसानों को तीन सौ रुपये से कम कीमत पर इसे उपलब्ध करा रही है। खाड़ी देशों से आयात पर निर्भरता कायम है। अगर रुकावटें आगे जारी रहीं तो महंगाई से जुड़े जोखिम बढ़ने की आशंका बनी हुई है। भारत सरकार के बजट में उर्वरक सब्सिडी के लिए 1.71 लाख करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। इसमें 1.16 लाख करोड़ रुपये केवल यूरिया के लिए स्वीकृत है। सब्सिडी के कारण खुदरा कीमतें सस्ती बनी हुई हैं। लेकिन सरकार पर वित्तीय दबाव बढ़ रहा है। चूंकि सब्सिडी की लागत बढ़ती जा रही है। ऐसी दशा में नीतियों में बदलाव भी संभव है।

उत्तर प्रदेश में आर्गेनिक खाद का उत्पादन बढ़ने लगा है। सरकार ने 7,500 गौशालाओं को आर्गेनिक फर्टिलाइजर उत्पादन केंद्र में बदलने की योजना बनाई है। इससे प्रतिदिन प्राप्त होने वाले सवा लाख टन गोबर और 62.5 लाख लीटर गौमूत्र से खाद तैयार की जा रही है। भविष्य में इस निवेश से राज्य की रासायनिक खाद पर निर्भरता घट सकती है। उत्तर प्रदेश सरकार इस दिशा में गंभीरता से प्रयासरत दिख भी रही है। उम्मीद की जा रही है कि आगामी कुछ वर्षों में इसके सुपरिणाम देखने को मिल सकते हैं। देश के अन्य राज्यों को भी सीख लेनी चाहिए एवं जैविक खाद के उत्पादन को बढ़ावा देना चाहिए।

खरी-खरी

## रिश्ते यूज एंड थ्रो वाले

सूर्यदीप कुशवाहा

आजकल की खबरें डराती हैं। कभी पत्नी यमराज बन रही है, तो कभी पति। पुराने जमाने में लोग वसीयत छुपाकर रखते थे, आज के पति-पत्नी अपने काले कारनामे छुपाकर रखते हैं। आज के समय में पति-पत्नी के बीच प्यार हो न हो, पर प्राइवेसी को लेकर तगड़ा प्रेम होता है। पति महोदय बाथरूम में भी फोन लेकर ऐसे जाते हैं जैसे वहां से सीधे आनलाइन काम करने हो। यह जो बाथरूम-कालिंग का नया चलन शुरू हुआ है, यही आधुनिक धोखेबाजी की पहली सीढ़ी है।

धोखेबाजी केवल किसी दूसरे से मिलने का नाम नहीं है, बल्कि उस एक सच को छुपाने के लिए बोले गए हजार झूठों का पुलिंदा है। फिलहाल अभी जिंदा है। पति कह रहा है कि वह आफिस में मीटिंग कर रहा है, जबकि असल में वह किसी होटल या कमरे में अवैध रिश्ते की नई जमीन जोत रहा है। इधर पत्नी बर्थडे पार्टी का बहाना बनाकर होटल रूम में किसी और के साथ ओठों की चुस्कियां ले रही है। यह रिश्ता अब विश्वास पर नहीं, बल्कि अच्छी नेटवर्क कनेक्टिविटी और प्रेम के परे और खरे फीचर पर टिका है।

फेसबुक और इंस्टाग्राम पर जो जोड़े मिलते हैं, यकीन मानिए खोखे में भरे धोखे हैं। उनके दिल फरेब के टुकड़े से बने हैं। दुनिया को दिखाने के लिए सती सावित्री है, जबकि हकीकत बस हवस में पगलाई स्त्री है। दोनों एक-दूसरे के वाट्सएप को जासूस की तरह मानिटर कर रहे होते हैं। यह धोखेबाजी का एक ऐसा हाई-टेक रूप है, जहां संदेह की सुई कभी भी नोटिफिकेशन की घंटी के साथ ऊपर-नीचे हो सकती है। इसे भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

आजकल धोखेबाजी को वक्त और जज्बातों की कमी का लेबल लगाकर जस्टिफाई किया जाता है। पति कहता है कि तुम मुझे समझती नहीं हो, इसलिए बाहर समझदार ढूंढ ली। पत्नी कहती है कि तुम मुझे वक्त नहीं देते, इसलिए किसी और का वक्त उधार ले लिया। लेकिन असलियत तो यह है कि इंसान की नीयत में खोट आ गया है। रिश्ते अब यूज एंड थ्रो वाले पेन की तरह हो गए हैं। जब तक स्याही है, तब तक घिसते रहो, वरना नया पेन मार्केट में उपलब्ध है ही।


पोस्ट

तृणमूल कांग्रेस यानी टीएमसी के सदस्य ज्यादातर गुंडे थे, जिन्होंने बंगाल की जनता को आतंकित किया हुआ था। अब टीएमसी की हार के बाद वे चीख-पुकार मचा रहे हैं, क्योंकि अब उन्हें ही इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

मार्कण्डेय काटजू@mkatju

ममता बनर्जी ने बंगाल की सत्ता संभालने के बाद विपक्षी पार्टी लेफ्ट को पूरी तरह से निपटा दिया। वामपंथ के कमजोर होने से भाजपा विपक्षी पार्टी बनी और कुछ ही वर्षों के भीतर उसने सत्ता भी हासिल कर ली। आज यही स्थिति केरलम की है। कांग्रेस समझदार होगी तो वह राज्य में विपक्ष के रूप में वामपंथी दलों को जिंदा रखेगी।

आदेश रावल@AadeshRawal



बैडमिंटन में सात्विक-चिराग की भारतीय जोड़ी थाईलैंड ओपन के फाइनल तक पहुंची, पर इसे लेकर देश में वैसी हलचल नहीं दिखी, जैसी क्रिकेट सितारों के लिए होती है। इस जोड़ी पर ध्यान दिया जाना चाहिए, क्योंकि यह ओलिंपिक में पदक की संभावना जगा रही है। क्या हमारा देश खेलों के मामले में केवल क्रिकेट प्रेमी देश है?

सुशील दोशी@RealSushilDoshi

बंगाल डायरी

# क्रूर दस्तूर, सत्ता से विदा, वजूद से जुदा!



जयकृष्ण वाजपेयी
राज्य ब्यूरो प्रमुख, बंगाल

बंगाल की राजनीति का अपना एक अनूठा, बेहद क्रूर और दिलचस्प चरित्र रहा है। यहां सत्ता का परिवर्तन महज किसी एक राजनीतिक दल का आना और दूसरे का जाना नहीं होता, बल्कि जो दल सत्ता के सिंहासन से उतरता है, उसकी जड़ें ही बंगाल की माटी से उखड़ने लगती हैं। वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव के नतीजों ने इस ऐतिहासिक बंगाली नियति को फिर पूरी ताकत से दोहरा दिया है। 15 वर्षों तक सत्ता का सुख भोगने वाली ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस महज 80 सीटों पर सिमटकर विपक्ष की बेंचों पर बैठने को मजबूर हो गई है, जबकि भाजपा 207 सीटों के अपार बहुमत के साथ सत्ता के शीर्ष पर काबिज हो चुकी है। अब यक्ष प्रश्न यह है कि क्या तृणमूल भी उसी पतन के रास्ते पर चल पड़ी है, जिस पर कभी कांग्रेस और वाममोर्चा चले थे?

बंगाल के सियासी इतिहास के पन्ने पलटें तो एक अजब समानता दिखाई देती है। यहां जो भी दल सत्ता में रहता है, उसका परचम इस कदर बुलंद होता है कि विपक्ष का अस्तित्व ही मिटा हुआ सा लगता है। लेकिन जैसे ही सत्ता हाथ से जाती है, उस दल की सियासी जमीन मरुस्थल में तब्दील हो जाती है। आजादी के बाद से लेकर 1977 तक, बीच के कुछ वर्षों को छोड़कर कांग्रेस ने बंगाल पर दो दशकों से अधिक समय तक एकछत्र राज किया। डा. बिधान चंद्र राय और सिद्धार्थ शंकर राय जैसे कद्दावर नेताओं के दौर में अपराजेय दिखने वाली कांग्रेस आज एक-एक सीट के लिए कभी अपने धुर विरोधी रहे वामपंथियों, तो कभी फुरफुरा शरीफ के मौलानाओं की बैसाखी थामने को मजबूर है।

यही हाल 34 वर्षों तक वामपंथ का 'लाल दुर्ग' चलाने वाले कामरेडों का हुआ। ज्योति बसु और बुद्धदेव भट्टाचार्य के जिस साम्राज्य में परिंदा भी पर नहीं मार सकता था, 2011 में सत्ता से बेदखल होते ही उसकी एक-एक ईंट ढह गई। स्वयं को जाति-मजहब से ऊपर और पंथनिरपेक्षता का अलमबरदार बताने वाले वामपंथियों को आज अपना



तृणमूल, माकपा और कांग्रेस का झंडा। फाइल

वजूद बचाने के लिए पीरजादा अब्बास और नौशाद सिद्दीकी की इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आइएसएफ) के सामने घुटने टेकने पड़ रहे हैं।

आखिर बंगाल की इस राजनीतिक तासीर के पीछे क्या वजह है कि यहां कोई भी दल सत्ता से बाहर होने के बाद दोबारा उठ नहीं पाता और बड़े संगठन ताश के पत्तों की तरह ढह जाते हैं? इस क्रूर पतन का सबसे पहला और प्रमुख कारण बंगाल की राजनीति का 'अति-केंद्रीकृत कैडर ढांचा' और 'सत्ता जनित संरक्षण' है। बंगाल में सत्ता केवल नीतियां बनाने का जरिया नहीं है, बल्कि यह जमीनी स्तर पर पुलिस, प्रशासन, स्थानीय क्लबों और सिंडिकेट के गठजोड़ को नियंत्रित करने का एकमात्र साधन है। जब तक कोई दल सत्ता में रहता है, यह पूरा तंत्र एक सुरक्षा कवच की तरह उसके कैडरों और नेताओं को पालता-पोषता है।

लेकिन जैसे ही सत्ता बदलती है, यह संरक्षण तंत्र रातों-रात नए शासक के पाले में चला जाता है। बंगाल का राजनीतिक कार्यकर्ता सत्ता के बिना संघर्ष करने का आदी नहीं रहा है, वह पुलिसिया कार्रवाई और नए शासकों के दमन के डर से या तो पाला बदल लेता है या फिर पूरी तरह निष्क्रिय हो जाता है। यही कारण था कि वामपंथ के पतन के बाद उसके लाखों कार्यकर्ता रातों-रात तृणमूल की 'दीदी' के आंचल में छिप गए और बाद के दिनों में कुछ कैडर भाजपा के भगवा झंडे तले आ गए।


दूसरा बड़ा कारण गुटबाजी और वैचारिक अवसरवादिता है। जब तक दल सत्ता की मलाई बांटता है, तब तक आंतरिक मतभेद दबे रहते हैं। सत्ता जाते ही पार्टी के भीतर नेतृत्व के खिलाफ असंतोष का ज्वालामुखी फूट पड़ता है। कांग्रेस का पतन तब शुरू हुआ, जब उसकी गुटबाजी से तंग आकर 1998 में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस बना ली थी। आज वही इतिहास तृणमूल को डरा रहा है। चुनाव नतीजों के बाद कालीघाट में हुई पराजित प्रत्याशियों की बैठक में जिस तरह से कई प्रमुख चेहरों की अनुपस्थिति दिखी, वह संगठन के भीतर सुलगती बगावत का संकेत है। जब नेता और विधायक टूटने लगते हैं, तो संगठन जिला स्तर पर दो-चार लोगों की कागजी मौजूदगी तक सिमट जाता है।

ममता बनर्जी की मुश्किल इसलिए भी बड़ी है, क्योंकि इस समय वह 71 वर्ष की उम्र के पड़ाव पर हैं। पांच साल बाद जब अगला चुनाव आएगा, तब उनकी उम्र 76 वर्ष हो चुकी होगी। बंगाल जैसे हिंसक और आक्रामक चुनावी रणक्षेत्र में इतने लंबे समय तक विपक्ष में रहकर पार्टी को एकजुट रखना बेहद दुरूह कार्य है। कालीघाट की बैठक में ममता बनर्जी का यह कहना कि 'जो लोग दल छोड़ना चाहते हैं, वे जा सकते हैं, जो बचेंगे वही असली सोना होंगे', उनकी राजनीतिक बेबसी और आने वाले तूफान की आहट को साफ बयां करता है। नए चेहरों के दम पर पार्टी को फिर से खड़ा करने का दावा सुनने में जितना आकर्षक है, व्यावहारिक रूप से उतना ही कठिन, क्योंकि बंगाल के इतिहास में नेपथ्य में गए दलों को जनता ने दोबारा कभी स्वीकार नहीं किया।

वर्ष 2026 के इस ऐतिहासिक परिवर्तन ने बंगाल के इतिहास में एक नया पन्ना खोल दिया है। भाजपा 207 सीटों के साथ सरकार बना चुकी है और तृणमूल 80 सीटों पर आकर अपनी प्रासंगिकता की लड़ाई लड़ रही है। यदि ममता अपने कुनबे को बिखरने से नहीं बचा पाती हैं और पार्टी के सिपहसालार नए सत्ताधीशों की शरण में चले जाते हैं, तो बहुत संभव है कि आने वाले कुछ वर्षों में तृणमूल का हश्र भी वही हो जो आज बंगाल में कांग्रेस और वामदलों का हो चुका है। बंगाल की राजनीति का यह क्रूर दस्तूर रहा है कि यहां इतिहास स्वयं को बेरहमी से दोहराता है, और इस बार इतिहास की बंदूक का निशाना तृणमूल के वजूद पर लगा हुआ है।

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**क्या भुवनेश्वर कुमार की राष्ट्रीय टीम में वापसी होनी चाहिए?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

आज का सवाल

**क्या बीसीसीआइ को आरटीआइ के दायरे से बाहर रखने का फैसला सही है?**

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है


जनपथ

जितने हैं उनके लिए ले आओ समृद्धि,
कर लेंगे फिर बाद में आबादी की वृद्धि।
आबादी की वृद्धि अपुन के दो ही अच्छे,
अंकुश उन पर होय जहां दर्जन भर बच्चे।
जब सीमित हो आय खिला पाएंगे कितने,
लें हम पहले पाल किये पैदा हैं जितने!

-ओम प्रकाश तिवारी

छत्तीसगढ़ डायरी

# सुरक्षा कैंप से परिवर्तित जनसुविधा केंद्र का उत्सव



सतीश चंद्र श्रीवास्तव
संपादकीय प्रभारी, रायपुर

दिनभर चिलचिलाती धूप और शाम को ओलावृष्टि वाले मौसम में सुशासन तिहार प्रदेश का मुख्य आयोजन बना हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लगातार कार्यक्रमों में भागीदारी कर रहे हैं। कई स्थानों पर तो भरी दोपहरी में पेड़ के नीचे ही जनता से संवाद हो रहा है। सांसद और विधायक भी अपने-अपने क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर रहे हैं। इसी दौरान प्रशासनिक अधिकारियों के कामकाज और व्यवहार के किस्से भी सामने आ रहे हैं। कार्यप्रणाली की समीक्षा भी हो रही है और परीक्षा भी। यद्यपि सोमवार से अगले दो दिनों के लिए इन गतिविधियों पर अल्प विराम लगा है। सभी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मध्य क्षेत्र परिषद के लिए निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा में व्यस्त हैं। इसी दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में पुलिस सुरक्षा कैंपों के जन सुविधा केंद्रों के रूप में परिवर्तन का 'विजय उत्सव' भी शुरू हो जाएगा।

अमित शाह 30 मार्च 2026 को संसद में 'माओवादी हिंसक मुक्त भारत' की घोषणा करने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ आए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान 15 दिनों तक बंगाल में प्रवास कर भाजपा की जीत सुनिश्चित कराने वाले शाह यहां भी लगातार तीन दिनों तक रुकेंगे। समीक्षा बैठक में 19 मई को योगी के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति भी रहेगी। यहीं के नेतानार गांव में विकास की नई कहानी भी शुरू होगी। क्षेत्र में माओवादी हिंसकों और



जांजगीर चांपा जिले में ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए विष्णु देव साय। डीपीआर

उनकी समाप्ति के लिए यहां सुरक्षा कैंप की स्थापना से पहले से ही नेतानार गांव की पहचान आदिवासी शौर्य और जन चेतना के प्रतीक स्वतंत्रता सेनानी वीर गुंडाधुर के गांव के रूप में रही है। बस्तर के सभी 400 सुरक्षा कैंपों के जल्द ही जन सुविधा केंद्रों में परिवर्तन की उम्मीद है, जहां से शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का विस्तार स्थानीय लोगों और प्रशासन के बीच विश्वास की नई कड़ी जोड़ने का काम करेगा।

यह सब तो आने वाले सप्ताह में होना है, परंतु अभी तो चर्चा में सुशासन तिहार के दौरान उभर रहे मामले ही हैं। गांव-गांव में जन प्रतिनिधियों और शीर्ष अधिकारियों के पहुंचने से पता चल रहा है कि उनकी बदनामी निचले स्तर तक पहले ही पहुंची हुई है। कहीं पटवारी या तहसीलदार तो कहीं कृषि या पशुपालन अधिकारी 'ऊपर तक पहुंचाने' के नाम पर हिस्सेदारी वसूल रहे हैं। कमीशन के खेल में स्थानीय नेता भी पीछे नहीं हैं। यही कारण है कि सरल स्वभाव वाले आदिवासी नेता की पहचान वाले कांकेर के सांसद बार-बार भड़क रहे हैं। आपा खो रहे हैं। उनके कार्यक्रम से अधिकारियों को भागकर इज्जत बचानी पड़ रही है। एक कार्यक्रम में तो उन्होंने स्थानीय नेताओं को भी धमका दिया, धंधा पानी और सेटिंग करनी है तो पद छोड़ दो। दो नावों की सवारी नहीं चलेगी। जनता से धोखा, देश से गद्दारी और लोकतंत्र से अन्याय की अनुमति नहीं दी जा सकती।


इसी तरह रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के समक्ष शनिवार को आरंग क्षेत्र में बड़ी समस्या खड़ी हो गई, जब लोगों ने भ्रष्टाचार में उनको मिलने वाली हिस्सेदारी के बारे में प्रश्न खड़े कर दिए। नायब तहसीलदार पर आरोप लगा कि वह उगाही करते समय बताता है कि पैसा ऊपर तक भेजना पड़ता है। उन्होंने मौके पर अधिकारी को बुलाकर पूछा, बताओ किस सांसद या विधायक को कितना पैसा दे रहे हो।

जनता का कार्य ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करने का संदेश देने के लिए 10 जून तक चलने जा रहे इस सुशासन तिहार ने काफी उम्मीद बढ़ा रखी है। वर्ष 2025 के सुशासन तिहार में प्रदेशभर में लगभग 10 लाख शिकायतों में लगभग 70 प्रतिशत का तो मौके पर ही समाधान कर दिया गया था। मुख्यमंत्री साय सहित अन्य मंत्रियों एवं जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सड़क, पंचायत, नल-जय योजना और निर्माण कार्यों में कमीशन मांगने के आरोप भी सामने आ जा रहे हैं। विपक्ष के नेता भी ठेकों और प्रशासनिक फैसलों में भाजपा सरकार के 'कमीशनखोरी में व्यस्त होने' के आरोप लगा रहे हैं।

## शार्ट-टर्म के लिए 50 हजार करोड़ जुटाएगा एफसीआइ

**नई दिल्ली:** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) तीन महीने की अवधि के लिए अनुसूचित बैंकों से 50 हजार करोड़ रुपये का शार्ट-टर्म कर्ज लेने की तैयारी में है। एक अधिकारी ने बताया कि यह राशि अनाज की खरीद और वितरण से पैदा होने वाले कैश फ्लो के असंतुलन को दूर करने के लिए जुटाई जा रही है। अधिकारी ने बताया कि निगम के पास 'ग्रीन शू आप्शन' के तहत अतिरिक्त 25,000 करोड़ रुपये जुटाने का विकल्प भी होगा। (प्रेट्र)

अस्थिर वैश्विक माहौल के बावजूद भारत मजबूत जनसांख्यिकी, डिजिटल बुनियादी ढांचे और सरकार के सहायक उपायों की बदौलत भरोसेमंद आर्थिक विकास देख रहा है।
– एन. चंद्रशेखरन, चेयरमैन, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स



| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,315.04 | ▲ 77.05 | |
| निफ्टी | 23,649.95 | ▲ 6.45 | |
| सोना | प्रति दस ग्राम | ₹ 1,62,800 | बदलाव नहीं |
| चांदी | प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,76,000 | ▲ ₹ 1,000 |
| डालर | | ₹ 96.20 | ▲ ₹ 0.39 |
| क्रूड | प्रति बैरल | $ 110.1 | |

## एक नजर में

### एनएसई में इलेक्ट्रानिक गोल्ड रिसीट्स ट्रेडिंग शुरू

**नई दिल्ली:** नेशनल स्टाक एक्सचेंज (एनएसई) ने सोमवार को कहा कि उसने इलेक्ट्रानिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) में लाइव ट्रेडिंग शुरू कर दी है। यह देश में एक रेग्युलेटेड स्पाट गोल्ड मार्केट बनाने की दिशा में एक कदम है। एक्सचेंज ने कहा कि उसे ईजीआर उत्पादों के लिए बाजार में हिस्सा लेने वालों और पूरे इकोसिस्टम से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। अभी अहमदाबाद और मुंबई में वाल्टिंग और कलेक्शन सेंटर चालू हैं। सोमवार से दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु में चार और सेंटर शुरू कर दिए गए हैं। (प्रेट्र)

### एलआइसी को बोनस शेयर देने के लिए मिली मंजूरी

**मुंबई:** सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआइसी को एलआइसी को अपने शेयरधारकों से एक के बदले एक शेयर आवंटित करने की मंजूरी मिल गई। इन शेयरों का मूल्य 6,352 करोड़ रुपये होगा। यह एलआइसी की ओर से घोषित अब तक का पहला बोनस इश्यू है। इस इश्यू से एलआइसी की चुकता शेयर पूंजी (पेड-अप शेयर कैपिटल) 632 करोड़ से बढ़कर 1,264 करोड़ शेयर हो जाएगी। (आइएएनएस)

### चौथी तिमाही में आइओसी का लाभ 56 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली:** तेल वितरण कंपनी इंडियन आयल कारपोरेशन (आइओसी) ने सोमवार को बताया कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2026) के दौरान उसका शुद्ध लाभ 56 प्रतिशत बढ़कर 11,377.51 करोड़ रुपये रहा है। इसमें मजबूत मार्केटिंग और रिफाइनिंग मार्जिन से मदद मिली है। कंपनी को यह रिकार्ड लाभ तब हुआ है जब मार्च में उसे पेट्रोल, डीजल और एलपीजी को लागत से कम दाम पर बेचने के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ा था। पूरे वित्त वर्ष में कंपनी का लाभ रिकार्ड 36,802 करोड़ रुपये रहा है। अप्रैल-जून 2026 तिमाही में पश्चिम एशिया संकट का पूरा असर देखने को मिलेगा। (प्रेट्र)

# पहली बार 96 के पार जाकर बंद हुआ रुपया


## अमेरिकी डालर के मुकाबले 39 पैसे की गिरावट के साथ 96.20 के स्तर पर पहुंची भारतीय मुद्रा

**मुंबई, प्रेट्र:** भू-राजनीतिक तनाव और डालर में मजबूती के चलते कच्चे तेल की कीमतों के दबाव में भारतीय मुद्रा में गिरावट का दौर जारी है। सोमवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपये में 39 पैसे की बड़ी गिरावट दर्ज की गई और यह 96.20 प्रति डालर के स्तर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के चलते वैश्विक बाजार का माहौल लगातार खराब हो रहा है। इसके अलावा, भारत सहित उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का दबाव बना हुआ है। कीमतों के ऊंचे होने से अमेरिकी डालर का बाहर जाना बढ़ जाता है और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआइआइ) के कारण पहले से ही डालर बाहर जा रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनियम बाजार में सोमवार को रुपये डालर के मुकाबले 96.19 पर खुला। दिनभर का कारोबार के दौरान यह 58 पैसे गिरकर 96.39 के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचा। हालांकि, कारोबारी सत्र के अंत में यह 39 पैसे की गिरावट के साथ 96.20 के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले शुक्रवार को रुपया पहली बार इंट्रा-डे में 96 के पार पहुंचा था। हालांकि, अंत में यह 95.81 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था।

मिरे एसेट शेयरखान के कमोडिटी शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने उम्मीद जताते हुए कहा कि मजबूत डालर और अमेरिकी बांड पर बढ़ते यील्ड के कारण रुपया कमजोरी के साथ ट्रेड करेगा। पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और एफआइआइ के बाहर जाने से भी दबाव पड़ सकता है। हालांकि, आरबीआइ का दखल और सोने-चांदी के आयात पर कुछ पाबंदियां रुपये को सहारा दे सकती हैं।

- अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव से लगातार खराब हो रहा वैश्विक बाजार का माहौल
- विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी के चलते पहले ही बना है भारतीय रुपये पर दबाव




### 110 डालर प्रति बैरल पर पहुंचा ब्रेंट क्रूड

पश्चिम एशिया में जारी तनाव और अमेरिका की ओर से ईरान पर फिर हम हमले किए जाने की खबरों से कच्चे तेल की कीमतें में तेजी जारी है। सोमवार को वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ 110.1 डालर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### विदेशी मुद्रा बचाने के लिए केंद्र सरकार ने उठाए कई कदम

केंद्र सरकार ने हाल ही में विदेशी मुद्रा बचाने के लिए कई कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने, पेट्रोल-डीजल का संयम से इस्तेमाल करने, एक वर्ष तक विदेश यात्रा से बचने और घर से काम (वर्क फ्राम होम) जैसी अपील की गई है। इसके बाद सरकार कीमती धातुओं के आयात पर सीमा शुल्क को छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर चुकी है। साथ ही उच्च गुणवत्ता वाली चांदी के आयात को मुक्त श्रेणी से हटाकर प्रतिबंधित श्रेणी में शामिल किया गया है।

# इंट्रा-डे में 1,100 अंक से ज्यादा गिरने के बाद संभला सेंसेक्स

**मुंबई, प्रेट्र:** पश्चिम एशिया में तनाव के कारण सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों की शुरुआत तेज गिरावट के साथ हुई। हालांकि, आइटी और कुछ प्रमुख शेयरों में खरीदारी के चलते दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त के साथ बंद होने में कामयाब रहे। दिनभर के कारोबार के बाद बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 77.05 अंक बढ़कर 75,315.04 पर बंद हुआ। इंट्रा-डे में यह 1,134.78 अंक गिरकर 74,180.26 के निचले स्तर तक पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी 6.45 अंक की मामूली बढ़त के साथ 23,649.95 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, सन फार्मा, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर बढ़कर बंद हुए। दूसरे ओर, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, एसबीआइ और एनटीपीसी के शेयर गिरकर बंद हुए। बीएसई मिडकैप सेलेक्ट में 0.17 प्रतिशत और स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 1.62 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई में कुल 3,034 शेयरों में गिरावट और 1,264 शेयरों में तेजी दर्ज की हई। 194 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि बाजार में दिन के न्यूनतम स्तरों से रिकवरी देखी गई।

### इंट्रा-डे में दूसरी सबसे मूल्यवान बनी एयरटेल

**नई दिल्ली:** सोमवार को भारती एयरटेल कुछ समय के लिए एचडीएफसी बैंक को पीछे छोड़ते हुए बाजार पूंजीकरण के मामले में दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई। हालांकि, दिन के आखिर में कुल पूंजीकरण रैंकिंग में तीसरे स्थान पर रही। इंट्रा-डे में भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 11.90 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुंचा था।

# अब एनपीएस से मासिक, तिमाही या वार्षिक निकासी का विकल्प

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत रिटायरमेंट के बाद के विकल्पों में बदलाव की घोषणा की है। इसके तहत सब्सक्राइबर अब किस्तों में पैसे निकाल सकते हैं। इससे निवेश का एक हिस्सा धीरे-धीरे कम होता जाएगा। सदस्य 85 वर्ष की उम्र तक अपनी बची हुई रकम किस्तों में निकाल सकेंगे।

पीएफआरडीए ने बताया कि नया ढांचा सब्सक्राइबर्स को एनपीएस के तहत रखे गए एकमुश्त हिस्से से मासिक, तिमाही या वार्षिक निकासी का विकल्प देगा। हाल में लांच की गई इस सेवानिवृत्त आय योजना का उद्देश्य रिटायरमेंट चरण के दौरान नकदी प्रवाह की उपलब्धता में सुधार करना और सब्सक्राइबर के कोष की दीर्घकालिकता सुनिश्चित करना है।

### पीएफआरडीए ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के तहत सेवानिवृत्ति के बाद कोष की निकासी से जुड़े नियमों में किया बदलाव

अभी तक अधिकांश एनपीएस सब्सक्राइबर सेवानिवृत्ति पर अपने कोष का 60 प्रतिशत तक कर-मुक्त एकमुश्त निकाल सकते थे और उन्हें कम से कम 40 प्रतिशत का उपयोग पेंशन उत्पाद खरीदने के लिए करना आवश्यक था।

पीएफआरडीए ने बताया कि सदस्य दो तरीके से निकासी कर सकते हैं। पहले तरीके में सदस्य उम्र और चुने गए समय (अधिकतम 85 वर्ष की उम्र तक) के हिसाब से सिस्टम खुद तय करेगा कि उसे हर महीने कितना पैसा मिलना चाहिए। वहीं, दूसरे तरीके में कुल फंड की यूनिट्स को महीनों के हिसाब से बराबर-बराबर बांट दिया जाएगा।

## अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स व आइएचजी होटल्स में समझौता

**नई दिल्ली, वि.:** अदाणी समूह की कंपनी अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड ने वैश्विक हास्पिटेलिटी कंपनी आइएचजी होटल्स एंड रिजार्ट्स के साथ पांच होटल के विकास के लिए समझौता किया है। यह होटल नवी मुंबी, जयपुर, मेंगलुरु और तिरुवनंतपुरम समेत प्रमुख हवाई अड्डों के आसपास बनाए जाएंगे।

अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग ने बताया कि इस समझौते से विभिन्न ब्रांडों के नेटवर्क में 1,500 कमरे जुड़ेंगे। इसके साथ ही आइएचजी के लक्जरी लाइफ स्टाइल बुटीक ब्रांड, किम्पटन होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स ने भी घरेलू बाजार में कदम रखा है। अदाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक प्रणव अदाणी ने कहा कि आइएचजी के साथ हमारा सहयोग आर्थिक विकास के अनुरूप उच्च-गुणवत्ता वाले हास्पिटेलिटी इन्फ्रा को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# इस वर्ष एक लाख करोड़ डालर निर्यात का लक्ष्य

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में एक लाख करोड़ डालर का निर्यात करने का लक्ष्य रखा गया है और अगले पांच साल में इसको दो लाख करोड़ डालर तक पहुंचाना है। इस लक्ष्य में वस्तु व सेवा दोनों निर्यात शामिल है। गत वित्त वर्ष 2025-26 में वस्तु व सेवा को मिलाकर 863 अरब डालर का निर्यात किया गया। गोयल ने कहा कि 38 देशों के साथ होने वाले मुक्त व्यापार समझौते से भारतीय निर्यात के लिए बड़ा बाजार खुल चुका है।

नई दिल्ली में भारतीय व्यापार महोत्सव पोर्टल के उद्घाटन अवसर पर गोयल ने देश के उद्यमियों से आयात होने वाली वस्तुओं का घरेलू स्तर पर उत्पादन शुरू करने के लिए कहा। उद्यमी वाणिज्य मंत्रालय की साइट पर आयात होने वाली वस्तुओं का अध्ययन कर मैन्यूफैक्चरिंग की अपनी तैयारी कर सकते हैं। मंत्रालय अपनी साइट पर निर्यात के अवसरों को भी दर्शाता है और इसका भी लाभ उठाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न स्थिति का मुकाबला करने के लिए हमें घरेलू वस्तुओं को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। खरीदारी में विदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता देने से हमारे घरेलू उद्योग पर विपरीत असर पड़ेगा।

गोयल ने कहा कि कैपिटल गुड्स के मामले में भारत काफी हद तक आयात पर निर्भर करता है। उन्होंने राजकोट, जालंधर, लुधियाना, पुणे के औद्योगिक क्लस्टर से कैपिटल गुड्स के उत्पादन पर जोर देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि उत्पादन में गुणवत्ता का ध्यान रख कर ही भारतीय वस्तु वैश्विक कारोबार में अपनी पहचान और जगह बना सकती है। अब सिर्फ एसेंबलिंग करने से काम नहीं चलेगा।



नई दिल्ली में सोमवार को भारत व्यापार महोत्सव पोर्टल की लांचिंग के अवसर पर बोलते केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ● एएनआइ

- वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय व्यापार महोत्सव पोर्टल का किया उद्घाटन
- उद्यमियों से आयात होने वाली वस्तुओं का उत्पादन शुरू करने का आग्रह

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## चार वर्ष में 2.6 गुना बढ़ा क्रेडिट कार्ड लेनदेन

**मुंबई, प्रेट्र:** आरबीआइ ने सोमवार को बताया कि देश में कैलेंडर वर्ष 2021 और 2025 के बीच क्रेडिट कार्ड के जरिये लेनदेन 2.6 गुना से ज्यादा बढ़ो हैं। इस दौरान प्राइवेट सेक्टर के बैंकों ने इस सेगमेंट में अपनी बाजार हिस्सेदारी और बढ़ाने के साथ अपनी पकड़ मजबूत की।

आरबीआइ की पेमेंट सिस्टम रिपोर्ट, दिसंबर 2025 के अनुसार, क्रेडिट कार्ड लेनदेन की संख्या 2021 में 216 करोड़ थी जो कैलेंडर वर्ष 2025 में बढ़कर 570 करोड़ हो गई। इसी दौरान लेनदेन का मूल्य 8.9 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 23.2 लाख करोड़ रुपये हो गई। इसमें वार्षिक आधार पर करीब 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

दूसरी ओर, डेबिट कार्ड के जरिये लेनदेन की संख्या 2021 की 408.7 करोड़ से घटकर 2025 में 133.6 करोड़ रही है। इस दौरान लेनदेन का मूल्य 7.4 लाख करोड़ रुपये से घटकर 4.5 लाख करोड़ रुपये रहा है।

## राष्ट्रीय फलक

# ईडी ने इकबाल मिर्ची और परिजनों से जुड़ी 700 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** ईडी ने गैंगस्टर इकबाल मिर्ची और उसके परिवार के सदस्यों से जुड़े एक मामले में 700.27 करोड़ रुपये की संपत्ति को जब्त कर लिया है। वर्ली में जब्त संपत्तियों (राबिया मेंशन, मरियम लाज और सी व्यू) का मूल्य 497 करोड़ रुपये आंका गया है, जबकि दुबई में लगभग 203.27 करोड़ रुपये की संपत्तियों को जब्त किया गया है। दाऊद इब्राहिम का करीबी सहयोगी और 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में आरोपित माने जाने वाले मिर्ची की 14 अगस्त 2013 को लंदन में मौत हो गई थी।

यह कार्रवाई मुंबई पुलिस द्वारा इकबाल मोहम्मद मेमन उर्फ इकबाल मिर्ची के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई कई एफआइआर के आधार पर की गई है। एजेंसी ने आरोप लगाया कि मिर्ची संगठित आपराधिक गतिविधियों में शामिल था। इनमें नशीले पदार्थों की तस्करी, जबरन वसूली और अवैध हथियारों से जुड़ी गतिविधियां शामिल थीं। जांच में पता चला है कि इन गतिविधियों से कमाए गए अपराध के पैसों को छिपाने के लिए कथित तौर पर भारत और विदेश में परिवार के सदस्यों, सहयोगियों और मिर्ची द्वारा नियंत्रित संस्थाओं के नाम पर संपत्तियां खरीदी गईं। ईडी ने कहा कि जांच में पता चला कि सर मोहम्मद यूसुफ ट्रस्ट से संबंधित वर्ली की संपत्तियां 1986 में राकसाइड एंटरप्राइजेज के माध्यम से 6.5 लाख रुपये में खरीदी गई थीं, और कागजों पर ये संपत्तियां ट्रस्ट के नाम पर ही बनी रहने के बावजूद, इनका वास्तविक स्वामित्व और नियंत्रण कथित तौर पर मिर्ची और उसके परिवार के पास ही रहा।

- कार्रवाई विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एफआइआर के आधार पर की गई
- पैसों को छिपाने के लिए स्वजन, ट्रस्ट के नाम पर मिर्ची ने खरीदी थीं संपत्तियां

# उत्तर प्रदेश में बनेगा पंचायत चुनाव के लिए समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ**

उप्र सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण को लेकर 'उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग' के गठन को स्वीकृति दे दी है। यह आयोग पंचायतों में ओबीसी आरक्षण की प्रकृति, प्रभाव और वर्तमान सामाजिक स्थिति का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट देगा, जिसके आधार पर पंचायत स्तर पर आरक्षण का निर्धारण किया जाएगा। हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश पांच सदस्यीय आयोग के अध्यक्ष होंगे। आयोग का कार्यकाल नियुक्ति की तिथि से छह माह होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को उनके आवास पर हुई कैबिनेट की बैठक में 12 प्रस्ताव स्वीकृत हुए हैं। सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव पंचायत चुनाव में ओबीसी का आरक्षण तय करने के लिए समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग गठित करने से संबंधित है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि आयोग का उद्देश्य ग्रामीण निकायों में पिछड़े वर्गों की वास्तविक स्थिति का समकालीन व अनुभवजन्य अध्ययन कर पंचायतवार आनुपातिक आरक्षण सुनिश्चित करना है। आयोग पंचायत चुनावों में आरक्षण व्यवस्था को संवैधानिक कसौटी पर परखते हुए वैज्ञानिक आधार उपलब्ध कराएगा।

प्रदेश में वर्तमान में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत स्तर पर आरक्षण की व्यवस्था उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 तथा उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत अधिनियम, 1961 के तहत लागू है। इन अधिनियमों के अंतर्गत पंचायतों में अध्यक्ष और सदस्य पदों के आरक्षण व आवंटन के लिए अलग-अलग नियमावलियां भी प्रभावी हैं। इनमें 'उत्तर प्रदेश पंचायत राज (स्थानों और पदों का आरक्षण एवं आवंटन) नियमावली, 1994' तथा 'उत्तर प्रदेश क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत (स्थानों और पदों का आरक्षण एवं आवंटन) नियमावली, 1994' शामिल हैं।

- योगी कैबिनेट ने पांच सदस्यीय आयोग के गठन को दी स्वीकृति



योगी आदित्यनाथ

आयोग पंचायत चुनाव के लिए तय करेगा ओबीसी का आरक्षण

# वकीलों ने दी दलील, अमेरिकी प्रतिभूति कानूनों का दायरा यहां लागू नहीं होता

प्रथम पृष्ठ से आगे

अदाणी पक्ष की ओर से अमेरिका की कई बड़ी कानूनी फर्मों ने अदालत में दलील दी थी कि मामला पूरी तरह भारत से जुड़ा है और अमेरिकी प्रतिभूति कानूनों का दायरा यहां लागू नहीं होता। बचाव पक्ष ने यह भी कहा कि निवेशकों को कोई नुकसान नहीं हुआ और सभी वित्तीय दायित्व समय पर पूरे किए गए।

पिछले कुछ दिनों में अदाणी समूह से जुड़े अन्य अमेरिकी मामलों का भी निपटारा हुआ है। अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) ने निवेशकों को दी गई जानकारी से जुड़े सिविल आरोपों का समझौते के जरिए निपटारा किया।

इसके तहत उद्योगपति गौतम अदाणी ने 60 लाख डालर और सागर अदाणी ने 1.20 करोड़ डालर देने पर सहमति जताई। हालांकि, दोनों ने किसी भी आरोप को स्वीकार नहीं किया।

### एसईसी और ईरान प्रतिबंध उल्लंघन से जुड़े मामले भी समझौते के बाद निपटे

इसके अलावा, अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के आफिस आफ फारेन एसेट्स कंट्रोल (ओएफएसी) ने ईरान से एलपीजी आयात से जुड़े प्रतिबंध उल्लंघन मामले को भी बंद कर दिया। अदाणी एंटरप्राइजेज ने 27.5 करोड़ डालर के भुगतान और जांच में सहयोग के बाद समझौता किया। कंपनी ने कहा कि यह समझौता बिना किसी गलती को स्वीकार किए किया गया है।

## आरबीआइ ने इटावा के नगर सहकारी बैंक पर लगाए अंकुश

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** आरबीआइ ने निगरानी संबंधी चिंताओं के मद्देनजर इटावा स्थित नगर सहकारी बैंक लिमिटेड पर कई अंकुश लगा दिए हैं। केंद्रीय बैंक ने इस संबंध में सोमवार को निर्देश जारी किए। ये निर्देश छह महीने तक लागू रहेंगे। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि इन निर्देशों को बैंकिंग लाइसेंस रद किए जाने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। बैंक की वित्तीय स्थिति में सुधार होने तक वह निर्धारित अंकुशों के अधीन बैंकिंग कारोबार जारी रख सकेगा। आरबीआइ ने कहा कि नगर सहकारी बैंक आरबीआइ की लिखित पूर्व स्वीकृति के बिना लोन नहीं दे सकेगा, जमा भी स्वीकार नहीं कर सकेगा। बैंक न तो कोई नया समझौता कर सकता है और न ही अपनी किसी संपत्ति को बेच सकता है। हालांकि बैंक कर्मचारियों के वेतन, किराया और बिजली बिल जैसे आवश्यक मदों पर खर्च कर सकेगा।

# 'धार्मिक भावनाओं को आहत कर सकता है गंगा में मांसाहार के अवशेष फेंकना'

**जागरण संवाददाता, प्रयागराज**

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने वाराणसी में पवित्र गंगा नदी में इफ्तार के दौरान मांस खाने के बाद हड्डियां व कचरा नदी में फेंकने वाले छह अन्य आरोपितों की भी जमानत मंजूर कर ली है।

इससे पहले 15 मई को न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ल ने पांच और न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा की पीठ ने तीन आरोपितों की जमानत मंजूर की थी। तब हाई कोर्ट ने कहा था कि गंगा सिर्फ हिंदुओं की ही नहीं बल्कि पूरे देश की आस्था का प्रतीक हैं। इसमें मांसाहार के अवशेष फेंकना हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत कर सकता है।

न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ल की पीठ ने कहा कि इसी मामले में आठ अन्य आरोपितों को पहले ही ज़मानत मिल चुकी है। इसलिए मौजूदा आवेदक भी उन्हीं शर्तों पर ज़मानत पाने के हकदार हैं। आरोपितों के हलफनामे के पैरा 14 में किए गए कथन दर्शाते हैं कि वे अपने कृत्यों के लिए खेद व्यक्त कर रहे हैं और उनके परिवारों को भी समाज को हुई पीड़ा पर खेद है।

अपर महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी की इस आशंका पर कि इफ्तार पार्टी का आयोजन, वीडियो का अपलोड होना और धार्मिक विद्वेष पैदा करने के लिए उसका इस्तेमाल बड़ी साजिश का हिस्सा है, कोर्ट ने कहा कि आरोपितों को जेल में आगे हिरासत में रखे बिना भी जांच जारी रह सकती है।

गत 17 मार्च से जेल में बंद आरोपितों ने खेद व्यक्त किया है और भविष्य में ऐसा कोई कृत्य न करने का वचन भी दिया है। मामले के तथ्यों व परिस्थितियों, आरोपितों की आपराधिक पृष्ठभूमि न होने, पहले से भुगती गई हिरासत की अवधि और उनके द्वारा मांगी गई माफी को ध्यान में रखते हुए प्रथम दृष्टया जमानत का मामला बनता है।

## मार्कशीट व फर्जी डिग्री गिरोह का सरगना और उसका साथी गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** फर्जी मार्कशीट, डिग्री व माइग्रेशन सर्टिफिकेट बनवाकर बेचने वाले सरगना डा. मनीष कुमार व उन्नाव के उसके साथी अर्जुन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस छह आरोपितों को पहले ही जेल भेज चुकी है।

गिरोह कई राज्यों में सक्रिय होकर बिना परीक्षा दिलाए ही डिग्रियां बना व बेचकर लोगों से रुपये वसूलता था। गिरोह ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय की फर्जी माइग्रेशन बुकलेट व डिप्टी रजिस्ट्रार की नकली मुहर तैयार कर 80 फर्जी माइग्रेशन सर्टिफिकेट जारी किए। लिंग्याज विद्यापीठ, ग्लोबल यूनिवर्सिटी, हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय समेत कई संस्थानों के नाम पर तैयार की फर्जी डिग्रियां व मार्कशीट भी मिली हैं। अब डा. मनीष इंदौर के संजय पंजानी को सरगना बता रहा है।

# पिता संग जाने की जिद कर रहे बच्चे को भी भेजना पड़ा जेल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन**

मध्य प्रदेश में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां उज्जैन में महिला की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने पति को गिरफ्तार किया था। इसके बाद जिला सत्र न्यायायल ने आरोपित को जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए। आरोपित के साथ उसका चार साल का बालक भी मौजूद था। वह पिता के साथ जाने की जिद पर अड़ गया था। बह कोर्ट में बार-बार कहने लगा कि मैं पापा के साथ जाऊंगा। बच्चे की भावनाओं को देखते हुए न्यायाधीश ने उसे पिता के साथ भेजने के निर्देश दिए। साथ ही जेल प्रशासन को बच्चे की पूरी देखभाल सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए। अब मासूम अपने पिता के साथ केंद्रीय भैरवगढ़ जेल में रह रहा है।

बता दें कि महिला ने करीब एक माह पूर्व फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले की जांच के बाद पुलिस ने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान चार साल का बेटा भी अपने पिता के साथ था। पुलिस बच्चे को भी कोर्ट लेकर पहुंची थी। सुनवाई के दौरान बच्चे के नाना-नानी ने उसे अपने साथ रखने की इच्छा जताई थी, मगर कोर्ट में बच्चा लगातार अपने पिता के साथ रहने की जिद करता रहा। उसने साफ तौर पर नाना-नानी के साथ जाने से इन्कार कर दिया था। मासूम की बात सुनकर अदालत ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बच्चे को उसके पिता के साथ भेजने का फैसला सुनाया।

- उज्जैन में पत्नी की आत्महत्या मामले में पुलिस ने आरोपित को किया गिरफ्तार
- मासूम ने पिता संग जाने की जिद की तो कोर्ट ने दी संग रहने की अनुमति

## महाराष्ट्र में ढोंगी बाबा ने महिला और उसके मित्र को उतारा मौत के घाट

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● मुंबई:** महाराष्ट्र के धुले जिले में तंत्र-मंत्र की आड़ में एक ढोंगी बाबा ने महिला और उसके मित्र को मौत के घाट उतार दिया। आरोपित ढोंगी बाबा को गिरफ्तार कर लिया गया है। योगेश उर्फ भैया बापू खैरनार अपने आश्रम में तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक का ढोंग रचाया करता था। इसी अंधविश्वास के जाल में फंसकर जयश्री रजनीकांत काकुस्ते नामक महिला अपने एक पुरुष मित्र अक्षय गंगाधर सोनावणे के साथ उसके पास पहुंची थी। ढोंगी ने महिला को शनि अमावस्या की रात अपने आश्रम में बुलाया था। तंत्र-मंत्र के दौरान ही जयश्री के मित्र अक्षय को उलटियां होने लगीं। आरोपित ने जयश्री से कहा कि वह उसे घर छोड़ देगा। वह जयश्री को लेकर बाइक से निकला और एक सुनसान जगह पर अभद्रता करने लगा। जयश्री द्वारा विरोध जताने और सहायता के लिए शोर मचाने पर उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

# Get Exclusive Access to My Private Channel

## ✅One-Time Entry Fee Only. No Monthly Fees. Lifetime Validity.

♦️ **Indian Newspaper**

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) Financial Express
7) Live Mint
8) Hindustan Times
9) Business Standard

♦️ **International Newspapers channel** [Europian, American, Gulf & Asia]

♦️ **Magazine Channel**
National & International [Genaral & Exam related]

♦️ **English & Hindi Editorials**
[National + International Editorials]

**Click here to join**